WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक नव प्रदेश

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | कारोबार

रायपुर, सोमवार, 15 दिसंबर 2025 कृष्ण पक्ष- दशमी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-14 अंक- 297 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

नए विधानसभा भवन में पहला शीतकालीन सत्र

वित्तमंत्री ओपी ने विधानसभा में रखा छत्तीसगढ़ 'विजन-2047' का रोडमैप

चंद्राकर बोले-उद्योग नीति में छत्तीसगढ़ की झलक नहीं

शीतकालीन सत्र दो दिन बढ़ा अब 19 दिसंबर तक

हेमन्त धोटे

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन नए विधानसभा भवन में विजन 2047 पर चर्चा हुई, लेकिन कांग्रेस ने पहले दिन सत्र का बहिष्कार किया। इस पर वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि कांग्रेस डूबती हुई नाव है। इस नाव का डूबना तय है, इसलिए सत्ता पक्ष और भारतीय जनता पार्टी पूरी जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ रही है। वहीं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि अंजोर विजन-2047 की सकारात्मक चर्चा में विपक्ष की गैरमौजूदगी को दुर्भाग्यपूर्ण है। सत्र के पहले ही दिन बहिष्कार कर कांग्रेस ने यह स्पष्ट कर दिया है कि उसे छत्तीसगढ़ के भविष्य और विकास को लेकर कोई गंभीर सोच नहीं है। छत्तीसगढ़ विधानसभा का शीतकालीन सत्र 19 दिसंबर तक बढ़ाया गया है। इसके पहले विधानसभा का वर्तमान सत्र 17 दिसंबर को शेष पृष्ठ 6 पर

भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

वहीं वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि विजन 2047 विकसित छत्तीसगढ़ की दिशा में एक ठोस रोडमैप है, जिसे समाज के हर वर्ग से मिले सुझावों के आधार पर तैयार किया गया है। उन्होंने बताया कि करीब एक लाख लोगों की सलाह इस विजन में शामिल की गई है। चौधरी ने कहा कि भारत युवा आबादी वाला देश है और आगे बढ़ने के लिए स्पष्ट विजन होना जरूरी है। उन्होंने कहा आज भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। 2047 तक शेष पृष्ठ 6 पर

कार्य मंत्रणा समिति की बैठक: विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन ने कहा सदन की गरिमा बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी

रायपुर स्थित विधानसभा के समिति कक्ष में आज कार्य मंत्रणा समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने की। बैठक में विधानसभा के आगामी कार्य संचालन, सदन की कार्यवाही की रूपरेखा और विधायी कार्यों के सुचारु संचालन से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप सहित कार्य मंत्रणा समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। इस दौरान सदन में प्रस्तावित विधायी कार्य, प्रश्नकाल, ध्यानाकर्षण और अन्य संसदीय प्रक्रियाओं शेष पृष्ठ 6 पर

आज सदन में हंगामे के आसार

दूसरे दिन यानी 15 दिसंबर को सदन में लॉ एंड ऑर्डर, धान, बिजली, जमीन दर से मुद्दों पर हंगामे के आसार है। शीतकालीन सत्र में विधायकों ने 628 सवाल लगाए हैं। मंत्रियों को इन सवालों के जवाब देने होंगे। इस सत्र में सबसे अहम मुद्दा धर्मांतरण का होगा। जानकारी के अनुसार सरकार धर्मांतरण-संशोधन विधेयक ला सकती है।

चंद्राकर ने विजन डाक्यूमेंट्स के लिए सीएम और वित्त मंत्री को बधाई दी

वहीं पूर्व मंत्री और भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि विधानसभा में आज नई प्रक्रिया की शुरुआत हुई। बहस और चर्चा किस मुद्दे पर करनी है? इसका सवाल-जवाब कैसे होगा? तय होना चाहिए। विजन डॉक्यूमेंट के लिए सीएम और वित्त मंत्री को बधाई। उन्होंने पूछा कि 2047 के विजन की नींव क्या है और समग्र परिवर्तन में अब तक क्या गलतियां हुईं, यह सामने आना चाहिए। नवा अंजोर दस्तावेज में केवल शिक्षा और स्वास्थ्य पर ही फोकस है। चंद्राकर ने कहा कि उद्योग नीति में छत्तीसगढ़ की झलक नहीं है। अजय ने कहा कि उद्योग नीति में मेक इन छत्तीसगढ़ का ध्यान नहीं रखा गया है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि राइस मिल की हालत खराब है। खाद्य मंत्री चाहे तो स्वतंत्र बहस कर सकते हैं।

नवा अंजोर 'विजन 2047' की महत्वपूर्ण बातें

- नवा अंजोर 'विजन 20470 विकसित छत्तीसगढ़ के लिए ठोस रोडमैप।
- समाज के हर वर्ग से सुझाव लेकर विजन तैयार, करीब 1 लाख लोगों की सलाह शामिल।
- भारत युवा आबादी वाला देश, आगे बढ़ने के लिए स्पष्ट विजन जरूरी।
- भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था, 2047 तक 64 ट्रिलियन डॉलर का लक्ष्य।
- 2047 तक वर्तमान पीढ़ी के लिए विकास के बड़े अवसर।
- छत्तीसगढ़ के समग्र विकास के लिए अलग विजन तैयार।
- महंगाई, गरीबी और बेरोजगारी कम करने पर फोकस।
- शिशु मृत्यु दर में सुधार का लक्ष्य।
- कृषि, उद्योग और सेवा क्षेत्र की विकास दर बढ़ाने की योजना।
- राज्य में राष्ट्रीय स्तर के संस्थानों की स्थापना का प्रस्ताव।
- रोजगार सृजन पर आधारित नीतियां लागू करने की तैयारी।

कांग्रेस ने पहले दिन के सत्र का किया बहिष्कार, सरकार को घेरने की तैयारी में विपक्ष

छत्तीसगढ विधानसभा का शीतकालीन सत्र नवीन विधानसभा भवन में शुरू हुआ। 17 दिसंबर तक चलने वाले सत्र में कुल चार बैठकें होंगी।शीतकालीन सत्र को लेकर विपक्ष की तैयारी पूरी कर ली है। वहीं पहले दिन होने वाली विजन 2047 की चर्चा का कांग्रेस ने सत्र के पहले दिन की कार्यवाही का बहिष्कार किया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, कांग्रेस विधायक दल की बैठक में पहले दिन की कार्यवाही का बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया है। वहीं सत्र में विपक्ष बिजली बिल, बढ़ती महँगाई, क़ानून व्यवस्था कैसे मुद्दों को लेकर सरकार को घेरने की तैयारी में है।

विपक्ष के सवालों के जवाब देने की तैयारी: शीतकालीन सत्र के शुरू होने से पहले रविवार रात्रि में मुख्यमंत्री निवास में भाजपा विधायक दल की बैठक होगी। इस दौरान शीतकालीन सत्र की तैयारियों पर चर्चा की जाएगी। वहीं सत्तापक्ष ने विपक्ष के सवालों का जवाब देने की तैयारी भी पूरी कर ली है, शेष पृष्ठ 6 पर

आज बेबाक

बंगाल की मुख्यमंत्री और टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी एसआईआर से इस कदर बौखलाई हुई हैं कि अब वे लोगों को हिंसा के लिए उकसाने से भी बाज नहीं आ रही है। उन्होंने महिलाओं से आव्हान किया है कि यदि बीएलओ आपके घर आये और मतदाता सूची से नाम हटाये तो घर की रसोई में रखें औजारों का उपयोग करें। यह सीधे-सीधे हिंसा के लिए भड़काने का मामला बनता है। इसके लिए ममता बनर्जी के खिलाफ तत्काल कड़ी कार्यवाही की जानी चाहिए। इसके पहले की पानी सिर से ऊंचा हो बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू किया जाना चाहिए।

एआई क्षेत्र में दुनिया का तीसरा सबसे प्रतिस्पर्धी देश बना : रिपोर्ट

नई दिल्ली (आईएएनएस)। भारत ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के क्षेत्र में दुनिया में तीसरा सबसे मजबूत और प्रतिस्पर्धी देश बनने का स्थान हासिल किया है। यह जानकारी स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी की ग्लोबल एआई वाइब्रेंसी टूल रिपोर्ट में दी गई है। इस रैंकिंग से पता चलता है कि भारत का तेजी से बढ़ता टेक्नोलॉजी क्षेत्र और यहां के कुशल लोग शेष पृष्ठ 6 पर

नितिन नबीन बनाए गए भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष

■ **बिहार सरकार में हैं मंत्री**

नई दिल्ली(वार्ता)। भारतीय जनता पार्टी के संसदीय बोर्ड ने बिहार सरकार में मंत्री नितिन नबीन को पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। पार्टी की ओर से जारी आदेश के अनुसार यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगा। ऐसे में जेपी नड्डा के बाद अब पार्टी की जिम्मेदारी नितिन नबीन ही संभालेंगे। पार्टी की ओर से इस नियुक्ति को बिहार के साथ-साथ राष्ट्रीय राजनीति में भाजपा की रणनीतिक मजबूती के तौर पर देखा जा रहा है।

पांच बार के विधायक और बिहार सरकार में मंत्री नितिन नबीन पांच बार के विधायक हैं। मौजूदा वक्त में वह पटना की बांकीपुर विधानसभा सीट से विधायक हैं। बांकीपुर से इस बार नितिन नबीन पांचवीं बार विधायक बने हैं। नबीन छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रभारी भी हैं। बिहार सरकार में मंत्री नितिन नबीन कायस्थ समुदाय से आते हैं। 45 साल के नबीन सड़क निर्माण मंत्री हैं। इसी के साथ वह भाजपा नेता किशोर सिन्हा के बेटे हैं।

पीएम मोदी, सीएम साय सहित केन्द्रीय मंत्रियों ने दी बधाई

भारतीय जनता पार्टी ने नितिन नबीन को पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,सीएम विष्णुदेव साय ने नितिन नबीन को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर बधाई दी। गृह मंत्री अमित शाह ने भी नितिन नबीन को बधाई दी है रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पर लिखा कि बिहार की धरती से आने वाले युवा और ऊर्जावान नेता नितिन नबीन को शेष पृष्ठ 6 पर

संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने सूडान में शांति मिशन के बेस पर ड्रोन हमलों की निंदा की

संयुक्त राष्ट्र (आईएएनएस)। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने शनिवार को सूडान के काडुगली शहर में संयुक्त राष्ट्र के शांति मिशन के लॉजिस्टिक्स बेस पर हुए ड्रोन हमले की कड़ी निंदा की है। यूएन प्रमुख ने बताया कि इस हमले में छह शांति सैनिकों की मौत हो गई और आठ घायल हुए। सभी मृतक और घायल बांग्लादेश के शांति सैनिक थे, जो अबेई क्षेत्र में संयुक्त राष्ट्र की अंतरिम सुरक्षा बल के तहत तैनात थे। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, महासचिव गुटेरेस ने बांग्लादेश सरकार, वहां की जनता और शहीद शांति सैनिकों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना जताई। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना भी की।

उन्होंने कहा, 'संयुक्त राष्ट्र के शांति सैनिकों को निशाना बनाने वाले हमले को अंतरराष्ट्रीय शेष पृष्ठ 6 पर

सिडनी में यहूदी समारोह के दौरान गोलीबारी

तेल अवीव (आईएएनएस)। यहूदियों के आठ दिवसीय पर्व हनुक्का के पहले दिन सिडनी स्थित बोंडी बीच पर हुए हमलों में कई बेगुनाहों के मारे जाने की खबर है। इस हमले पर इजरायल के विदेश मंत्री गिदोन सार ने नाराजगी जताई है। उन्होंने एक्स पोस्ट के जरिए अपना गुस्सा जाहिर किया। दावा किया कि ऑस्ट्रेलिया को यहूदियों पर हमलों की आशंका थी, जिसे नजरअंदाज किया गया। उन्होंने हैरानी जताते हुए कैनबरा पर यहूदी-विरोध से निपटने के लिए पर्याप्त कदम न उठाने का आरोप लगाया है। सार ने हिब्रू में नहीं बल्कि अंग्रेजी भाषा में पोस्ट लिखा। कहा, मैं ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में हनुक्का कार्यक्रम में हुई गोलीबारी से हैरान हूं। ये पिछले दो सालों में ऑस्ट्रेलिया की सड़कों पर यहूदी-विरोधी हिंसा के नतीजे हैं, जिसमें 'इंतिफादा को ग्लोबलाइज करो0 जैसे यहूदी-विरोधी और भड़काऊ नारे लगाए गए, जो आज सच हो गए। ऑस्ट्रेलियाई सरकार, जिसे अनगिनत चेतावनी संकेत मिले थे, उसे होश में आना चाहिए। वहीं, इजरायली राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन ग्विर के मुताबिक ये अलग फिलिस्तीन राष्ट्र की मांग का परिणाम है। उनके मुताबिक बोंडी बीच पर हनुक्का पार्टी में हुई मास शूटिंग के लिए ऑस्ट्रेलियाई सरकार का फिलिस्तीन को अलग राष्ट्र के रूप में मान्यता देने का फैसला जिम्मेदार है।

गरमा-गरम

सिंहावलोकन 2025 | देश के राजनीतिक परिदृश्य से 2025 काफी अहम रहा

राजनीतिक उथल-पुथल का साल, वक्फ से लेकर वंदे मातरम तक उठे सवाल

नई दिल्ली (आईएएनएस)। साल 2025 अपने समापन के नजदीक है। देश के राजनीतिक परिदृश्य से यह साल काफी अहम रहा। पक्ष और विपक्ष के बीच कई मुद्दों के बीच विवाद देखा गया। कई बड़े विवादों ने सत्ता, विपक्ष और जनता के बीच तनाव बढ़ाया। इनमें अंतरराष्ट्रीय तनाव से लेकर घरेलू चुनावी मुद्दे, कानूनी सुधार और सामाजिक मामले शामिल रहे। हम ऐसे ही कई मुद्दों को जानने की कोशिश करते हैं। भारतीय राजनीति में वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 को लेकर बड़ा विवाद रहा। यह कानून मुस्लिम धार्मिक संपत्तियों के प्रबंधन को

बदलने के लिए लाया गया था, लेकिन इसे मुस्लिम समुदाय के अधिकारों पर हमला बताया गया। विपक्षी पार्टियों और मुस्लिम संगठनों ने इसे असंवैधानिक करार दिया, जबकि सरकार ने इसे पारदर्शिता बढ़ाने का कदम कहा। इस विवाद ने संसद से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक हलचल मचा दी।

ऑपरेशन सिंदूर सबसे बड़ी हाइलाइट

इस साल ऑपरेशन सिंदूर सबसे बड़ी हाइलाइट रहा। अप्रैल में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में 25 से ज्यादा पर्यटक मारे गए थे। भारत ने पाकिस्तान पर आतंकवाद को समर्थन देने का आरोप लगाया। इसके जवाब में मई में भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर चलाया, जिसमें पाकिस्तानी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए गए। दोनों देशों ने ड्रोन युद्ध किया, भारत ने सिंधु जल संधि निलंबित की और व्यापार रोका। यह साल का सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय विवाद रहा, जिसने दोनों देशों के बीच तनाव बहुत बढ़ा दिया। राजनीतिक परिप्रेक्ष्य में भी इसका असर देखने को मिला। विपक्ष ने जहां आतंकी हमले के खिलाफ कार्रवाई पर सरकार के साथ खड़े रहने का रुख दिखाया तो वहीं केंद्र सरकार अमेरिका के दबाव में झुकने का भी आरोप लगाया।

वोट चोरी का आरोप लगाया : साल 2025 में एक और बड़ा मुद्दा चुनाव की निष्पक्षता को लेकर रहा। विपक्ष ने जहां सरकार पर वोट चोरी का आरोप लगाया तो, एनडीए नेताओं ने भी इसका जवाब दिया। शेष पृष्ठ 6 पर

हमने भाजपा की विचारधारा को खत्म करने की ली है शपथ

■ **मल्लिकार्जुन खड़गे की जनता से साथ देने की अपील**

नई दिल्ली (आईएएनएस)। दिल्ली में आयोजित कांग्रेस की रैली के मच पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े, प्रियंका गांधी, सोनिया गांधी और राहुल गांधी मौजूद रहे। रैली में मल्लिकार्जुन खडग़े ने केंद्र सरकार, भाजपा और पीएम मोदी पर जुबानी हमला बोला। रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े ने कहा कि मैं आपको बताना चाहता हूं कि राहुल गांधी देश और इस देश के लोगों के लिए लड़ रहे हैं। उस लड़ाई को मजबूत करना हम सबकी जिम्मेदारी है। अगर आप उन विचारों को मजबूत नहीं करेंगे, तो यह आपका और देश का नुकसान होगा। शेष पृष्ठ 6 पर

प्रदेश के लोगों के लिए आज तक नहीं बनी कोई नीति

मेड इन छत्तीसगढ़ का नामोनिशान नहीं: अजय चंद्राकर

हेमन्त धोटे

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ विधानसभा का शीतकालीन सत्र नवीन विधानसभा भवन में रविवार से शुरू हो गई है। सत्र के पहले दिन सदन में विजन 2047 को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान विधायक अजय चंद्राकर ने विजन 2047 पर सवाल उठाते हुए सरकार को जमकर घेरा। जिसके बाद उनके सवालों से मंत्री श्यामबिहारी जयसवाल ने नाराजगी जताई।

इस दौरान सदन में गहमागहमी की स्थिति बन गई। अंजोर विजन 2047 पर अजय चंद्राकर ने कहा- आपने विजन डॉक्यूमेंट में गरीबी उन्मूलन और रोजगार की परिभाषा को स्पष्ट नहीं किया है। 1.25 लाख हेक्टेयर कृषि जमीन कम हो गई है, सिंचाई का क्षेत्र भी कम हो गया, कैसे कम हो गया। सतह जल के लिए आपकी कोई नीति नहीं है। उद्योग नीति पर विधायक अजय चंद्राकर ने कहा- प्रदेश में 97% लोग अनस्किल्ड हैं, 3% लोग स्किल्ड हैं। उद्योग नीति लागू करने बनाए या संशोधन करने बनाया गया है।

प्रदेश के लोगों के लिए नहीं बनी कोई नीति: चंद्राकर

चंद्राकर ने कहा- हर 10-15 दिन में कोई न कोई संशोधन कर दिया जाता है। मेक इन छग, मेड इन छग कहां पर हो रहा है। छग में कौन से सेक्टर से मेड इन छग को चिन्हांकित कर सकते हैं। कुटीर उद्योगों को कौन सी नीति के तहत काम देते हैं। छग में नई अवधारणा बनाने काफी पोटेंशियल है। छग के लोगों के लिए आज तक कोई नीति नहीं बनी।

आपस में भिड़े श्यामबिहारी जायसवाल और अजय चंद्राकर: चर्चा के दौरान मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल अजय चंद्राकर की बातों से मंत्री नाराज हो गए हैं। उन्होंने सदन में खड़े होकर स्पीकर डॉ. रमन सिंह से आपत्ति जताई है। व्यक्तिगत आरोप लगाने पर नाराजगी जताई है। अजय चंद्राकर ने कहा- मुझे सदन का नियम मत सिखाओ। इस पर श्यामबिहारी जायसवाल ने कहा- मैं भी दूसरी बार का विधायक हूं। आरोप लगाने वाले अंश को विलोपित किया जाए।

बहिष्कार करने वालों का जनता ने बहिष्कार किया

वित्तमंत्री ओपी चौधरी 2047 पर संबोधित कर रहे हैं। उन्होंने कहा- सेंट्रल विस्टा के शुभारंभ का भी विपक्ष ने बहिष्कार किया था। आज भी नए विधानसभा के पहले दिन विपक्ष बहिष्कार कर रहा है। इसलिए जनता ने कांग्रेस का बहिष्कार कर दिया है। विजन 2047 छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा का दस्तावेज है।

छत्तीसगढ़ के विकास के लिए विजन तैयार

आज देश की अर्थव्यवस्था तीसरे नंबर पर पहुंच गई है। भारत की अर्थव्यवस्था 2047 में 64 ट्रिलियन डॉलर होगी। आज जो पीढ़ी है उसके बाद विकास का बड़ा अवसर होगा। छत्तीसगढ़ के लिए भी हमनें विकास का विजन तैयार किया है। वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने कहा- दुनिया में भारत ऐसा देश है जिसकी आबादी युवा है। विपक्ष विजन 2047 पर सवाल उठाने का काम करता है। आगे बढ़ने के लक्ष्य के लिए विजन होना आवश्यक है।

25 वर्षों की यात्रा में शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी छलांग

वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने कहा- छत्तीसगढ़ के 25 वर्षों की यात्रा में एजुकेशन में बड़ी छलांग लगाई है। साल 2000 में राज्य निर्माण हुआ तब प्रदेश में एक भी राष्ट्रीय संस्थान नहीं था। आज छत्तीसगढ़ में स्कूल, कालेज, एजुकेशन, स्वास्थ्य से लेकर हर सेक्टर में राष्ट्रीय स्तर के संस्थान हैं। इंडस्ट्रीयल क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए हमने बेहतर पॉलिसी बनाई है। इंडस्ट्रियल ग्रोथ विजन डॉक्यूमेंट का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उद्योग नीति पर युवाओं के लिए रोजगार पर फोकस किया गया है।

धर्मजीत सिंह ने रखी विधायक निधि 10 करोड़ करने की मांग

विधानसभा सत्र के दौरान पहले दिन आज विधायक धर्मजीत सिंह ने दिल्ली स्थित जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय में नक्सली कमांडर हिड़मा के समर्थन में नारे लगाने वालों का विरोध करते हुए विधानसभा में प्रस्ताव लाकर आलोचना करने की मांग की। इसके साथ ही तखतपुर विधायक ने नक्सली हिड़मा और बसवराजू की क्रूरता का जिक्र करते हुए ऐसे नक्सली समर्थकों को बस्तर भ्रमण कराने की मांग की, जिससे उनको नक्सलियों के द्वारा किए अत्याचार का पता चल सके। इसके साथ ही विधायक धर्मजीत सिंह ने सदन में विधायक निधि 10 करोड़ करने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार ने विधायक निधि बढ़ाए जाने का जिक्र करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भी क्रांतिकारी कदम उठाते हुए विधायक निधि में बढ़ोतरी करे। इसके साथ उन्होंने अपने क्षेत्र में विकास कार्यों में तेजी से काम करवाने निधि बढ़ाने की मांग की।

विधायक ने पूछे ये सवाल

- अजय चंद्राकर ने रूमी और डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम का हवाला देते हुए कहा-विजन की कल्पना है, लेकिन उसकी ठोस बुनियाद और परिणाम स्पष्ट नहीं हैं।
- उन्होंने पूछा कि 2047 के विजन की नींव क्या है और समग्र परिवर्तन में अब तक क्या गलतियां हुईं, यह सामने आना चाहिए।
- कहा कि छत्तीसगढ़ बनने के समय से क्षेत्रीय असंतुलन रहा है, लेकिन 'नवा अंजोर' दस्तावेज में केवल शिक्षा और स्वास्थ्य पर ही फोकस है।
- आरोप लगाया कि नवा अंजोर में कई अहम नीतियां रिफ्लेक्ट नहीं होतीं, खासकर लॉ एंड ऑर्डर और रोजगार जैसे विषय गायब हैं।
- चंद्राकर ने कहा कि लक्ष्य से वे सहमत हैं, लेकिन मौजूदा हालात में यह सिर्फ अनुमान प्रतीत होता है।
- वैश्विक महामंदी और युद्ध जैसे हालात का जिक्र करते हुए कहा कि ऐसे समय में केवल अनुमान के आधार पर विजन नहीं चल सकता।
- सिंचाई पर सवाल उठाते हुए पूछा-25 साल में अरबों रुपये खर्च हुए, लेकिन सिंचाई का पैसा आखिर गया कहां?
- कृषि रकबा घटने पर जांच की मांग करते हुए कहा कि 25 साल में खेती और सिंचाई का क्षेत्र कम हुआ है।
- फसल उत्पादन घटने और एलाइस फैक्टर राष्ट्रीय औसत से कम होने का मुद्दा उठाया, लेकिन इसे सुधारने की कोई नीति नहीं होने की बात कही।
- बीज उत्पादन में आत्मनिर्भरता पर सवाल-कहा कि 25 साल बाद भी छत्तीसगढ़ बाहर से बीज खरीदने को मजबूर है।
- पशुपालन में नस्ल सुधार कार्यक्रमों की कमी बताते हुए कहा कि विभाग का योगदान सिर्फ6.3 प्रतिशत है।

विपक्ष ने किया 'छत्तीसगढ़ विजन-2047' का बॉयकॉट, नहीं पहुंचे विधायक

मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने रविवार को छत्तीसगढ़ विधानसभा में विंटर सेशन के पहले दिन की कार्यवाही का बॉयकॉट किया। मुख्य विपक्षी कांग्रेस के विधायक रविवार को विंटर सेशन में हिस्सा लेने के लिए नवा रायपुर अटल नगर में नई विधानसभा बिल्डिंग नहीं पहुंचे। मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस की गैरमौजूदगी में 'छत्तीसगढ़ विजन-2047' पर चर्चा हुई। इससे पहले, छत्तीसगढ़ विधानसभा में विपक्ष के नेता डॉ. चरण दास महंत ने कहा कि मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने विंटर सेशन के पहले दिन की कार्यवाही का बॉयकॉट करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, 'छत्तीसगढ़ विजन 2047 में छत्तीसगढ़ के लिए कुछ भी नहीं है। विजन के नाम पर हमें दूरबीन से दिखाया जा रहा है।' डॉ. महंत ने कहा, 'विजन 2047 एक किराए का सपना है, जिसमें छत्तीसगढ़ की मिट्टी की खुशबू या उसकी कच्ची, कभी न मिटने वाली खुशबू नहीं है। यह उद्योगपतियों के लिए बनाया गया एक ब्लूप्रिंट है, हमारे लोगों के लिए नहीं। हम ऐसे खोखले विजन पर बनी किसी भी चर्चा का बॉयकॉट करते हैं।

कांग्रेस विधायकों के बिना विधानसभा में शुरू हुई 'छत्तीसगढ़ विजन-2047' पर चर्चा

छत्तीसगढ़ विधानसभा का विंटर सेशन रविवार को नवा रायपुर अटल नगर में नई विधानसभा बिल्डिंग में मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस की गैरमौजूदगी में 'छत्तीसगढ़ विजन-2047' पर चर्चा के साथ शुरू हुआ। फाइनेंस मिनिस्टर ओपी चौधरी ने सदन में 'छत्तीसगढ़ विजन-2047' पर चर्चा शुरू की। उन्होंने कहा कि 'विजन 2047' का मकसद छत्तीसगढ़ को देश का एक विकसित राज्य बनाना है। 'विजन 2047' एक लाख लोगों से सुझाव लेकर तैयार किया गया था। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ के लिए एक डेवलपमेंट विजन भी तैयार किया है। इस विजन का मकसद राज्य में महंगाई, गरीबी, बच्चों की मौत की दर और बेरोजगारी को खत्म करना है। खेती, इंडस्ट्री और सर्विसेज़ की ग्रोथ रेट बढ़ाने का विजन है। छत्तीसगढ़ में नेशनल लेवल के इंस्टीट्यूशन बनाने का प्लान है। उन्होंने कहा कि राज्य में रोजगार पैदा करने पर फोकस करने वाली नई इंडस्ट्रियल पॉलिसी लागू की गई है। भाजपा विधायक अजय चंद्राकर, धरमलाल कौशिक, राजेश मूणत, लता उसेंडी, सुनील सोनी, भावना बोहरा, धरमजीत सिंह और दूसरे भाजपा ने चर्चा में हिस्सा लिया। विधानसभा परिसर पहुंचने पर सभी विधायक का विधानसभा भवन के अधिकारियों ने स्वागत किया। 2025-26 फाइनेंशियल ईयर के लिए पहला सप्लीमेंट्री एस्टीमेट 15 दिसंबर को पेश किया जाएगा और उस पर बहस होगी, इसके बाद 16 दिसंबर को छत्तीसगढ़ एप्रोप्रिएशन बिल पेश किया जाएगा और पास किया जाएगा।

कलेक्टर ने किसानों को कम पानी वाली फसलों को अपनाने किया प्रेरित

रबी फसलों के मक्का, रागी, चना गेहूं अन्य फसल जोर दे रहे हैं

नगरी/नवप्रदेश। नगरी विकासखंड में लगातार गिरते जलस्तर को ध्यान में रखते हुए कृषि विभाग द्वारा किसानों को रबी मौसम में दलहन एवं तिलहन फसलों की ओर प्रोत्साहित किया जा रहा है। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि कलेक्टर अविनाश मिश्रा के निर्देशानुसार किसानों को कम पानी में बेहतर उत्पादन देने वाली फसलों को अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, ताकि आने वाले समय में संभावित जल संकट से निपटा जा सके।

कृषि विस्तार अधिकारी के अनुसार, नगरी ब्लॉक में लगभग 35000 से अधिक हेक्टेयर क्षेत्रफल में विभिन्न प्रकार की रबी फसलें बोई जा रही हैं। इनमें चना, मक्का, रागी सहित दलहनङ्कतिलहन प्रमुख हैं।

जिसमे मक्का 800 हेक्टेयर से अधिक में किसानों द्वारा बड़े पैमाने में लगाया जा रहा है जिसमे घुटकेल,चनागांव, बोराई, लिखमा, मैनपुर, उमरगांव, घटुला, सिहावा,टेगना, समतरा नगरी एवं मोदे विभिन्न गांवों में किसानों ने बड़े पैमाने पर रबी फसलों की खेती शुरू कर दी है। वहीं बोराई क्षेत्र में मक्का की सबसे अधिक बुवाई की जा रही है, इसके बाद रागी और चना का क्रम है। वही बरबाधा के किसान महेश नेताम ने कहा कि हर वर्ष मेरे द्वारा गेहूं,चना सब्जी की खेती रवि फसल लगाकर अच्छी आमदनी ले रहा हूं कहा मेरे खेतों में सौर ऊर्जा के माध्यम से पानी डालता हूं जिसमें पानी कि भी समस्या नहीं होती है करीब 1 लाख रुपए अधिक आय मिल जाता है।

नगरी अंचलों में किसानों द्वारा पैरा आग लगाने बाज नहीं जा रहे हैं उस रोड पर अधिकारियों आने जाने पर देखने पर भी कार्यवाही नहीं

कृषि विभाग ने बताया कि प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान से किसानों को बचाने के लिए राज्य सरकार ने रबी वर्ष 2025×26 हेतु प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की अधिसूचना जारी कर दी है। योजना के अंतर्गत गेहूं (सिंचित/असिंचित), चना, राई-सरसों एवं अलसी को शामिल किया गया है। फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2025 निर्धारित की गई है। यह योजना अतिवृष्टि, सूखा, ओलावृष्टि सहित अन्य प्राकृतिक आपदाओं से होने वाली फसल क्षति की स्थिति में किसानों को आर्थिक सुरक्षा एवं उचित मुआवजा प्रदान करती है। कृषि विभाग द्वारा किसानों को योजना से जोड़ने एवं रबी फसलों के विविधीकरण के लिए निरंतर जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। इसके संबध में किसान मित्र को जानकारी के संबंध ट्रेनिंग दिया जा रहा है कृषि विभाग के अधिकारी ने साथ लोगों पैरा को आग न जलाने कहा साथ जिसमें खेतों के जीव जंतु आग जलाने से मर जाते हैं।

महाविद्यालय में राष्ट्रीय गणित दिवस 19 से

महासमुंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद और राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद (एनसीएसटीसी), डीएसटी भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा 19 से 22 दिसंबर तक तीन दिवसीय राष्ट्रीय गणित दिवस आयोजित किया जाएगा। इसे लेकर शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विज्ञान संकाय की बैठक हुई। बैठक में विभागाध्यक्ष भौतिकशास्त्र मनीराम धीवर ने बताया कि 19 दिसंबर को पोस्टर मेकिंग एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित किया जाएगा।

20 दिसंबर को गणित मॉडल मेकिंग प्रतियोगिता एवं प्रश्न मंच प्रतियोगिता आयोजित होगी। 22 दिसंबर को वाद विवाद, राष्ट्रीय गणित दिवस एवं पुरस्कार वितरण होगा। सभी कार्यक्रम के लिए प्रभारी नियुक्त किया गया। बैठक में सरस्वती सेठ सहायक प्राध्यापक रसायनशास्त्र, डॉ अजय कुमार देवांगन विभागाध्यक्ष कंप्यूटर विज्ञान, डॉ जगदीश सत्यम सहायक प्राध्यापक भौतिकशास्त्र, अतिथि व्याख्याता टीकम साहू, डॉ. प्रिया बारीक, नम्रता तंबोली, रुपावती, रोहिणी देवांगन, चंद्रप्रकाश चतुर्वेदी, पूजा यादव, प्रकाशमणि साहू उपस्थित रहे।

संत गुरु घासीदास बाबा जी के मंदिर में गुरुगद्दी स्थापना एवं उद्घाटन समारोह का आयोजन आज

नगरी/नवप्रदेश। नगरी विकासखंड के ग्राम कैटतराई, सिहावा में संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा जी के मंदिर में गुरु गद्दी स्थापना एवं उद्घाटन समारोह का भव्य आयोजन 15 दिसंबर 2025, सोमवार को किया जाएगा। इस पावन अवसर पर युवराज गुरु धर्मगुरु सौरभ साहेब (प्रदेश अध्यक्ष, सतनाम सेना, गिरोदपुरी निवासी) का विशेष आगमन होगा।

कार्यक्रम के अनुसार दोपहर 1:00 बजे धर्मगुरु सौरभ साहेब जी का सिहावा आगमन होगा। इसके पश्चात दोपहर 1:15 बजे से 2:00 बजे तक सिहावा से कैटतराई तक भव्य रैली निकाली जाएगी, जिसमें हरदीभाठा, पाईकभाठा, देवपुर सहित विभिन्न ग्रामों की पंथी पार्टियों द्वारा सहभागिता की जाएगी। दोपहर 3:00 बजे से गुरु गद्दी स्थापना का विधिवत कार्यक्रम आयोजित होगा। वहीं संध्या 5:00 बजे से सतनाम गुरुवाणी का वाचन एवं उद्देश्य प्रवचन संपन्न होगा। कार्यक्रम के समापन पर सतनाम प्रसादी भोजनालय का वितरण किया जाएगा।

इस आयोजन में सतनामी समाज ब्लॉक नगरी के अध्यक्ष विष्णु कुमार टंडन, सचिव घनानंद सोनवानी, उपाध्यक्ष नंदलाल कश्यप एवं योगेंद्र भट्ट, खिलेश लहरें, गणेश चेलक, मुकेश कोसरे, संतोष चेलक, जगत मनहरे, शिवनारायण लहरे, खोरबाहरा कोसरे, इंदल चेलक, अनिरुद्ध सोनवानी, समाकांत चतुर्वेदी सहित अनेक गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रहेगी। जिसमे आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

नेशनल हैंडबॉल के लिए चयनित 2 खिलाड़ी कोलकाता रवाना

महासमुंद/नवप्रदेश। जिला हैंडबॉल संघ के 2 खिलाड़ियों का चयन 54वीं सीनियर राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता हेतु छत्तीसगढ़ हैंडबॉल टीम के लिए हुआ है। दोनों खिलाड़ी राष्ट्रीय कोचिंग कैंप भिलाई के उपरांत राष्ट्रीय प्रतियोगिता 15 से 20 दिसंबर तक कोलकाता वेस्ट बंगाल में भाग लेने रवाना हुए। महासमुंद जिला हैंडबॉल संघ के सचिव सैयद इमरान अली ने बताया कि चयनित खिलाड़ियों में सुमित सिंह रामगढ़िया आदित्य चंद्राकर शामिल हैं। सुमित सिंह रामगढ़िया वर्तमान में एयर फोर्स झारखंड में पदस्थ हैं।

दोनों ही खिलाड़ी महासमुंद जिला की ओर से छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। छत्तीसगढ़ हैंडबॉल टीम कोच के रूप में सीआईएसएफ आनंद, एनएस मैनेजर एम प्रभास एवं विजय बहादुर को नियुक्त किया गया है।

खिलाड़ियों के चयन पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, जिला हैंडबॉल संघ अध्यक्ष एवं भाजपा जिला महासमुंद के उपाध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर, छत्तीसगढ़ फेंसिंग संघ के उपाध्यक्ष बशीर अहमद खान, छत्तीसगढ़ हैंडबॉल संघ के महासचिव समीर खान, एम. सुरेश कुमार, अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षक बीडी करुपति, प्रशिक्षक राजेश सरकार, रामप्रताप गुप्ता, विजय लहरे जिला शिक्षा अधिकारी, नंदकुमार सिन्हा सहायक संचालक, लीलाधर सिन्हा विकासखंड शिक्षा अधिकारी, मनोज धृतलहरे खेल एवं युवक कल्याण अधिकारी, अंजलि बरमाल सहायक जिला क्रीडा अधिकारी, राजेश शर्मा, प्रमेश खरे आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

न्यूज गैलरी

रेलवे कर्मचारियों को मिलेगा क्यूआर कोड वाला आईडी कार्ड

रायपुर/नवप्रदेश। रेलवे कर्मचारियों और संविदा पर नियुक्त कर्मचारियों को अब नया पहचान पत्र जारी किया जाएगा। यह देशभर में लागू होगा, जिसे लेकर रेलवे बोर्ड से आदेश दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे को पहुंच गया है। बता दें कि नया पहचान पत्र क्यूआर कोड आधारित होगा, जिससे कर्मचारियों की जानकारी डिजिटल तरीके से आसानी से उपलब्ध होगी। रेलवे बोर्ड के प्रधान कार्यकारी निदेशक रेणु शर्मा ने सभी जोन को इसे लागू करने का आदेश दे दिया है। नियमित रेलकर्मियों का पहचान पत्र पीला होगा, जबकि संविदा कर्मचारियों के लिए नारंगी कार्ड जारी किया जाएगा। यह पहचान पत्र न केवल कर्मचारी की पहचान साबित करेगा, बल्कि संविदा कर्मचारियों के लिए कार्यालय में प्रवेश का प्रमाण भी होगा। रेल अधिकारियों के अनुसार यह कदम कर्मचारियों की पहचान और सुरक्षा को सुनिश्चित करने के साथ प्रवेश प्रणाली को और अधिक पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से उठाया गया है। कर्मचारी जब अपने डिजिटल माध्यम से कार्यलय में आसानी से प्रवेश कर सकेंतों और उनके रिकॉर्ड का प्रबंधन भी आसान होगा।

वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी प्रखर पांडेय का निधन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी आईपीएस प्रखर पांडेय का रविवार दोपहर करीब 4:15 बजे निधन हो गया। बताया जा रहा है कि उन्हें भिलाई में अचानक हृदयघात आया, जिसके बाद उन्हें तुरंत रायपुर स्थित रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, लेकिन डॉक्टरों के तमाम प्रयासों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका। उनके निधन से पुलिस विभाग में शोक की लहर है। आईपीएस प्रखर पांडेय वर्तमान में पुलिस मुख्यालय रायपुर में उप पुलिस महानिरीक्षक (डीआईजी), सीआईडी विभाग के पद पर तैनात थे। उन्होंने अपने सेवा जीवन में कई अहम जिम्मेदारियां संभालीं। इससे पहले वे कबीरधाम, सूरजपुर और दुर्ग जिले में पुलिस अधीक्षक रह चुके थे, वहीं बिलासपुर और राजनांदगांव में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के रूप में भी सेवाएं दीं। उनके आकस्मिक निधन से पुलिस महकमे में शोक की लहर है। छत्तीसगढ़ सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी कल्याण संघ के पदाधिकारियों ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए दिवंगत अधिकारी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है।

कलयुगी बेटे ने की पिता की हत्या

अभनपुर/नवप्रदेश। कोड़ीपारा गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक कलयुगी बेटे ने अपने ही पिता की बेरहमी से हत्या कर दी। इस वारदात से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। वारदात की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना गोबरा नवापारा थाना क्षेत्र की है। जानकारी के अनुसार, मृतक का नाम संतोष साहू है। बताया जा रहा है कि उसके बेटे राहुल साहू ने घरेलू विवाद के दौरान हंसिया से अपने पिता पर कई बार जानलेवा हमला किया। हमले में संतोष साहू गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें परिजनों और स्थानीय लोगों की मदद से तत्काल अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में इलाज के दौरान संतोष साहू ने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही गोबरा नवापारा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने आरोपी पुत्र राहुल साहू के खिलाफहत्या का मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक जांच में पारिवारिक विवाद को घटना की वजह बताया जा रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। इस जघन्य घटना के बाद कोड़ीपारा गांव में मातम का माहौल है और लोग इस नृशंस वारदात से स्तब्ध हैं। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद मामले के सभी तथ्य सामने आ जाएंगे।

छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल की ऊर्जावान छत्तीसगढ़ किताब का विमोचन

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज नवीन विधानसभा परिसर स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय में रजत महोत्सव विशेष छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल द्वारा प्रकाशित 'ऊर्जावान छत्तीसगढ़' कॉफी टेबल बुक का विमोचन किया। यह काफी टेबल बुक छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना तथा छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल एवं उसकी उत्तरवर्ती पावर कंपनियों की 25 वर्षों की गौरवमयी यात्रा, उपलब्धियों और विकास गाथा पर आधारित है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह कॉफी टेबल बुक छत्तीसगढ़ में ऊर्जा क्षेत्र में हुए ऐतिहासिक परिवर्तनों, अधोसंरचना विकास, नवाचारों और जनसेवा आधारित कार्यों का सजीव दस्तावेज है। कॉफी टेबल बुक में छत्तीसगढ़ राज्य ने ऊर्जा क्षेत्र में सुदृढ़ नियोजन, आधुनिक तकनीक और उपभोक्ता-केंद्रित दृष्टिकोण के साथ उल्लेखनीय उपलब्धियों को शामिल किया गया है और सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट की स्थापना से लेकर 32 हजार मेगावाट विद्युत उत्पादन क्षमता, कोयला खनन के सुदृढ़ संचालन और राज्यव्यापी पारेषण- वितरण ढांचे के विस्तार तक बिजली क्षेत्र में व्यापक सुधार को प्रदर्शित किया गया है।

शीतकालीन सत्र का दूसरा दिन आज, विपक्ष ला सकता है स्थगन प्रस्ताव

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा का शीतकालीन सत्र रविवार से शुरू हो गया है। प्रदेश में हावी ज्वलंत मुद्दों के मद्देनजर सत्र इस बार हंगामेदार होने के आसार हैं। सत्र की छोटी अवधि के बावजूद इस बार सवालों की भी झड़ी लगी हुई है। इस सत्र की खास बात ये है कि विधानसभा का शीतकालीन सत्र अटल नगर स्थित नए विधानसभा भवन में शुरू हुआ।

17 दिसंबर तक चलने वाले चार दिवसीय सत्र के लिए सत्तापक्ष और विपक्ष के सदस्यों ने इस बार 628 सवाल लगाए हैं। इनमें तारांकित सवालों की तादाद ही 333 है। इसके अलावा राज्य स्तरीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर 48 ध्यानाकर्षण की सूचनाएं दी गई हैं। विपक्ष ने सत्र के तीनों दिनों के लिए स्थगन के मुद्दे तय कर लिए हैं।

संशोधन विधेयक होगा पेश

सत्र के दौरान सदन में सरकार एक संशोधन विधेयक लेकर आएगी। छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना, नियोजन एवं सेवा शर्तों का विनियमन संशोधन विधेयक पेश करेगी। इसके अलावा आज 15 दिसंबर को ही मौजूदा वित्तीय वर्ष के लिए प्रथम अनुपूरक बजट भी प्रस्तुत किया जाएगा।

नई गाइडलाइन दरों पर भी होगी घेराबंदी

सूत्रों के मुताबिक आज 15 दिसंबर को प्रदेश में धान खरीदी में बदहाली को लेकर विपक्ष स्थगन प्रस्ताव लेकर आ सकती है। वहीं अगले दिन नई गाइडलाइन दरों और कानून व्यवस्था पर भी स्थगन के जरिए सरकार की घेराबंदी की रणनीति बनाई गई है। इधर सदन में विपक्ष के अलावा सत्तापक्ष के सदस्यों ने भी अपने क्षेत्रों में धान खरीदी की व्यवस्था और किसानों के मामले में सवाल लगाए हैं। धान खरीदी के दौरान आ रही अव्यवस्था और किसानों की दिक्कतों को लेकर विपक्ष सदन में सरकार से जवाब मांगेगा। वहीं व्यवस्था सुधारने दबाव बनाएगा। दूसरी तरफ भाजपा विधायक दल भी विपक्ष के हमलों को लेकर जवाबी रणनीति तय करेगा। सदन में इस मामले में ठोस जवाब नहीं आया तो गतिरोध की स्थिति भी बन सकती है। शीतकालीन सत्र 17 दिसंबर तक चलेगा।

दो दिन पूर्व ही कुशाभाउ ठाकरे परिसर में बैठक लेकर गए थे

भूपेश सरकार को उखाड़ फेंकने चाणक्य की भूमिका निभाई थी नितिन नबीन ने

■ **वर्तमान में छत्तीसगढ़ राज्य के प्रभारी है**

संजय पांडेय

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के नए कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन का छत्तीसगढ़ से बेहद गहरा नाता रहा है। 2018 में जब कांग्रेस पार्टी की सरकार पन्द्रह सालों के वनवास के बाद 90 में से 65 सीटों पर भारी बहुमत से जीकर सत्ता में पावस लौटी तो हर कोई यही सोच रहा था कि आने वाले दो-तीन विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी का सत्ता में लौट पाना मुश्किल है। ऐसे कठिन हालातों में जब श्री नबीन को प्रदेश का सह प्रभारी बनाया गया तो उन्होनें प्रभारी ओम माथुर के साथ मिलकर ऐसी रणनीति बनाई कि राजनीति के सारे धुरंधरों के अनुमान धरे के धरे रह गए। उनके संगठनात्मक कौशल से पार्टी ने छत्तीसगढ़ में कामयाबी की लगातार सीढ़िया चढ़ते हुए नए कीर्तिमान स्थापित किए। वर्तमान में वे छत्तीसगढ़ राज्य पार्टी प्रभारी पद पर बने हुए है।

2021 में पहली बार छत्तीसगढ़ राज्य सह प्रभारी बने

सबसे पहले 2021 से 2024 तक छत्तीसगढ़ राज्य में सह प्रभारी के रूप में संगठन ने उन्हें एक बड़ी जिम्मेदारी दी, जिसका उन्होंने बखूबी निर्वहन किया। 2024 में वे छत्तीसगढ़ राज्य में लोकसभा चुनाव प्रभारी बनाए गए और उनके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में 10 लोकसभा क्षेत्र में जीत भाजपा को मिली। 2024 में छत्तीसगढ़ राज्य के प्रभारी के रूप में उनकी नियुक्ति हुई। कार्यकर्ताओं के बीच कठिन मेहनत करने के लिए जाने वाले श्री नबीन ने भारतीय जनता पार्टी को चार बड़े चुनावों में जितवाने बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। 2023 के हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी मजबूती के साथ सत्ता में जमी हुई थी, उसे अथक मेहनत कर कार्यकर्ताओं की मदद से उखाड़ फेका और

फिर से भाजपा को सत्ता में लाने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके बाद प्रभारी के रुप में एक और महत्वपूर्ण सफलता हासिल करते हुए भारतीय जनता पार्टी को प्रदेश भर के नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में महत्वपूर्ण सफलता दिलाई। इससे पूर्व कभी भी नगरीय निकाय चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को ऐसी सफलता हाथ नहीं लगी थी।

सरोज पाण्डेय व लता उसेण्डी महापौर मीनल चौबे ने दी नितिन नबीन को बधाई

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन की भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में नियुक्त होने पर भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्षद्वय डॉ. सरोज पाण्डेय व सुश्री लता उसेण्डी ने कहा कि श्री नवीन का संगठनात्मक अनुभव, कार्यकुशलता और समर्पण पार्टी को राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक सशक्त बनाएगा। भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री लता उसेण्डी ने कहा कि उनके नेतृत्व में भाजपा की यश-पताका देश में चहुँओर फ्हरेगी। महापौर मीनल चौबे ने कहा कि नितिन नबीन के भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने से छत्तीसगढ़ में विशेष उल्लास का माहौल है। संगठनात्मक कार्यशैली में उनकी कड़ी मेहनत से पार्टी का हर कार्यकर्ता वाकिफ है। राष्ट्रीय स्तर पर अब पार्टी नई बुलंदियों पर पहुंचेगी। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता मुकेश शर्मा ने नितिन नबीन को पार्टी का कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने पर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होनें कहा कि श्री नबीन के नेतृत्व में पार्टी आगे भी सफलता की नित नई उंचाईयों को चूमेगी।

बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का छत्तीसगढ़ दौरा, 22 को जांजगीर-चांपा आएंगे

रायपुर/नवप्रदेश। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जल्द ही छत्तीसगढ़ के दौरे पर आने वाले हैं। जेपी नड्डा 22 दिसंबर को जांजगीर-चांपा जिले में होने वाले कार्यक्रम में शामिल होंगे। साय सरकार के 2 साल पूरे होने पर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें शामिल होने खुद बीजेपी अध्यक्ष आ रहे हैं।

कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाएंगे नड्डा: भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा आगामी 22 दिसंबर को जांजगीर-चंपा जिले के पुलिस ग्राउंड, हेलीपेड खोखरा में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करने के लिए प्रवास पर रहेंगे। यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार के सफ्लतापूर्वक दो वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण होगा, जिसमें पार्टी कार्यकर्ता और आमजन बड़ी संख्या में शामिल होने की उम्मीद है। नड्डा के आने से कार्यकर्ताओं में और जोश बढ़ेगा।

जनसभा की तैयारियों में प्रशासन पार्टी संगठन जुटा: बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के दौरे को देखते हुए जिला प्रशासन और भाजपा संगठन ने व्यापक स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी हैं। पुलिस ग्राउंड हेलीपेड स्थल का निरीक्षण जिला प्रशासन और भाजपा नेताओं की संयुक्त टीम ने किया।

साय सरकार की प्रथम कैबिनेट के दो वर्ष पूर्ण, सीएम ने कॉफी टेबल बुक का किया विमोचन

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपनी प्रथम मंत्रिपरिषद बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत 18 लाख आवासों की स्वीकृति के निर्णय के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आज एक कॉफी टेबल बुक का विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश में 10,000 आजीविका डबरी निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में कवर्धा जिले के जनमन आवास योजना के हितग्राहियों तथा नारायणपुर जिले के आत्मसमर्पित नक्सलियों और नक्सल हिंसा से प्रभावित परिवारों के लिए संचालित विशेष परियोजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के हितग्राहियों को आजीविका डबरी के स्वीकृति पत्र भी प्रदान किए गए। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की प्रमुख सचिव निहारिका बारीक सिंह, प्रधानमंत्री आवास योजना के संचालक एवं आयुक्त महात्मा गांधी नरेगा तारन प्रकाश सिन्हा तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सचिव भीम सिंह उपस्थित थे। छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत वर्ष 2016 से 2026 की अवधि के लिए 26.27 लाख आवासों के लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 24.37 लाख आवास स्वीकृत किए जा चुके हैं, जिनमें से 17.14 लाख आवास पूर्ण हो चुके हैं।

बेमेतरा में दिखा अनोखा सफेद पक्षी, लोगों ने गरुड़ मानकर की पूजा

रायपुर/नवप्रदेश। बेमेतरा जिले के बेरला विकासखंड के अंतर्गत ग्राम सलधा खम्हरिया (एम) में इन दिनों एक अद्भुत और रहस्यमयी दृश्य देखने को मिल रहा है। यहां एक फार्म हाउस में गरुड़ प्रजाति का बताया जा रहा सफेद पक्षी ग्रामीणों के आकर्षण और आस्था का केंद्र बन गया है। इस पक्षी को देखने और पूजा-पाठ करने बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं।

बेमेतरा में दिखा अनोखा सफेद पक्षी: बेमेतरा जिले के बेरला ब्लॉक अंतर्गत ग्राम सलधा खम्हरिया (एम) स्थित एक फार्म हाउस में उस वक्त गांव में सनसनी फैल गई, जब यहां एक सफेद रंग का विचित्र पक्षी देखा गया। ग्रामीणों का कहना है कि यह पक्षी अन्य पक्षियों से बिल्कुल अलग नजर आ रहा है। इसकी बनावट और रंग को देखकर कई लोग इसे गरुड़ प्रजाति का पक्षी बता रहे हैं।

लोगों ने गरुड़ मानकर किया भजन-कीर्तन: जैसे-जैसे इस पक्षी की जानकारी गांव में फैली, वैसे-वैसे बड़ी संख्या में ग्रामीण फार्म हाउस पहुंचने लगे। कई लोगों ने इसे शुभ संकेत मानते हुए नारियल चढ़ाकर पूजा-पाठ शुरू कर दिया। कुछ स्थानों पर कीर्तन-भजन भी किए जा रहे हैं।

देखने उमड़ी भीड़: हालांकि यह पक्षी कहां से आया, कैसे फार्म हाउस तक पहुंचा और वास्तव में इसकी प्रजाति क्या है इसको लेकर अब तक स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई है। फिलहाल यह सफेद पक्षी पूरे इलाके में कौतूहल और आस्था का विषय बना हुआ है। फिलहाल बेमेतरा के सलधा खम्हरिया (एम) में मिला यह सफेद पक्षी लोगों के लिए आस्था और रहस्य का विषय बना हुआ है।

पहली सूची के अप्रैल में आने के बाद से ही दूसरी सूची का हो रहा है इंतजार

अब निगम, मंडल में नए साल में ही कुर्सी मिलने की संभावना

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के भाजपा नेताओं को निगम, मंडल, आयोग और बोर्ड में अब नए साल में ही कुर्सी मिलने की संभावना है। पहली सूची इस साल अप्रैल में नवरात्रि के समय आई थी। पहले संभावना जताई जा रही थी कि दूसरी सूची भी जल्द आएगी, लेकिन सूची के लिए इंतजार लंबा होता गया और चैत्र नवरात्रि में दूसरी सूची आने की बात सामने आई। अब तो नवरात्रि क्या दीपावली भी निकल गई पर अब तक दूसरी सूची नहीं आई है। वैसे दूसरी सूची के ज्यादातर पदों के लिए नामों पर मंथन हो गया है और राष्ट्रीय नेताओं के साथ चर्चा भी हो गई है, लेकिन सूची जारी कब होगी, यह किसी को मालूम नहीं है। अब यह संभावना जताई जा रही है जो होगा नए साल में ही होगा।

प्रदेश सरकार के मंत्रिमंडल के विस्तार और भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव की नई कार्यकारिणी के ऐलान के बाद अब जहां विधायकों की नजरें संसदीय सचिवों के पदों पर हैं, वहीं निगम, मंडल और आयोग में बचे पदों को लेकर भी भाजपा नेता इंतजार कर रहे हैं। इधर भाजपा के प्रदेश संगठन का विस्तार भी चल रहा है। ऐसे में कई नेताओं को यहां संगठन का भी पद मिल रहे हैं। विस्तार इस माह के अंत तक पूरा होने की संभावना है। इसके बाद ही नए साल में निगम, मंडल, आयोग की कुर्सी बंटेगी।

8 माह बाद सदस्यों की नियुक्ति भी नहीं

जिन निगम, मंडलों में अभी नियुक्ति बाकी है उनमें मार्कफेड, लघु वनोपज सहकारी संघ, मत्स्य महासंघ, हथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ, सिंधी अकादमी और सहकारी संघ शामिल हैं। इसी के साथ पांच जिलों के सहकारी केंद्रीय बैंक और चार शक्कर कारखानों में भी अध्यक्ष की नियुक्ति की जानी है। इसके अलावा रायपुर विकास प्राधिकरण, गृह निर्माण मंडल जैसे निगम, मंडलों में उपाध्यक्षों के साथ सदस्यों के पद भी खाली हैं। इनकी संख्या भी डेढ़ दर्जन से ज्यादा है। इनमें नियुक्ति के लिए भी आठ माह से इंतजार हो रहा है, लेकिन इसमें भी नियुक्ति नहीं हो सकी है।

संसदीय सचिवों की नियुक्ति भी बाकी

प्रदेश में भाजपा सरकार के मंत्रिमंडल का लंबे इंतजार के बाद मुख्यमंत्री श्री साय के विदेश प्रवास पर जाने से पहले अगस्त में विस्तार हो चुका है। प्रदेश सरकार ने तीन नए मंत्री बनाए हैं। मंत्रिमंडल में जिनको स्थान नहीं मिल सका है, उन नए विधायकों की नजरें अब संसदीय सचिवों के पदों पर हैं। इनकी नियुक्ति भी अब नए साल में ही होने की संभावना है।

सुविचार

इस संसार में सिर्फमनुष्य ही एक ऐसा प्राणी है जिसका जहर उसके दांतों में नहीं बल्कि उसकी बातों में होता है। - अज्ञात

पाक की इंटरनेशनल बेइज्जती

पड़ोसी देश पाकिस्तान का दुःख कम होने का नाम ही नहीं ले रहा है। रूस के राष्ट्रपति पुतिन जब भारत दौरे पर आये थे और भारत के साथ कई महत्वपूर्ण व्यापारिक समझौते किये थे तभी से पाकिस्तान के सीने में सांप लोट रहा था। पुतिन तो पाकिस्तान जाने से रहे इसलिए पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ तुर्केनिस्तान में आयोजित एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान वहां रूसी राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात करने की जुगत में लग गये थे। उनका उन्हें चालीस मिनट तक इंतजार कराया। इस दौरान शाहबाज शरीफ अपने नाखून चबाते हुए बैठे रहे। जब उनके सब्र का पैमाना छलक गया तो तैस में आकर शाहबाज शरीफ उस कमरे में जा घुसे जहां पुतिन अन्य राष्ट्रध्याक्ष से बातचीत कर रहे थे। शाहबाज शरीफ को यह दुःसाहस दिखाना महंगा पड़ गया। पुतिन के सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें धक्के देकर उस कमरे से बाहर कर दिया और इसके बाद पुतिन ने उनसे मिलने से ही इंकार कर दिया। अंतर्राष्ट्रीय पर पाकिस्तान की इससे बड़ी बेइज्जती और क्या हो सकता है। पिछले सप्ताह ही पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसीन नकवी की भी इंग्लैंड में इसी तरह बेइज्जती की गई थी। वे जब लंदन पहुंचे तो उनकी कार की ऐसी जांच पड़ताल की गई थी मानों वे कोई आतंकवादी हों। यही नहीं बल्कि जब पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ आपने आर्मी चीफ असीम मुनीर के साथ अमेरिका गये थे तो वहां भी डोनाल्ड ट्रंप ने शाहबाज शरीफ की उपेक्षा कर असीम मुनीर को ज्यादा तवज्जों दी थी इसी से जाहिर है कि इंटरनेशनल बेइज्जती कराना पाकिस्तानी हुक्मरानों की नियती बन चुकी है। संयुक्त राष्ट्रमहासभा में भी पाकिस्तानी प्रधानमंत्री जब भारत के खिलाफ जहर उगलते हैं तो भारतीय प्रतिनिधि उन्हें मुंहतोड़ जवाब देकर विश्वमंच पर पाकिस्तान की बखिया उधेड़कर रख देते हैं। पाकिस्तानी हुक्मरानों की स्थिति का एक और उदाहरण उस समय सामने आया जब असेंबली में स्पीकर ने कुछ नोट दिखाते हुए पाकिस्तानी सांसदों से यह कहा कि ये नोट सदन में गिर गये थे जिसे एक सदस्य ने उन्हें लाकर दिया है जिसका भी यह नोट हो वह हाथ उठा दें। इतना सुनते ही दर्जनों सदस्यों ने अपने हाथ उठा दिये थे। कुल मिलाकर पाकिस्तानी हुक्मरान अपनी हरकतों से खुद अपनी बेइज्जती कराते हैं और अपने मुल्क का मजाक उड़ाने का सारी दुनिया को मौका देते हैं।

ममता बनर्जी के खिलाफ कड़ी कार्यवाही जरूरी

बंगाल में चुनाव आयोग द्वारा कराये जा रहे एसआईआर के खिलाफ वहां की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मोर्चा खोल रखा है। वे लगातार एसआईआर का विरोध कर रही हैं। यहां तक तो गनीमत है लेकिन अब तो वे लोगों को हिंसा के लिए भड़काने भी लगी हैं। उन्होंने महिलाओं से कहा है कि यदि कोई बीएलओ उनके घर आता है और मतदाता सूची से उनका नाम हटाने की कोशिश करता है तो वे घर की रसोई घर में रखे औजारों का उपयोग करें महिलाएं आगे रहे और पुरूष उनके पीछे रहकर विरोध जतायें। ममता बनर्जी का यह बयान भड़काऊ है और वे लोगों को हिंसा के लिए भड़का रही हैं। हाल ही में बीएलओ द्वारा जो कथित आत्महत्या की घटनाएं हुई हैं उसे देखकर यही लगता है कि ममता बनर्जी की सह पर ही वहां बीएलओ को उनका काम ईमानदारी से नहीं करने दिया जा रहा है। उन सभी घटनाओं की अब उच्च स्तरीय जांच कराई जानी चाहिए और लोगों को हिंसा के लिए भड़काने के आरोप में बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जानी चाहिए। वे जिस तरह एसआईआर का विरोध कर रही हैं और भड़काऊ बयानबाजी करके बंगाल में अराजकता की स्थिति निर्मित करना चाहती हैं उसे देखते हुए तो बेहतर यही होगा कि बंगाल में तत्काल प्रभाव से राष्ट्रपति शासन लागू किया जाये। वैसे भी ममता बनर्जी के कार्यकाल में बंगाल में जितने भी चुनाव हुए हैं सब में हिंसक घटनाये हुई है। अब तो एसआईआर के जरिए ममता बनर्जी के वोट बैंक के खिसकने का खतरा पैदा हो गया है। रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठिये खुद बंगाल से पलायन कर रहे है ममता बनर्जी किसी भी हद तक जा सकती हैं। इसलिए वहां राष्ट्रपति शासन लागू करना निहायत जरूरी है।

सद्‌गुरू बोधामृतम्

सदगुरू श्री ऋतेश्वर

◆ आज वर्तमान समय में हनुमान जी की आराधना, हनुमान जी की पूजा और हनुमान जी के आचरण को अपने जीवन में आत्मसात करके चलने की कितनी आवश्यकता है यह ज्ञान के अभाव में हम आप समझ नहीं पा रहे हैं।

◆ यद्यपि लीला चल रही थी यह कहना अपराध है क्योंकि भगवत लीला नित्य है। राम आए थे यह कहना अपराध है, राम की लीला हुई थी यह कहना अपराध है। यह नित्य लीला है और भक्तों के हृदय में यह सदा प्रकटित है।

◆ अहंकार कभी विजयी नहीं होता।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1749 : शिवाजी महाराज के पोते साहू जी का निधन। 1803 : भोंसले और ईस्ट इंडिया कंपनी के बीच हुई देवगांव संधि के तहत उड़ीसा और कटक कंपनी के शासन के अधीन हुए। 1950 : भारत रत्न से सम्मानित देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल का निधन। 1950 : योजना आयोग की स्थापना। 1953 : भारत की एस विजयलक्ष्मी पंडित संयुक्त राष्ट्र महासभा के आठवें सत्र की अध्यक्ष चुनी गईं। इस पद पर पहुंची वह पहली महिला थीं। 1965 : बांग्लादेश में गंगा नदी के तट पर आये चक्रवात में करीब 15,000 लोगों की जान गई। 1976 : भारत के प्रसिद्ध फुटबाल खिलाड़ी बाइचुंग भूटिया का सिक्किम में जन्म। 1982 : स्पेन ने जिब्राल्टर की सीमा को खोल दिया। स्पेन की नयी सोशलिस्ट सरकार ने मानवीय आधार पर आधी रात को यह दरवाजे खोलकर स्पेन और जिब्राल्टर के लोगों के बीच की दीवार को खत्म कर दिया। 1991 : मशहूर फिल्म निर्माता सत्यजीत रे को सिनेमा की दुनिया में उनके अहम योगदान के लिए 'स्पेशल ऑस्कर' सम्मान दिया गया।

डा. रतन कुमार सिन्हा

जनता का विश्वास हमेशा से भारत के परमाणु कार्यक्रम की आधारशिला रहा है। देश के सतत, समतापूर्ण और ऊर्जा-सुरक्षित विकास के दृष्टिकोण में यह आधार निहित है कि परमाणु ऊर्जा का उपयोग अत्यधिक संरक्षा, निर्विवाद उत्तरदायित्व और पारदर्शी संचार के साथ किया जाए। संरक्षा, दायित्व और जन विश्वास के स्तंभ केवल अमूर्त आदर्श नहीं हैं; ये भारत के परमाणु उद्योग के व्यावहारिक आधार हैं।

जैसे-जैसे हम परमाणु ऊर्जा के लिए एक नए विधायी ढाँचे पर विचार कर रहे हैं, यह पूछना ज़रूरी है कि यह नए अधिनियम से क्या हासिल होगा मेरे विचार से, इसका उत्तर इन्हीं आधारों को मज़बूत करने में निहित है। इस कानून से अपेक्षा है कि यह जनता के विश्वास से समझौता किए बिना संरक्षा और सशक्तिकरण प्रदान करे, सरलीकरण और सुरक्षा प्रदान करे, नवाचार को प्रोत्साहित करे।

संरक्षा, दायित्व और जन विश्वास : नए अधिनियम से क्या हासिल होगा

संरक्षा - पूर्णता की संस्कृति को संस्थागत बनाना

परमाणु प्रौद्योगिकी में संरक्षा डिज़ाइन का एक अनिवार्य अंग ही नहीं, बल्कि यह इसका मूल दर्शन होना चाहिए। ट्रॉम्बे में भारत के पहले अनुसंधान रिएक्टरों से लेकर स्वदेशी 700 मेगावाट दाबित भारी पानी रिएक्टरों और अगली पीढ़ी के प्रगत रिएक्टरों तक, डिज़ाइन हमेशा गहन संरक्षा और निश्चेष्ट संरक्षा विशेषताओं द्वारा निर्देशित रही हैं।

जब हमने प्रगत भारी पानी रिएक्टर की कल्पना की थी, तो हमारा लक्ष्य न केवल थोरियम के उपयोग को प्रदर्शित करना था, बल्कि यह भी प्रदर्शित करना था कि एक रिएक्टर इसके ऑपरेटर के हस्तक्षेप के बिना भी सुरक्षित रह सकता है ङ्क एक ऐसी डिजाइन जो स्वतः सुरक्षित हो। वास्तव में, संरक्षा परमाणु ऊर्जा परिनियोजन का एक अभिन्न अंग है।

नए अधिनियम को, निश्चित रूप से, यह गारंटी देनी चाहिए कि संरक्षा-संस्कृति जारी रहे। इसे उच्चतम संरक्षा मानकों के प्रति भारत की अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि करनी चाहिए और नियामक संस्थानों की स्वायत्तता, अधिकार और जवाबदेही को मजबूत करना चाहिए। इसे आवश्यकतानुसार प्रौद्योगिकी उन्नयन और पारदर्शी संरक्षा समीक्षाओं को प्रोत्साहित करना चाहिए। इसे प्रचालन प्रदर्शन पर सूचना के आदान-प्रदान को भी बढ़ावा देना चाहिए।

किसी भी उद्योग में विशेषकर परमाणु ऊर्जा के मामले में तो और भी ज़्यादा, संरक्षा एक स्थिर लक्ष्य नहीं है। इसे एक ऐसी संस्कृति के रूप में देखा जाना चाहिए जिसका निरंतर पोषण किया जाना चाहिए। ख़ास तौर पर परमाणु पारिस्थितिकी तंत्र के मामले में, इस संस्कृति को एक संस्थागत फ्रेमवर्क के ज़रिए मज़बूत किया जाना चाहिए।

दायित्व - स्पष्टता के साथ उत्तरदायित्व सुनिश्चित करना

नाभिकीय क्षति के लिए असैन्य दायित्व अधिनियम (सीएलएनडी अधिनियम) एक अग्रणी कदम रहा है जिसने तीन महत्वपूर्ण हितों को संतुलित किया है: जनता की संरक्षा, आपूर्तिकर्ताओं को आश्वासन और ऑपरेटरों का विश्वास। इसने दोष-रहित दायित्व सिद्धांत को प्रतिपादित किया और यह सुनिश्चित किया कि ऑपरेटर की ज़िम्मेदारी स्पष्ट और निर्देशित रहे।

ऊर्जा परिदृश्य और औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र के विकास ने संबंधित संस्थाओं की देनदारियों पर अधिक स्पष्टता को आवश्यक बना दिया है। इस तरह के संशोधन किसी भी परिपक्व क्षेत्र की स्वाभाविक प्रगति का हिस्सा हैं, जो यह सुनिश्चित करते हैं कि शासन का फ्रेमवर्क वैज्ञानिक प्रगति और सामाजिक अपेक्षाओं के साथ तालमेल बनाए रखे।

नए अधिनियम को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि शासन का फ्रेमवर्क निष्पक्ष, स्पष्ट हो और संदेह रहित बना रहे, साथ ही जवाबदेही की एक सुपरिभाषित श्रृंखला भी बनाए रखे। इसे यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि दायित्व का मूल्यांकन करने की व्यवस्था देश में परमाणु तैनाती की सीमा और पैमाने के अनुरूप हो। एक आधुनिक दायित्व व्यवस्था को इस बात की पुष्टि करनी चाहिए कि संरक्षा और ज़िम्मेदारी विकास के साथ-साथ चलती हैं।

जन विश्वास - प्रगति की आधारशिला

दुनिया भर में परमाणु उद्योग के उत्कृष्ट संरक्षा रिकॉर्ड के बावजूद, परमाणु ऊर्जा के प्रति जनता का दृष्टिकोण अक्सर वैज्ञानिक तथ्यों की तुलना में धारणाओं से अधिक प्रभावित होता रहा है। कुछ साल पहले मैंने जिस पुस्तक का सह-लेखन किया था, ÷द अनरीज़न्ड फियर ऑफ़ रेडिएशन÷, ऐसी ही भ्रांतियों को दूर करने का एक प्रयास था। यह पुस्तक बताती है कि नियंत्रित और सुव्यवस्थित वातावरण में विकिरण, किसी भी अन्य तकनीक जितना ही सुरक्षित है जिसका उपयोग हम अपने दैनिक जीवन में नियमित रूप से आत्मविश्वास से करते हैं।

जनता का विश्वास केवल पारदर्शिता और जनता के साथ संवाद के माध्यम से ही अर्जित किया जा सकता है। उदाहरण के लिए, जब नागरिक देखते हैं कि परमाणु विज्ञान रेडियोथेरेपी के माध्यम से जीवन बचा रहा है, उत्परिवर्तन प्रजनन के माध्यम से फसलों को बढ़ा रहा है या विकिरण शुद्धिकरण के माध्यम से सुरक्षित जल उपलब्ध करा रहा है, तो वे परमाणु ऊर्जा के मानवीय पहलू से जुड़ने लगते हैं। परमाणु ऊर्जा विभाग में अपने कार्यकाल के दौरान, हमने नई आउटरीच रणनीतियों की शुरुआत करके इस दिशा में कई प्रयास किए, जिसके परिणामस्वरूप 2015 की गणतंत्र दिवस परेड में परमाणु ऊर्जा विभाग की झांकी प्रदर्शित की गई और प्रसारण व सोशल मीडिया पर उपस्थिति दर्ज कराई गई। ये कदम दिखावटी नहीं थे; इनका उद्देश्य विज्ञान और समाज के बीच की दीवार को हटाना था।

यदि नया अधिनियम नागरिकों के साथ खुले संवाद को बढ़ावा दे पाता है, तो यह समाज के साथ विज्ञान के सामाजिक संबंधों को पुनर्परिभाषित करेगा। ऐसा करके, यह हमारे चिरस्थायी आदर्श वाक्यः राष्ट्र की सेवा में परमाणु, की भावना को साकार करेगा।

नए अधिनियम से यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि इस प्रकार के संदेश सार्वजनिक प्रकटीकरण को अनिवार्य बनाएं, शैक्षिक जागरूकता को प्रोत्साहित करें तथा नागरिकों के साथ संवाद को संस्थागत कार्य प्रणाली का अभिन्न अंग बनाएं।

नए अधिनियम में क्या गारंटी होनी चाहिए

यदि 1962 के प्रथम परमाणु ऊर्जा अधिनियम ने क्षमता निर्माण के मूल मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया था, तो नए अधिनियम का उद्देश्य आत्मविश्वास बढ़ाना और परमाणु प्रौद्योगिकी की बड़े पैमाने पर तैनाती करना होना चाहिए। इसमें उस राष्ट्र की परिपक्वता प्रतिबिंबित होनी चाहिए जिसने जटिल तकनीकों में महारत हासिल की है और जिम्मेदार आचरण के माध्यम से वैश्विक सम्मान अर्जित किया है। नए अधिनियम को विज्ञान और समाज के बीच पारस्परिक आश्वासन की यह गारंटी देनी चाहिए किः

संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी,

दायित्व (देनदारियां) हमेशा न्यायसंगत और पारदर्शी रहेगा, और

जनता का विश्वास हर निर्णय के केंद्र में रहेगा।

जब ये गारंटियां न केवल कानून में, बल्कि संस्थागत व्यवहार में भी निहित होंगी, तो भारत का परमाणु भविष्य सुदृढ़ आधार पर खड़ा होगा।

सुशील कुमार लोहानी, रंजन घोष

1992 के 73वें संविधान संशोधन अधिनियम के साथ, ग्राम पंचायतों (जीपी) को जमीनी स्तर पर स्व-शासन के एक नए युग का सूत्रपात करने के लिए सशक्त बनाया गया। आशा थी कि वे वित्तीय रूप से सशक्त, राजनीतिक रूप से जिम्मेदार और नवोन्मेषी होंगे। हालांकि, तब से काफी प्रगति हुई है, लेकिन यह विज़न अब भी केवल आधा ही पूरा हुआ है। अनुच्छेद 243एच के तहत अपना राजस्व जुटाने का संवैधानिक अधिकार होने के बावजूद, अधिकांश ग्राम पंचायतें अब भी वित्तीय दृष्टि से राज्य और केंद्र सरकारों के हस्तांतरणों पर निर्भर हैं।

भारत की पंचायतों के लिए यह समय नवाचार और उद्यमियों की तरह सोचने का है

पंचायती राज मंत्रालय (एमओपीआर) के नवीनतम आंकड़ों और राष्ट्रीय सार्वजनिक वित्त और नीति संस्थान (एनआईपीएफपी) के 2025 के अध्ययन के अनुसार, स्व-संसाधन राजस्व (ओएसआर) पंचायत वित्त में केवल 6–7% का ही योगदान देता है। शेष 93-94% अब भी अनुदानों से आते हैं। यह निर्भरता पंचायतों के स्थानीय पहलों को कमजोर कर रही है। वे आत्मनिर्भर स्थानीय शासनके बजाय सरकार की योजनाओं को लागू करने वाली एजेंसी बन गए हैं। इसे बदलने का समय आ गया है, केवल टैक्स नियमों की समीक्षा ही नहीं की जानी चाहिए, बल्कि पंचायतों को उद्यमशील मानसिकता भी अपनानी चाहिए।

यह महत्वपूर्ण है, क्योंकि वित्तीय नियंत्रण के बिना, ग्राम पंचायतें स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार योजना नहीं बना सकतीं या प्राथमिकता तय नहीं कर सकतीं। एनआईपीएफपी की रिपोर्ट बताती है कि जहाँ संपत्ति कर, उपयोगकर्ता शुल्क, या सामुदायिक संपत्ति के माध्यम से आर्थिक संभावनाएँ मौजूद हैं, वहां भी ङ्क नवाचार, डिजिटल प्रणाली और राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी कार्य-प्रदर्शन को सीमित करती है। केरल, कर्नाटक और गोवा जैसे राज्यों का प्रति व्यक्ति ओएसआर अधिक है (क्रमशः 286, 148, और 1,635)। इनमें डिजिटल तरीके से टैक्स संग्रह और सामुदायिक भागीदारी भी है। दूसरी ओर, झारखंड, बिहार और हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों का ओएसआर संग्रह लगभग नगण्य है। जैसा कि जोसेफ शुम्पेटर ने कहा है, उद्यमिता रचनात्मक परिवर्तन के बारे में है। पंचायतों के लिए, इसका मतलब है - निष्क्रिय संग्रह से सक्रिय सृजन की ओर बढ़ना। उन्हें स्वयं का फिर से आकलन करने, स्थानीय संपत्तियों से आय कमाने, सेवाओं को कुशलतापूर्वक प्रदान करने और आय को विकास में पुनः निवेश करने के तरीकों को खोजने की आवश्यकता है।

आईआईएम, अहमदाबाद (आईआईएम-ए) ने ओएसआर के संदर्भ में उद्यमिता की सर्वोत्तम प्रथाओं का दस्तावेज तैयार किया, इस दौरान कई सकारात्मक तथ्य सामने आए। उदाहरण के लिए, गुजरात के धरमज में, ग्राम पंचायत

का वार्षिक बजट ?5 करोड़ है, जिसकी आधी धनराशि स्थानीय रूप से प्राप्त आय से आती है। परती जमीन को बहुउद्देशीय पार्क में पुनर्विकसित करके, संपत्ति और जल टैक्स को डिजिटल रूप से एकत्र करके और अपने एनआरआई प्रवासियों के योगदान का लाभ उठाकर, इस गांव ने ?2.5 करोड़ से अधिक का आरक्षित कोष तैयार कर लिया है। उत्तराखंड के सिरासु में, ग्राम पंचायत अपने दर्शनीय स्थलों में विवाह-पूर्व फोटो शूट के लिए नाममात्र शुल्क लेकर सालाना ?15ङ्क20 लाख कमाती है। उन्होंने इसका उपयोग सौर प्रकाश और सड़कों के वित्तपोषण के लिए किया है। ओडिशा के मुकुंदपुरपटन में, ग्राम पंचायत की आय 2006 में ?93,000 से बढ़कर 2018 में ?36.78 लाख हो गई, जो मंदिर किराए, बाजार पट्टे और जिओ-टैग की गयी संपत्तियों के माध्यम से प्राप्त हुई। इन (और कई अन्य) ग्राम पंचायनों ने राज्य निधियों का इंतजार नहीं किया, बल्कि वे वित्तीय रूप से व्यावहारिक संस्थाओं में बदल गयीं।

फिर भी, इन उदाहरणों की संख्या बहुत कम है, जो आवश्यक बड़े बदलाव लाने के लिए पर्याप्त हो। अधिकतर पंचायतें कहाँ पीछे रह जाती हैं? प्रमुख रूप से इसे राजनीतिक हिचक से जोड़ा जा सकता है, जो मतदाता के विरोध के डर से टैक्स लगाने से पीछे हट जाते हैं। कई ग्राम पंचायतेंअब भी संपत्ति का मूल्यांकन भौतिक रूप से (मैन्युअल) करते हैं, जिसमें खराब रिकॉर्ड और लागू करने की कमजोरप्रक्रिया के कारण मूल्यांकन बहुत कम होता है। उपयोगकर्ता शुल्क शायद ही कभी संशोधित किए जाते हैं। कुछ राज्यों में, शुल्क की अधिकतम सीमा में दशकों से बदलाव नहीं हुआ है। इसके परिणामस्वरूप एक निम्न आय, गतिहीन टैक्स आधार और निर्भरता की संस्कृति बनी हुई है। जैसा कि एनआईपीएफपी की रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है, वैधानिक वित्तीय सशक्तिकरण का कोई मतलब नहीं है, यदि वास्तविक रूप से संचालन से जुड़ी स्वतंत्रता न हो। तकनीक धीरे-धीरे स्थिति को बदल रही है। तमिलनाडु का वीपी टैक्स पोर्टल संपत्ति और पेशेवर करों की वास्तविक समय में निगरानी की सुविधा देता है, जबकि झारखंड में पीओएस-सक्षम कर संग्रह ने दक्षता और पारदर्शिता में सुधार किया है। यदि ऐसी प्रणालियों को स्वामित्व के संपत्ति मानचित्रण से जोड़ा जाए, तो पंचायतों के राजस्व आधार का व्यापक रूप से विस्तार हो सकता है। कुछ व्यवहारिक प्रोत्साहन, जैसे समय पर टैक्स देने वालों को सार्वजनिक रूप से मान्यता देना या स्पष्ट परिणाम दिखाना (आपके टैक्स से इस सड़क का निर्माण हुआ) स्वैच्छिक अनुपालन भी बढ़ा सकते हैं।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

है यही इल्तिजा

है यही इल्तिजा लौट आ लौट आ मुझ को कर दे क्षमा लौट आ लौट आ तेरे बिन कोई मौसम सुहाता नहीं है फ़ज़ा ग़मज़दा लौट आ लौट आ ये थी मेरी ख़ता कुछ न कर अब गिला तू नहीं बेवफ़ा लौट आ लौट आ मेरी फ़ितरत में पहले थी आवारगी और अब है वफ़ा लौट आ लौट आ क्यों तू दुनिया की रौनक़ में मसरूफ़ है सुन ले मेरी सदा लौट आ लौट आ धड़कनों में ज़रा-सी है जुम्बिश अभी ज़ीस्त है बेवफ़ा लौट आ लौट आ वसवसों में न पड़ कर ले मुझ पर यक़ीं हर ख़ता भूल जा लौट आ लौट आ। - **अंशु विनोद गुप्ता**

पहले सुबह होते ही



पहले सुबह होते ही मंदिर की घंटियां,शंख की गुंजन,मधुर भजन सुनाई देती थी....और अब "सावधान पानी की टंकी भर गई है,कृपया मोटर बंद करे" समय परिवर्तन शील होता है,मुझे तो लगता है,बुरे,भ्रष्ट लोगों के लिए भी एक ऐसा अलार्म होना चाहिए"सावधान पाप का घड़ा भर गया है,कृपया बुरे काम करना छोड़ देवे" अरे 100 में दो भी सुधर गए तो देश,समाज का कुछ तो भला होगा जी??

- शत्रुंजय तिवारी

नर से नारायण बनो, कहन लगे अतिरेक

नर से नारायण बनो, कहन लगे अतिरेक। धर्म भाव से सोच तो, लगे बहुत ही नेक। लगे बहुत ही नेक, दुष्टता मन से जाए। और दया का भाव, हृदय में सब के आए। दवा ज्ञान विज्ञान, दूर हो जीवन हर से। कर न पाएँ विकास,रहें हम आदिम नर से।। - **अंजली यादव**

दर्द की कीमत हर किसी को

दर्द की कीमत हर किसी को चुकानी पड़ती है। कोई इस दर्द से टूट कर आंसू बहाता हैं और कोई कुछ कर गुजरने का हौसला रखता है। जिंदगी किसी के इंतजार में नहीं रुकती। जो दर्द भरे दिन गुजर जाते हैं, वो लौट कर फिर वापस नहीं आते।

- अजय साहू

नहीं चाहिए : शतक पर शतक

नहीं चाहिए : शतक पर शतक लगाने वाला,T20 का सबसे खराब बल्लेबाज संजू सैमसन और यशस्वी जायस्वाल हमें चाहिए : 0, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9 रन बनाने वाला, ञ्ज:20 का ÷सर्वकालिक महानतम बल्लेबाज÷ शुभमन गिल, जिसके बगैर भारतीय टीम का कल्याण हो ही नहीं सकता। - **सचिन चौधरी**

हाँ, मैं बदल गई हूँ- थोड़ी-सी

हाँ, मैं बदल गई हूँ- थोड़ी-सी अलग हो गई हूँ। समय ने बस मेरे भीतर की कुछ परतें धीरे-धीरे खोल दी हैं। मैं वही हूँ, पर थोड़ा और शांत, थोड़ा और सधी हुई। कुछ सपने नए जुड़े हैं, कुछ लोग पीछे छूट गए हैं, और मैं अपने ही रास्ते पर थोड़ी-सी बदल कर थोड़ी-सी सँवर कर चल पड़ी हूँ। हाँ मैं थोड़ा बदल गई हूँ।

- रश्मि अभय

यूँ सफर इस ज़ीस्त का आसान

यूँ सफर इस ज़ीस्त का आसान होना चाहिए सबसे पहले आदमी इंसान होना चाहिए। रंग मजहब औ किताबें क्या सिखाती नफरतें? प्यार तो मीरा **"तनुज"** रसखान होना चाहिए।

- सतीश मैथिल तनुज

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेषः आज का दिन सम्पन्नता कारक रहेगा दिन के आरंभिक भाग में किसी महत्त्वपूर्ण कार्य का निर्णय लेने में दुविधा होगी।

वृषः आज आपके व्यक्तित्त्व में विकास होगा अधिकांश कार्यो को देखभाल कर ही करेंगे वाणी में मिठास रहेगी लेकिन मन मे कड़वाहट परिजनो से नही छुपा सकेंगे।

मिथुनः आज का दिन प्रतिकूल फलदायी रहेगा। दिन का पहला भाग नासमझी के कारण व्यर्थ खराब होगा। परिजनो से बिना कारण के ही फटकार सुननी पड़ेगी स्वभाव में उद्दंडता तो रहेगी।

कर्कः आज आपको लाभ की सम्भावना दिन के आरंभ से ही रहेगी कुछ शुभ प्रसंग घटने पर मानसिक रूप से निश्चिन्त रहेंगे।

सिंहः आज का दिन मिला-जुला फल देगा। आज आप जिस कार्य को करने का मन बनाएंगे उसके आरम्भ में पहले खराब सेहत बाधा डालेगी आरम्भ होने के बाद भी सरकारी अथवा अन्य आर्थिक कारणों से बीच मे छोड़ना पड़ा सकता है।

कन्याः आज के दिन से आप कुछ अधिक आशा लगाए रहेंगे दिन के मध्यान तक दिनचार्य सुव्यवस्थित रहेगी लेकिन मध्यान बाद से स्वभाव में लापरवाही आने के कारण अव्यवस्था बढ़ेगी।

तुलाः आज के दिन कोई भी निर्णय जल्दबाजी में ना ले वरना बाद में पछताना पड़ेगा परिस्थितियां आज हानिकारक बनी हुई है सही दिशा में जा रहा काम भी किसी की गलती से बिगड़ने की संभावना है।

वृश्चिकः आज का दिन राज-समाज मे आपकी प्रतिष्ठा बढ़ाएगा। आज कुछ ना करने पर भी आपका व्यक्तित्त्व बढ़ा हुआ रहेगा। लेकिन थोड़ी सी प्रशंसा पाकर अहम की भावना भी आएगी।

धनुः आज का दिन कार्यो में सफलता दिलाने वाला रहेगा परन्तु सफलता को धन के साथ ना जोड़े अन्यथा दुखी होना पड़ेगा। आर्थिके दृष्टिकोण से दिन पहले की तुलना में बेहतर रहेगा।

मकरः आज का दिन आध्यात्मिक दृष्टिकोण से लाभदायक रहेगा। धर्म कर्म के प्रति आज निष्ठा रहेगी दान पुण्य करने के अवसर सुलभ होंगे इनका लाभ निकट भविष्य में किसी भी रूप में अवश्य मिलेगा।

कुंभः आज के दिन आप कुछ अभाव का अनुभव करेंगे फिर भी परिस्थिति के अनुसार स्वयं को ढाल लेना ही बेहतर समझेंगे। आज आप अपने स्वभाव में परिवर्तन लाने का प्रयास करेंगे।

मीनः आज दिन के आरंभ से ही मानसिक रूप से स्फूर्ति रहेगी सेहत उत्तम रहने पर भी आलस्य नही जाएगा। लेकिन दिनचार्य गई गति धीमी होने पर भी मध्यान बाद गंभीरता से कार्य कर कमियों की भरपाई कर लेंगे।

QUIZ TIME

1) जूडो में शिडो शब्द का प्रयोग किसलिए किया जाता है?

2) इंग्लैंड का बॉन्ड स्ट्रीट किस लिए मशहूर है?

3) किसके द्वारा रचित नागानंद, एक संस्कृत नाटक है, जिसमें नागों को बचाने के लिए विद्याधर राजा जिमुतवाहन के आत्म-बलिदान की लोकप्रिय गाथा का वर्णन है?

4) सर चार्ल्स विल्किन्स किस अनुवाद के लिए प्रसिद्ध है?

5) मोहिनीअट्टम की जननी किसके जीवन पर आधारित एक डॉक्यू-फिक्शन है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) मामूली जुर्माना (2) ज्वेलरी और टेलरिंग (3) हर्षवर्धन (4) भगवद् गीता (5) कलामंडलम कल्याणीकुट्टी अम्मा

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -258

न्यूज गैलरी

दिल्ली में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे दुर्ग के दिव्यांग बच्चे

दुर्ग। सुर धारा म्यूजिकल फाउंडेशन दुर्ग के दिव्यांग दृष्टिबाधित बच्चे नेशनल फेडरेशन ऑफद ब्लाइंड) की राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेंगे। ये बच्चे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर राष्ट्रीय मंच पर दुर्ग जिले का नाम रोशन करेंगे। इन बच्चों को दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह ने हाल ही में सम्मानित किया था। बच्चों की प्रस्तुति की प्रशंसा करते हुए कलेक्टर ने जमकर तारीफकी थी। सुर धारा म्यूजिकल फाउंडेशन इन बच्चों को विशेष प्रशिक्षण और सुविधाएँ प्रदान कर रहा है, जिससे वे अपनी संगीत व अन्य प्रतिभाएं निखार सकें। 2, 3 और 4 जनवरी को प्रतियोगिता नई दिल्ली में लुईस ब्रेल के जन्मदिन के अवसर पर होगी। बच्चे ब्रेल रीडिंग, ब्रेल राइटिंग और वाद विवाद व संगीत में भाग लेंगे। सुर धारा की अध्यक्ष ज्योति ध्रुव ने बताया कि 7 दिसंबर को बच्चों ने राज्य स्तर खेल प्रतियोगिता भिलाई में जीत हासिल की थी। संस्था के सचिव उमेश यादव और कोषाध्यक्ष राजेश गुप्ता ने बच्चों को शुभकामनाएं दी है।

गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित

दुर्ग। कलेक्टर अभिजीत सिंह के आदेशानुसार 18 दिसंबर को गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है। कलेक्टर ने जिले में स्थित समस्त देशी मदिरा व विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों, रेस्टोरेंट, बार, होटल-बार, क्लब को पूर्णतः बंद रखने के आदेश दिए हैं।

श्री शंकराचार्य महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर प्रदर्शनी

भिलाई। श्री शंकराचार्य महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति और भारतीय ज्ञान प्रणाली पर आधारित दो दिवसीय भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। विभिन्न प्रकार के चार्ट व मॉडलों का जीवंत प्रदर्शन किया जाएगा। मुख्य अतिथि आईआईटी के डायरेक्टर प्रोफेसर राजीव प्रकाश होंगे। प्रदर्शनी सभी विद्यार्थियों व गणमान्य नागरिकों के अवलोकनार्थ 15 और 16 दिसंबर को खुली रहेगी।

उधारी का पैसा वापस मांगने पर सिर पर मारा पत्थर

भिलाई/नवप्रदेश। शनिवार की रात सर्कुलर मार्केट में पैसों के लेन-देन को लेकर हुए विवाद में युवक नीलकमल पर उसके दोस्त शिवा कोसले ने जानलेवा हमला कर दिया। आरोपी ने बोल्डर पत्थर से सिर पर वार किया, जिससे वो गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां से दुर्ग जिला अस्पताल रेफर किया गया। युवक की हालत नाजुक है।

नीलकमल के भाई ने बताया कि उसे सूचना मिली थी कि किसी ने उनके भाई को पत्थर से कुचलकर मार दिया है। मौके पर पहुंचे तो घटनास्थल पर नीलकमल खून से लथपथ हालत में पड़ा था। उसे अस्पताल ले जाया गया। छावनी पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी शिवा कोसले (29) को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस ने बताया कि प्राथमिक पूछताछ में पैसों के लेन-देन का मामला सामने आया है। चार महीने पहले नीलकमल ने आरोपी शिवा को 15 हजार रुपए दिए थे। रात में दोनों साथ बैठकर शराब पी रहे थे। इसी दौरान पैसों को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। बाद में दोनों के बीच हिंसक झगड़ा होने लगा। गुस्से में आकर शिवा ने पास पड़े पत्थर से नीलकमल के सिर पर कई वार कर दिए।

कल्याण कॉलेज में हंगामा, मुख्य आरोपी गिरफ्तार

भिलाई/नवप्रदेश। कल्याण कॉलेज में हंगामा और शासकीय काम में बाधा डालने व शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के मामले में पुलिस ने फरार आरोपी आकाश कनौजिया को गिरफ्तार कर लिया है। आकाश कनौजिया एनएसयूआई के प्रदेश सचिव और भिलाई नगर विधायक के प्रतिनिधि है।

आकाश दिल्ली भागने के फिराक में था। पुलिस ने उसे महाराष्ट्र के नागपुर एयरपोर्ट के पास गिरफ्तार कर लिया। एनएसयूआई नेता पर कॉलेज परिसर में घुसकर प्राचार्य से बदसलूकी करने और शासकीय दस्तावेजों को नुकसान पहुंचाने का आरोप है। 9 दिसंबर को दोपहर के समय कल्याण कॉलेज में परीक्षा फॉर्म की जांच और हस्ताक्षर का काम चल रहा था। इसी दौरान आकाश कनौजिया, दीपक पाल, आनंद यदु, पूर्व मानसेवी सहायक प्राध्यापक नितेश गुप्ता, आशीष काले, भौमित पटेल और अंशुल शर्मा सहित कुछ युवकों ने गाली-गलौज करते हुए प्रिंसिपल डॉ. विनय शर्मा के केबिन में हंगामा किया। उन्होंने प्राचार्य के कक्ष में रखे शासकीय दस्तावेज टेबल से उठाकर फेंक दिए। शासकीय संपत्ति को भी नुकसान पहुंचाया गया। प्रिंसिपल डॉ. विनय शर्मा के साथ भी बदसलूकी की गई।

शिकायत मिलने के बाद भिलाई नगर थाना पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया। थाना प्रभारी जितेंद्र वर्मा ने बताया कि घटना के बाद आकाश कनौजिया फरार हो गया था। उसे महाराष्ट्र में दबिश देकर गिरफ्तार किया गया। भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि इस मामले में दो अन्य आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। अन्य आरोपियों की तलाश चल रही है।

खेल समाज में एकता और अनुशासन भाईचारे का प्रतीक हैं: सांसद बघेल

खेल महोत्सव के तृतीय चरण में हुई विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर निगम दुर्ग क्षेत्र के अन्तर्गत रविवार को सांसद खेल महोत्सव 2025 का तृतीय चरण संपन्न हुआ। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ने कहा कि खेल हमें जीवन में अनुशासन और आत्मविश्वास सिखाते हैं। खेल जीवन का सबसे बड़ा शिक्षक है। यह हमें हार-जीत से ऊपर उठकर मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास की भावना देते हैं।

आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कहा कि खेलों से सपने खिलते हैं। यही सपने शहर की पहचान बनते हैं। नगर निगम खिलाड़ियों को हरसंभव सुविधा देने के लिए तत्पर है। उन्होंने कहा कि खेल भावना ही समाज में एकता और भाईचारे का प्रतीक है। स्वस्थ रखते हैं। सांसद खेल महोत्सव दुर्ग के युवाओं के लिए प्रेरणा और प्रगति का प्रतीक बनेगा।

महोत्सव में पार्षद सरिता चंद्राकर, उपायुक्त मोहेंद्र साहू, कार्यपालन अभियंता विनीता वर्मा, गिरीश दीवान, संजय ठाकुर, हरिशंकर साहू, विनोद मांझी, मोहित मरकाम, पंकज साहू, अर्पणा मिश्रा, विकास दमाहे, प्रेरणा दुबे सहित अधिकारी, कर्मचारी, खेल कोच व खिलाड़ी व बड़ी संख्या में नागरिकगण मौजूद थे।

खेल महोत्सव के दौरान विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं महात्मा गांधी स्कूल परिसर, सुराना कॉलेज खेल मैदान में आयोजित की गईं। खेल महोत्सव के दौरान 9 से 15 वर्ष तक के खिलाड़ी, 16 से 30 वर्ष तक के खिलाड़ी और 30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। एकल खेलों में 100 मी. और 400 मी दौड़, गेड़ी, कुश्ती, वेटलिफ्टिंग, कुर्सी दौड़ और टीम खेल में बॉलीबॉल कबड्डी, खो-खो की प्रतियोगिताएं हुईं।

प्रतियोगिताओं में योगासन ध्रुव राउत बालक, भौमिक देशमुख, अशिता सोनी, पूनम, कृष्णा घोष विजयी रहे। कबड्डी में युवराज ठाकुर टीम, देविका साहू टीम, जीवेश ठाकुर टीम विजयी रहे। खो-खो में नीलकमल यादव टीम, सिया चौहान टीम, शीतल निषाद टीम, संगम विश्वकर्मा टीम विजयी रहे। सुरीली कुर्सी में भावना साहू जमुना तांडी विजयी रहे।

खेलों से स्वस्थ, सक्रिय और अनुशासित बनते हैं खिलाड़ी

सांसद खेल महोत्सव में शामिल हुए विधायक ललित चंद्राकर

भिलाई/नवप्रदेश। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुरई में आयोजित विधानसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव 2025 में मुख्य अतिथि ललित चंद्राकर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक चंद्राकर ने कहा कि खेल हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो हमें स्वस्थ, सक्रिय और अनुशासित बनाते हैं। निरन्तर जीवन में सीखने की कला सिखाते हैं कि बेहतर से बेहतर कैसे किया जाए। खिलाड़ी कभी नहीं हारता है। कुछ नया सीख कर जाता है। खिलाड़ियों का उत्साह और अनुशासन युवा शक्ति की सकारात्मक दिशा को दर्शाता है।

इस दौरान उतई नपं अध्यक्ष सरस्वती साहू, मंडल अध्यक्ष शीतल राजपूत, महामंत्री प्रवीण यदु, फ्लेंद्र सिंह राजपूत, पार्षद संगीता रजक, सरपंच करण सेन, जितेंद्र सोनी, कृष्णा साहू, डोमार साहू, घनश्याम चंद्राकर, ममता चंद्राकर, एकता चंद्राकर, रंजना चंद्राकर, हरीश यादव, छबिलाल साहू सहित क्लस्टर स्तर के समस्त ग्रामों के सरपंच, पंच, सचिव, कार्यकर्ता व बड़ी संख्या में खिलाड़ीगण उपस्थित रहे।

10वीं की छात्रा ने लगाई फांसी

दुर्ग। मोहन नगर थाना क्षेत्र में कक्षा दसवीं की एक छात्रा ने शनिवार को दोपहर के समय फांसी लगाकर जान दे दी। मृत छात्रा दिशा माथनकर (15 वर्ष) दुर्ग पब्लिक स्कूल में पढ़ती थी। दिशा अपने परिवार के साथ जयंती नगर स्थित घर में रहती थी। यहीं पर उसने आत्महत्या कर ली। आत्महत्या का कारण अज्ञात है। दिशा अपने परिवार के साथ किराए के मकान में रहती थी। परिवार में 4 सदस्य है। बताया जा रहा है कि दिशा परिवार की बड़ी बेटी थी। उसकी मां सिलाई का काम करती हैं और उनकी एक छोटी-सी टेलर की दुकान भी किराए की है। परिवार की आर्थिक स्थिति सामान्य बताई जा रही है। पड़ोसियों ने बताया कि दिशा पढ़ाई में होनहार थी और सामान्य स्वभाव की थी। किसी तरह के तनाव या विवाद की जानकारी सामने नहीं आई है। पुलिस परिजनों, पड़ोसियों और स्कूल से जुड़े लोगों से पूछताछ कर रही है, ताकि आत्महत्या के पीछे के कारणों का पता लगाया जा सके।

एसआईआर : बीएलओ एप के लॉजिकल एरर पर दिया गया प्रशिक्षण

कोई भी पात्र मतदाता न छूटे, कोई भी अपात्र सूची में न रहे : कलेक्टर

दुर्ग/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य सतत रूप से किया जा रहा है। आज दुर्ग ग्रामीण/शहर, वैशाली नगर, भिलाई नगर, पाटन व अहिवारा विधानसभा क्षेत्रों में बीएलओ एप में पाई गई लॉजिकल एरर/लॉजिकल डिस्क्रिपेन्सी (विसंगतियों) के सुधार के लिये मास्टर ट्रेनर्स ने प्रशिक्षण दिया। साईंस कॉलेज दुर्ग, बीआईटी दुर्ग, श्री शंकराचार्य इंजीनियरिंग महाविद्यालय जुनवानी भिलाई, विवेकानंद सभागार एवं छत्रपति शिवाजी इंजीनियरिंग कॉलेज दुर्ग, पुलगांव में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, बीएलओ, सुपरवाइजर सहित एसआईआर कार्य में लगे सभी अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने विभिन्न प्रशिक्षण स्थलों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश व प्रशिक्षण की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बताया कि अब तक एसआईआर का आधा कार्य पूर्ण किया जा चुका है। उन्होंने अधिक से अधिक फर्म-6 जमा कराने, ऑनलाइन प्राप्त गणना पत्रकों का बीएलओ द्वारा सत्यापन करने और यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे और कोई भी अपात्र व्यक्ति सूची में शामिल न हो।

कलेक्टर ने लॉजिकल डिस्क्रिपेन्सी की पुनः जांच के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि पिता के नाम का 2025 की मतदाता सूची से मिलान न होना, लिंग की गलत प्रविष्टि, दादा-दादी व मतदाता की उम्र में 40 वर्ष से कम तथा माता-पिता और संतान के बीच 15 वर्ष से कम उम्र के अंतर जैसी विसंगतियों को सुधार कर पुनः सत्यापित किया जाए। बीएलओ को गणना पत्रक सामने रखकर पूर्ण विवरण करते हुए सत्यापन कार्य करने कहा गया। घर-घर सर्वेक्षण के दौरान बीएलओ द्वारा एकत्र कर डिजिटाइज किए गए गणना पत्रकों के आधार पर संभावित डुप्लीकेट मतदाताओं को बीएलओ एप में चिन्हित किया जाएगा। ऐसे मामलों में पुनः सत्यापन कर आवश्यक सुधार करना अनिवार्य होगा।

बीएसपी में दुर्घटना : गिरफ्तार अफसर निजी मुचलके पर रिहा

भिलाई/नवप्रदेश। बीएसपी में 2023 की एक औद्योगिक दुर्घटना में गिरफ्तार जीएम, शिफ्ट इंचार्ज व ठेकेदार को निजी मुचलके पर रिहा कर दिया गया है। बीएसपी प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि पुलिस द्वारा दर्ज किया गया प्रकरण जमानतीय प्रकृति का है। दुर्घटना से संबंधित अधिकारी सुशांत कुमार घोषाल मुख्य महाप्रबंधक, धीरेन्द्र कुशवाहा, शिफ्ट-इंचार्ज (यांत्रिकी) ने भिलाई भट्ठी थाना में विधिसम्मत रूप से उपस्थिति दर्ज कराई। आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण किए जाने के बाद उन्हें उसी दिन थाना परिसर से निजी मुचलके पर रिहा कर दिया गया।

बीएसपी प्रबंधन ने कहा कि यह प्रकरण पूरी तरह आधिकारिक कार्य निष्पादन के दौरान घटित घटना से जुड़ा है। इसका किसी भी प्रकार से व्यक्तिगत आचरण या निजी कृत्य से कोई संबंध नहीं है। घटना संयंत्र क्षेत्र में ठेका कार्य के दौरान हुई थी। घटना के बाद प्रभावित कर्मियों को आवश्यक चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराई गई और निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुसार जांच कर आगे की कार्यवाही की गई।

भिलाई स्टील प्लांट प्रबंधन पुलिस द्वारा की जा रही जांच में पूर्ण सहयोग कर रहा है और कानून के शासन में पूर्ण विश्वास रखता है। संयंत्र में औद्योगिक सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। बीएसपी प्रबंधन ने दिवंगत कर्मी के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। परिजनों को नियमानुसार हरसंभव मदद दी जा रही है।

नेशनल ओपन कबड्डी प्रतियोगिता

सांसद बघेल ने किया शुभारंभ

जामुल/नवप्रदेश। नगर पालिका जामुल में मां महामाया युवा संगठन द्वारा नेशनल ओपन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति के संयोजक ईश्वर सिंह ठाकुर अध्यक्ष नगर पालिका जामुल हैं। उन्होंने बताया कि जामुल नगर में दो दिवसीय नेशनल कबड्डी प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के बिलासपुर, दुर्ग, भिलाई, कोरबा, बेमेतरा, बालोद, पेन्ड्रा, राजनांदगांव, उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद, वाराणसी, महाराष्ट्र के अकोला, मध्यप्रदेश के जबलपुर, महाराष्ट्र के नागपुर की पुरुष व महिला वर्ग की टीमें भाग ले रही हैं। नपा अध्यक्ष ने बताया कि प्रतियोगिता में राशि के साथ आकर्षक पुरस्कार रखे गए हैं। आयोजन में क्षेत्र के प्रमुख जनप्रतिनिधी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

प्रतियोगिता का शुभारंभ सांसद विजय बघेल, क्षेत्रीय विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, राकेश पाण्डेय अध्यक्ष खादी एवं ग्रामोद्योग सहित शशिकांत बघेल अध्यक्ष कबड्डी संघ (छग) सत्येन्द्र सिंह पूर्व अध्यक्ष युवा मोर्चा भिलाई जिला ने किया। प्रतियोगिता का समापन डॉ. सरोज पाण्डेय राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाजपा, पुरुषोत्तम देवांगन अध्यक्ष जिला भिलाई भाजपा, विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, रमेश ठाकुर जिला अध्यक्ष भाजपा रायपुर, सतीश साहू विधायक प्रतिनिधी अहिवारा, विक्रम सिंह उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बिल्हा बिलासपुर की उपस्थिति में होगा।

बिना सिविक सेंस के 2047 में विश्व का नेतृत्व नहीं कर सकता भारत : जस्टिस गौतम चौरड़िया

कुम्हारी/नवप्रदेश। विचक्षण जैन विद्यापीठ में विजन 360 लीडरशिप लेक्चर सीरीज़ के अंतर्गत दूसरा व्याख्यान प्रज्ञायतन हॉल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में हाईकोर्ट के पूर्व जस्टिस व छत्तीसगढ़ स्टेट कंज्यूमर डिस्प्यूट्स रेड्रेसल कमीशन के अध्यक्ष जस्टिस गौतम चंद चौरड़िया उपस्थित रहे।

अपने संबोधन में उन्होंने सिविक सेंस एंड लॉ बिल्डिंग द फाउंडेशन ऑफ रिस्पॉन्सिबल सिटिजनशिप विषय पर बोलते हुए कहा कि भारत को विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में लाने और वर्ष 2047 तक विश्व का नेतृत्व करने के प्रधानमंत्री के संकल्प को पूरा करने में सबसे पहले नागरिकों को अपने व्यवहार में सिविक सेंस विकसित करना होगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बिना सिविक सेंस के हम कितनी भी आर्थिक उन्नति कर लें, दुनिया हमें थर्ड वर्ल्ड कंट्री के रूप में ही देखेगी। विकास का असली आधार नागरिकों का जिम्मेदार आचरण है। जस्टिस चौरड़िया ने भारतीय समाज में व्याप्त अनेक व्यवहारगत कमियों की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए बताया कि सार्वजनिक स्थानों पर थूकना, कचरा फैलाना, लाइन तोड़ना, ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन, पब्लिक प्रॉपर्टी को नुकसान पहुँचाना और भ्रष्टाचार जैसी प्रवृत्तियाँ देश की प्रगति को धीमा करती हैं। उन्होंने कहा कि भारत के संविधान ने हमें कानून का सुदृढ़ ढाँचा दिया है, लेकिन जब तक नागरिक स्वयं अनुशासन और जिम्मेदारी अपनाकर बदलाव नहीं लाएंगे, तब तक वास्तविक परिवर्तन संभव नहीं है। व्याख्यान के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रश्न पूछे जिसका जवाब जस्टिस गौतम चौरड़िया ने दिये। कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यापीठ के अध्यक्ष राजेश सावनसुखा, प्रिंसिपल एपी सिंह, ट्रस्टीगण विजय मालू, सुनील गोलछा, अनिल लोढ़ा, ऋषभ कोटडिया, गौरव गोलछा सहित शिक्षकों और विद्यार्थियों ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया।

सालेकसा में कला प्रशिक्षण व प्रदर्शनी का आयोजन

भिलाई/नवप्रदेश। प्रसिद्ध मूर्तिकार अंकुश देवांगन के कला प्रशिक्षण और प्रदर्शनी का आयोजन भानुप्रतापपुर के ग्राम सालेकसा में किया गया। एक दिवसीय कला प्रदर्शनी के दौरान हिंसा छोड़ो कला से नाता जोड़ो के नारे भी लगाए गए। ग्राम सालेकसा में उन्होंने दुनिया की सबसे छोटी मूर्तियां और प्रख्यात मॉडर्न आर्ट चित्रकार डीएस विद्यार्थी के विश्व स्तरीय पेंटिंग की प्रदर्शनी लगाई। इसे देखने के लिए स्कूली छात्र-छात्राओं और ग्रामीणों का हुजूम उमड़ पड़ा। उन्होंने कुछ मिनटों में बच्चों और शिक्षकों के पोर्ट्रेट बनाकर सबको आश्चर्यचकित कर दिया। बच्चों को निशुल्क कला सामग्री वितरित की। जुलूस निकालकर बच्चों ने जनता से हिंसा छोड़ने और कला से नाता जोड़ने का आव्हान किया। ललित कला अकादमी नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ से प्रथम बोर्ड मेंबर बने अंकुश देवांगन लगभग 35 वर्षों से बस्तर के धुर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बच्चों को निशुल्क कला सिखा रहे हैं।

आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत भाजपा ने किया युवा सम्मेलन का आयोजन

नौकरी के बजाय स्वरोजगार अपनाएं, दूसरों को रोजगार के अवसर भी पैदा करें युवा : सांसद बघेल

भिलाई/नवप्रदेश। जिला भाजपा कार्यालय परिसर में जिला भाजपा अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन के निर्देश पर युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अमित मिश्रा के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल, मुख्य वक्ता पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय थे। अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने की। विशेष अतिथि भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा, खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड अध्यक्ष राकेश पाण्डेय, वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन, जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शिरीष अग्रवाल, जिला महामंत्री सुषमा जेठानी व मनीष अग्रवाल, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष स्वीटी कौशिक, आत्मनिर्भर भारत अभियान के जिला संयोजक मनोज तिवारी उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि सांसद बघेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भर भारत की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने युवाओं से नौकरी के बजाय स्वरोजगार अपनाने और दूसरों के लिए भी रोजगार के अवसर पैदा करने का आह्वान किया।

मुख्य वक्ता पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने कहा कि हमें ज्यादा से ज्यादा स्थानीय उत्पादों का बढ़ावा देना होगा, ताकि हर वर्ग के लोगों तक स्वदेशी की भावना जागृत हो। पीएम मोदी के इस मूलमंत्र को अपनाते हुए पार्टी ने आत्मनिर्भर भारत अभियान शुरू किया है।

खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड अध्यक्ष राकेश पाण्डेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को युवाओं के नवाचार और उद्यमिता ही साकार कर सकते हैं।

विधायक रिकेश सेन ने कहा कि भारत को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहले ही ले लिया था, जिसके परिणाम स्वरूप पहले देश में 72 एयरपोर्ट थे। अब डेढ़ सौ एयरपोर्ट पूरे देश में है।

भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा ने बताया कि अभियान का उद्देश्य युवाओं और विद्यार्थियों में नवाचार, स्टार्टअप संस्कृति और उद्यमशीलता की भावना को मजबूत करना है।

जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने युवाओं को राष्ट्र निर्माण की सबसे बड़ी शक्ति बताया।

युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अमित मिश्रा ने भी सम्मेलन को संबोधित किया। इस अवसर पर पूनम शुक्ला, चन्द्रा केशवानी, चंद्रकांता मांडले, पारस जंघेल, शैलेन्द्र सिंह, हेमंत देवांगन, नितेश मिश्रा, आकाश ठाकुर, अभिषेक सिंह, रोहन सिंह, प्रशम दत्ता, सूरज साहू, आनंद ताम्रकार, प्रकाश सिंह, कंवरपाल सिंह मौजूद थे।

आईजी ने की 270 अपराधिक प्रकरणों की समीक्षा

भिलाई/नवप्रदेश पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज रामगोपाल गर्ग द्वारा रेंज स्तरीय दोषमुक्ति प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में दुर्ग, बालोद और बेमेतरा जिलों के 270 से अधिक प्रकरणों की बारीकी से समीक्षा की गई। महिला एवं बाल अपराध, पॉक्सो एक्ट, हत्या व हत्या के प्रयास, एनडीपीएस व अन्य मामलों में दोषमुक्ति के कारणों पर गहन चर्चा की गई। पुलिस महानिरीक्षक ने विवेचना की गुणवत्ता बढ़ाने, अभियोजन के साथ त्वरित समन्वय स्थापित करने और दोषसिद्धि प्रतिशत में सुधार हेतु दिशा-निर्देश दिये। आदतन अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई को प्राथमिकता देते हुए आईजी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि समाज में लगातार भय का वातावरण बनाने वाले अपराधियों पर कठोरतम दंडात्मक उपाय किए जाएं। जिन अपराधियों को जमानत का लाभ मिल चुका है, उनके दोबारा अपराध में शामिल पाए जाने पर जमानत निरस्तीकरण के लिये न्यायालय में शीघ्र पहल करने पर बल दिया। ऐसे व्यक्तियों की सतत निगरानी और रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में संयुक्त संचालक अभियोजन दुर्ग एसएस ध्रुव, उप निदेशक अभियोजन बालोद अनुरेखा सिंह, उप निदेशक अभियोजन बेमेतरा आशीष सिन्हा, लोक अभियोजन विनय अग्रवाल, लोक अभियोजन दुर्ग सुनील चौरसिया व दुर्ग, बालोद और बेमेतरा के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी-अति पुलिस अधीक्षक पदमश्री तंवर, ज्योति सिंह, मोनिका ठाकुर, डीएसपी शिल्पा साहू, उपनिरीक्षक राम प्रधान, डाटा एंट्री ऑपरेटर तेजस्वी गौतम व पुलिस पीआरओ प्रशांत शुक्ला उपस्थित रहे।

■ न्यूज गैलरी

ओपन नेशनल जूनियर में शहर के वॉलीबॉल खिलाड़ी का चयन, राजस्थान हुए रवाना

राजनांदगांव / नव प्रदेश । शहर के प्रतिभावान वॉलीबॉल के खिलाड़ी अर्पित सिंह कोरेम राजस्थान में आयोजित होने वाली अंडर-17 नेशनल ओपन जूनियर प्रतियोगिता में शामिल होने राजस्थान रवाना हुए हैं। राजस्थान में यहां प्रतियोगिता 14 से 22 दिसंबर तक आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता के लिए राजनांदगांव से अर्पित कोरम का चयन हुआ है, तो वही प्रदेशभर से लगभग 28 खिलाड़ी प्रतियोगिता में शामिल होंगे। अर्पित कोरम के राजस्थान रवाना होने पर जिला वॉलीबाल संघ के लोगों ने उन्हें अपनी बधाई और शुभकामनाएं दी है। शहर के स्टेशन पारा वार्ड नंबर 11 के छात्र अर्पित 9 वर्ष आयु से ही वॉलीबॉल खेल में शामिल हुए । अपनी कोच रेखा पदम और संध्या पदम के मार्गदर्शन उन्होने अबतक विभिन्न प्रतियोगिता में तीन गोल्ड और दो सिल्वर मेडल हासिल किया है।

छोटी उम्र में ही बड़ी उपलब्धि- कोच संध्या पदम ने बताया कि वॉलीबॉल खिलाड़ी अर्पित कोरम शुरू से ही प्रतिभावान रहा है। उसने अंडर 14 स्कूल नेशनल आंध्र प्रदेश नेल्लूर में भाग लिया था । वहीं शहर के वॉलीबॉल ग्राउंड में प्रैक्टिस करते हुए उसने पांच बार स्टेट खेल है । वहीं इंडो नेपाल में सब जूनियर प्रतियोगिता में शामिल होकर जिले को गौरान्वित किया है।

कांग्रेस के 5 वर्षों के कार्यकाल पर विजय शर्मा के दो वर्ष के विकास कार्य भारी : चंद्रवंशी

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के दो वर्षों के ऐतिहासिक कार्यों का उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी ने रखा लेखा-जोखा

कवर्धा / नवप्रदेश। कवर्धा : आज आयोजित एक विशेष प्रेस वार्ता में आंकड़ों और तथ्यों के साथ उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के पिछले दो वर्षों के कार्यकाल के लेखा-जोखा मीडिया के समक्ष कैलाश चंद्रवंशी ने रखा। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि कवर्धा विधानसभा ने पिछले दो वर्षों में विकास की जो गति देखी है, वह कांग्रेस के पिछले पांच वर्षों के ÷सुस्त और दिशाहीन÷ शासनकाल के मुकाबले कहीं अधिक प्रभावी है।

कांग्रेस सरकार के 5 साल के कार्यकाल में जहां मात्र 13268 गरीबों को पक्का मकान मिला और प्रधानमंत्री आवास को पूरे 5 साल तक रोक के रखा वहीं मुख्यमंत्री मान विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री मान विजय शर्मा जी के परिश्रम से महज 2 वर्ष के अंदर सिर्फकबीरधाम जिले के लिए 60 हजार से ज्यादा गरीबों के पक्का आवास स्वीकृत किये गए

सड़के विकास की धुरी है कांग्रेस के 5 वर्षों के कार्यकाल में जहां पुरे जिलेभर को मिलाकर प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क के तहत मात्र 27 सड़के 171 करोड़ रु स्वीकृत किये वहीं उपमुख्यमंत्री माननीय विजय शर्मा जी के प्रयासों से महज 2 साल के कार्यकाल में अकेले कवर्धा विधानसभा के 73 से ज्यादा सड़के 172 करोड़ 32 लाख रु स्वीकृत किये है

पुराने सरकार ने जहां 5 वर्ष की के समय में नवीन सड़कों का निर्माण नहीं किया वही सड़कों का मरम्मत भी नहीं किये, सभी सड़कों को जर्जर करके छोड़े थे जिनका अब नवीनीकरण और क्षेत्र में नवीन सड़कों का निर्माण भी तेजी से हो रहा है सरकारी कार्यालय में किसानों के बैठने के लिए अलग से किसान विश्राम गृह कवर्धा एसडीएम कार्यालय परिसर लोहारा बोडला और शक्कर कारखाना भोरमदेव में बनाया गया है सिंचाई की रकबे को बढ़ाने के लिए ढाई सौ करोड रुपए के लागत से बड़ौदा जगमड़वा घटोला सुतियापाठ नहर विस्तार छीरपानी जलाशय विस्तार रेंगाखार जलाशय मरम्मत रामपुर भोरमदेव सकरी फीडर विस्तार के कार्य स्वीकृत किए गए हैं

स्वास्थ्य के लिए मेडिकल कॉलेज, शिक्षा के लिए भोरमदेव विद्यापीठ, और आस्था के लिए 146 करोड़ का भोरमदेव कॉरिडोर जैसे बड़े प्रोजेक्ट्स जमीन पर उतार दिए। यह तुलना केवल समय की नहीं, बल्कि 'काम करने की नीयत' की है।

> **स्वास्थ्य सेवाओं में ऐतिहासिक सुधार**
>
> जिले की स्वास्थ्य अधोसंरचना को 'शहर जैसी सुविधाओं' से लैस किया जा रहा है। ग्राम घोठिया में 306 करोड़ रुपये की लागत से मेडिकल कॉलेज का निर्माण हो रहा है, जिससे स्थानीय स्तर पर डॉक्टरों की कमी दूर होगी। जिला अस्पताल कवर्धा में 4 करोड़ की लागत से आधुनिक सीटी स्कैन मशीन शुरू की गई है, जिससे अब मरीजों को रायपुर या बिलासपुर जाने की जरूरत नहीं है। गर्भवती माताओ की नि :शुल्क सोनोग्राफी जाँच दो एंबुलेंस और स्वास्थ्य सामुदायिक स्वास्थ्य केदो के निर्माण सहित 350 करोड़ से ज्यादा की राशि स्वास्थ्य के छेत्र को मजबूत करने इन दो वर्षों में कवर्धा में स्वीकृत किए गए

आज कवर्धा के सुदूर वनांचल से लेकर शहरी क्षेत्रों तक विकास की गूंज साफसुनाई दे रही है।

राष्ट्रीय कला उत्सव हेतु स्वामी आत्मानंद बालोद की छात्राएं चयनित

बालोद / नवप्रदेश। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी मध्य विद्यालय बालोद की छात्राएं मुस्कान साहू एवं कीर्तिका साहू का चयन राष्ट्रीय कला उत्सव प्रतियोगिता के लिए किया गया है। राज्य स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता रायपुर में पारंपरिक कहानी वाचन के अंतर्गत पंडवानी गायन शैली का शानदार प्रदर्शन करते हुए बालोद जिले से एकमात्र चयन प्रथम स्थान प्राप्त करने का गौरव हासिल किया है। राष्ट्रीय कला उत्सव आयोजन आगामी 20 से 24 दिसंबर 2025 तक यशवंत चौहान अकैडमी आफ डेवलपमेंट एडमिनिस्ट्रेशन पुणे महाराष्ट्र में छात्र कलाकार छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए अपनी पंडवानी कला प्रदर्शन करेंगे। प्राचार्य अरुण कुमार साहू ने बताया कि शिक्षा में कला एवं छात्रों की कलात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहन, पहचान एवं पोषित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय कला उत्सव का आयोजन किया जाता है।उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय कला उत्सव नई दिल्ली 2015 में भी प्राचार्य अरुण साहू के नेतृत्व में छात्राओं ने पूरे देश में द्वितीय स्थान प्राप्त कर छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया था। पंडवानी गायन शैली की प्रस्तुति पर चर्चा करते हुए मुस्कान साहू ने बताया कि वह अपना प्रदर्शन द्रोपदी चीर हरण प्रसंग पर करने जा रही है। यह कहानी प्रसंग महाभारत काल की अत्यंत दुखद घटना पर आधारित है। जिसमें युधिष्ठिर द्वारा जुए में हारने के बाद दुर्योधन के कहने पर दुशासन ने द्रौपदी का वस्त्र हरण करने का प्रयास किया। द्रोपदी के बार-बार पुकारने पर भी सभा के किसी भी व्यक्ति ने विरोध नहीं किया। तब उन्होंने भगवान कृष्ण को पुकारा भगवान कृष्ण ने उनकी लाज बचाई और उनके वस्त्रों को बढ़ाते रहे। हारमोनियम वादक एवं रागी की भूमिका में कीर्तिका साहू ने बताया कि पारंपरिक लोक कहानी वाचन शैली में पंडवानी का विशेष स्थान है।वस्तुत यह छत्तीसगढ़ का एकल लोकनाट्य है जो पांडवों की महाभारत की कथा को गायन और अभिनय के माध्यम से प्रस्तुत करने की एक शैली है।

मितान कृषक प्रोड्यूसर कंपनी का वार्षिक आम सभा संपन्न

अर्जुनी / नवप्रदेश। ग्राम पंचायत अर्जुनी के गौठान समीप मितान राइस मिल प्रांगण मितान कृषक प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड अर्जुनी द्वारा वार्षिक आमसभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का मितान कृषक प्रोड्यूसर कंपनी द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया।एमकेपीसीएल सीईओ रंजीत सोनी द्वारा वार्षिक आय व्यय प्रस्तुत किया गया। दीपक नायक उपसंचालक कृषि बलौदाबाजार ने किसानों को जैविक खेती के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया साथ ही हरीश चतुर्वेदी ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा मिट्टी परीक्षण के बारे में जानकारियां किसानो को दी गई। इस अवसर में अंबुजा सीमेंट फाउंडेशन से मंजूषा तेजेंद्र शीतल वर्मा कृषि सभापति बलौदाबाजार विष्णु साहू उपसरपंच अर्जुनी प्रेमचंद वर्मा हेमंत वर्मा थानुराम ध्रुव नारायण साहू नीलम वर्मा बलराम यदु लखन साहू सहित अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी के अधिकारी एवं कृषि अधिकारी तथा ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

ऐसा कोई सगा नहीं जिसे सरकार ने ठगा नहीं : नवीन जायसवाल

कबीरधाम/ नवप्रदेश। जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम के अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने भाजपा सरकार के दो वर्षों के कार्यकाल को पूरी तरह विफल बताते हुए कहा कि आज छत्तीसगढ़ की जनता खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही है। वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने मोदी की गारंटी के नाम पर जो बड़े-बड़े वादे किए थे, दो साल बीत जाने के बाद भी वे सभी घोषणाएँ धरातल पर दिखाई नहीं देतीं। मोदी की गारंटी छत्तीसगढ़ में पूरी तरह फेल साबित हुई है।

जायसवाल ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार छत्तीसगढ़ के जल, जंगल और जमीन को बड़े उद्योगपतियों के हाथों सौंपने में लगी है। हसदेव तमानार रायगढ़ जैसे बड़े जंगलों में लाखों पेड़ों की कटाई की जा रही है। आदिवासियों के अधिकार छीने जा रहे हैं और उनकी जमीन उद्योगपतियों को दी जा रही है। भाजपा सरकार अडानी-अंबानी जैसे बड़े पूंजीपतियों की गुलाम बन चुकी है।

किसानों की हालत पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि किसान खाद और बीज के लिए दर-दर भटक रहे हैं। बिजली कटौती की मार किसानों को सबसे ज्यादा झेलनी पड़ रही है । धान खरीदी के दौरान भारी अव्यवस्थाएँ हैं, जिससे किसानों को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

कबीरधाम (कवर्धा) जिले के दोनों शक्कर कारखाना के गन्ना किसानों की स्थिति और भी खराब है। गन्ना बेचने के बाद भी कई-कई महीनों तक भुगतान नहीं हो पाता, जिससे किसान गंभीर आर्थिक संकट में फंस रहे हैं।

कबीरधाम जिला गृह मंत्री विजय शर्मा का गृह जिला होने के बावजूद यहाँ अपराध रुकने का नाम नहीं ले रहा है। पिछले दो वर्षों में अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि हिंदू देवी-देवताओं की मूर्तियाँ चोरी और खंडित की जा रही हैं। भगवान की मूर्तियों तक को नहीं छोड़ा जा रहा। वहीं कबीर साहब जी के पोस्टर फाड़ने जैसी घटनाएँ भी सामने आई हैं, और *पोस्टर फाड़ने वाला व्यक्ति स्वयं भाजपा का बडे नेता है विजय शर्मा जी के करीबी है जो समाज में अशांति फैलाने का काम किया है।

जायसवाल ने कहा कि कवर्धा जिले में लूट,बलात्कार मर्डर आम बात हो गई है और छत्तीसगढ़ अपराध का गढ़ बन चुका है*।

शिक्षा व्यवस्था पर चिंता जताते हुए श्री जायसवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में शिक्षा का स्तर लगातार गिरता जा रहा है। कहीं शिक्षकों की भारी कमी है तो कहीं छात्रों को समय पर किताबें नहीं मिल पा रही हैं। शिक्षक भर्ती सहित विभिन्न मांगों को लेकर छात्र और शिक्षक धरने पर बैठे चुके है। युवाओं को रोजगार के नाम पर केवल धोखा मिला है। हाल ही में निकली पुलिस भर्ती में अभ्यर्थियों द्वारा भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। सरकार द्वारा शिक्षकों की भर्ती का वादा भी अब तक पूरा नहीं हुआ, यह भी मोदी की गारंटी की असफलता है। उन्होंने कहा कि 500 रुपये में गैस सिलेंडर देने का वादा भी अब तक पूरा नहीं किया गया। बिजली बिलों में बेतहाशा वृद्धि से किसान, गरीब और मध्यम वर्ग सबसे ज्यादा परेशान हैं। महतारी वंदन योजना में 1000 रुपये देने की बात तो की जाती है, लेकिन बिजली बिल के नाम पर 1000 से 5000 रुपये और कहीं-कहीं उससे भी अधिक राशि वसूल कर जनता की जेब पर सीधा डाका डाला जा रहा है।

जायसवाल ने कहा कि पूरे जिले सड़कों का हाल बेहाल है पंडरिया से कवर्धा जाओ तो सड़क खराब पंडरिया से मुंगेली जाओ तो सड़क खराब है,स्थानीय विधायक के द्वारा दो साल से सड़क के नाम पर सिर्फ आश्वासन दिया जा रहा है । गांव-गांव में सड़कें जर्जर हो चुकी हैं, यह समझना मुश्किल हो गया है कि सड़क में गड्ढे हैं या गड्ढों में सड़क। पंचायतों के पास न तो विकास कार्यों के लिए काम है और न ही पर्याप्त फंड। जनप्रतिनिधि भी सरकार की उपेक्षा से परेशान हैं। *अंत में नवीन जायसवाल ने कहा कि* भाजपा सरकार केवल अपने नेताओं और कार्यकर्ताओं को खुश रखने में लगी हुई है, जबकि छत्तीसगढ़ की जनता–किसान, युवा, महिला और आम नागरिक–आज सबसे ज्यादा परेशान है।

11वीं राज्य स्तरीय पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में पहुंचे भाजयुमो जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर

■ **विजेता खिलाड़ियों का बढ़ाया हौसला**

राजनांदगांव /नव प्रदेश । प्रदेश भर में खेल प्रेमियों और युवा खिलाड़ियों के बीच उत्साह का माहौल है। 11वीं राज्य स्तरीय पावरलिफ्टिंग एवं बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप 2025 का भव्य आयोजन 12 से 14 दिसंबर तक गांधीसभा हाल म्युनिसिपल स्कूल में किया जा रहा है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए सशक्त और प्रतिभाशाली खिलाड़ी अपनी ताकत, अनुशासन और मेहनत का प्रदर्शन कर रहे हैं।

11वीं राज्य स्तरीय पावरलिफ्टिंग एवं बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप 2025 ने खेल जगत में नई ऊर्जा भर दी है। तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता में पावरलिफ्टिंग और बॉडीबिल्डिंग की विभिन्न श्रेणियों में मुकाबले आयोजित किए जा रहे हैं जिनमें खिलाड़ियों की शानदार भागीदारी देखने को मिल रही है। आयोजन स्थल गांधीसभा हाल म्युनिसिपल स्कूल में दर्शकों की भी भारी भीड़ उमड़ रही है जो खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर रही है। प्रतियोगिता के दौरान आज नौरैया स्तरीय पावरफुल लिफ्टिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन कर सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा।

इस अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा भाजयुमो के जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर विशेष रूप से पहुंचे। उन्होंने प्रतियोगिता का अवलोकन किया और विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को सम्मानित कर बधाई दी। भाजयुमो जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करती हैं और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश देती हैं। उन्होंने आयोजकों की भी सराहना करते हुए कहा कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का सफल आयोजन जिले के लिए गर्व की बात है। इस चैंपियनशिप के माध्यम से न केवल खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच मिल रहा है, बल्कि आने वाले समय में राष्ट्रीय स्तर पर जिले और प्रदेश का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ी भी सामने आएंगे। आयोजन समिति द्वारा सुरक्षा, व्यवस्था और सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया है, जिससे प्रतियोगिता सुचारु रूप से संपन्न हो सके। तीन दिनों तक चलने वाली इस भव्य खेल प्रतियोगिता में आगे भी कई रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे जिसे लेकर खिलाड़ियों और दर्शकों दोनों में जबरदस्त उत्साह बना हुआ है।

राष्ट्रवाद पर गंभीर चिंतन की आवश्यकता : पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ

राजनांदगांव /नव प्रदेश । स्थानीय महेश्वरी भवन के सभागृह में आयोजित राष्ट्रवादी विचार गोष्ठी में देश के प्रतिष्ठित एवं चर्चित राष्ट्रवादी विचारक व वरिष्ठ पत्रकार पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ ने कहा कि आज देश को राष्ट्रवाद पर गहन चिंतन की आवश्यकता है। युवाओं को साहस के साथ सत्य के पक्ष में सामने आना चाहिए, क्योंकि राष्ट्र उनसे बड़ी आशा लगाए बैठा है।

युवाओं से सत्य बोलने का आह्वान

अपने उद्बोधन में पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ ने कहा कि आज 70ङ्75 वर्षों से सुनी-सुनाई बातों का ही अधिक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। कई लोग शब्दों के वास्तविक अर्थ जाने बिना स्वयं को विषय का जानकार बताकर भ्रम फैला रहे हैं। समाज में झूठ को सच के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है, ऐसे में सच को पहचानने और सामने लाने की जिम्मेदारी बुद्धिजीवियों की है।

सनातनी समाज के एकीकरण का लक्ष्य

उन्होंने कहा कि उनकी यात्राओं का प्रमुख उद्देश्य सनातनी हिंदू समाज को एकत्रित करना है। सतत जनजागरण के माध्यम से समाज को सत्य से अवगत कराना समय की आवश्यकता है। भारत की संस्कृति और सभ्यता आदिकाल से विश्व को मार्गदर्शन देती आई है और आज भी पाश्चात्य देश भारतीय जीवन-मूल्यों को अपना रहे हैं।

भारत की वैश्विक पहचान और शक्ति

पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ ने कहा कि भारत आज हर क्षेत्र में विश्व में अपनी अलग पहचान बना चुका है और सदैव विश्व गुरु रहा है। यह साख आने वाले समय में भी बनी रहेगी। उन्होंने उपस्थित नागरिकों से कहा कि समाज में वह शक्ति है जो शासन-प्रशासन से अपनी बात मनवा सकती है, बशर्ते लोगों को अपनी सामूहिक ताकत का एहसास हो और वे जागरूक व अध्ययनशील बनें।

राष्ट्रीय सुरक्षा और धर्म पर विचार

उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर अत्यधिक सजग रहने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि सनातन धर्म विश्व का सबसे प्राचीन धर्म है और हमें अपने आचरण को धर्मसम्मत बनाना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि धर्म के आधार पर की जा रही राजनीति ने देश को गंभीर नुकसान पहुंचाया है, जिस पर समाज को आत्ममंथन करना होगा।

पेज 1 का शेष

वित्तमंत्री ओपी ने विधानसभा...

खत्म होने वाला था। बढ़ी हुई अवधि के दौरान सदन में वंदे मातरम् पर चर्चा होगी।

भारत दुनिया की तीसरी ...

यह 64 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच सकती है। इससे वर्तमान पीढ़ी को विकास के बड़े अवसर मिलेंगे। वित्त मंत्री ने कहा कि इसी सोच के तहत छत्तीसगढ़ के लिए भी विकास का विजन तैयार किया गया है। 'विजन 2047' का उद्देश्य महंगाई, गरीबी और बेरोजगारी को कम करना, शिशु मृत्यु दर में सुधार लाना और कृषि, उद्योग और सेवा क्षेत्र की विकास दर को बढ़ाना है।

कांग्रेस ने पहले दिन के ...

जिसमें तथ्यों और आंकड़ों के साथ जवाब देने पर चर्चा होना बाकी है।

एआई क्षेत्र में दुनिया का...

दुनिया की एआई विकास यात्रा में अहम भूमिका निभा रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका एआई के मामले में दुनिया में पहले स्थान पर है, जिसका स्कोर 78.6 है। चीन दूसरे स्थान पर है और उसका स्कोर 36.95 है। वहीं, भारत तीसरे स्थान पर है, जिसका स्कोर 21.59 है। इस लिस्ट में भारत ने दक्षिण कोरिया, ब्रिटेन, सिंगापुर, जापान, कनाडा, जर्मनी और फ्रांस जैसे विकसित देशों को भी पीछे छोड़ दिया है।

पीएम मोदी, सीएम ...

भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर हार्दिक बधाई। सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने लिखा कि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किए जाने पर युवा नेता नितिन नबीन को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एक्स पर नितिन नबीन को बधाई देते हुए लिखा है कि ज्ञान और संस्कृति की पुण्यधरा बिहार के ओजस्वी भाजपा नेता और बिहार सरकार में मंत्री नितिन नबीन को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त होने पर उन्हें आत्मीय बधाई देता हूं।

संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने सूडान ...

कानून के तहत युद्ध अपराध माना जा सकता है और मैं संघर्ष के सभी पक्षों को यूएन कर्मियों और नागरिकों की रक्षा करने के उनके दायित्व की याद दिलाता हूं। जवाबदेही तय होनी चाहिए। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने एक बार फिर सूडान में लड़ रहे पक्षों से तुरंत हिंसा रोकने और स्थायी युद्धविराम के लिए बातचीत शुरू करने की अपील की। सूडानी सशस्त्र बलों ने इस हमले के लिए अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्सेस को जिम्मेदार ठहराया है, हालांकि आरएसएफ ने इस आरोप से इनकार किया है। एसएएफ के अनुसार, ड्रोन से तीन मिसाइलें दागी गईं, जिससे संयुक्त राष्ट्र की स्टोरेज फैसिलिटी आग की चपेट में आ गई। सभी हताहत बांग्लादेश बटालियन के सदस्य थे।

राजनीतिक उथल-पुथल का ...

वोट चोरी के आरोप ने देशभर में व्यापक बहस को जन्म दिया। अगस्त में लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने 2024 लोकसभा चुनाव में धांधली का आरोप लगाया। कांग्रेस ने चुनाव आयोग पर भाजपा के साथ मिलीभगत का दावा किया। 'वोट चोरी से आजादी' अभियान चला और मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफमहाभियोग की बात हुई। भाजपा ने इसे हार का बहाना बताया। यह विवाद पूरे साल चर्चा में रहा और चुनावी संस्थाओं की निष्पक्षता पर सवाल उठाए। चुनावों में पारदर्शिता के मुद्दे पर वर्ष 2025 में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण पर भी बड़ा राजनीतिक विवाद रहा। चुनाव आयोग ने बिहार से एसआईआर शुरू कर देश के 12 राज्य/केंद्र शासित प्रदेश में अभियान चलाया। विपक्ष, खासकर कांग्रेस और राहुल गांधी ने इसे 'वोट चोरी' करार दिया, आरोप लगाया कि इससे अल्पसंख्यक और विपक्षी वोटरों को निशाना बनाया जा रहा है। वहीं, सत्ता पक्ष ने एसआईआर को मतदाता सूची को शुद्ध करने के लिए जरूरी कदम बताया और फर्जी वोटर हटाने पर जोर दिया।

हमने भाजपा की विचारधारा...

इसमें उनका कोई नुकसान नहीं है। अगर देश को बचाना है, वोटों को और संविधान को बचाना है, तो आप अपने लिए काम कर सकते हो। हमारे विचारों को आगे ले जाने का काम राहुल गांधी, सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी कर रही हैं। उन्होंने कहा कि हमारी जिम्मेदारी है कि हम एक होकर इनके विचारों को और मजबूत करें। साथ ही कांग्रेस पार्टी की विचारधारा को लेकर आगे चलना है। कांग्रेस की ही विचारधारा इस देश को बचा सकती है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार और बीजेपी की विचारधारा ऐसी है कि वे देश को बचाएंगे नहीं, बल्कि खत्म कर देंगे। मल्लिकार्जुन खडग़े ने कहा कि धीरे-धीरे ये लोग संविधान को खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं। हिंदू धर्म और हिंदुत्व के नाम पर ये लोग गरीबों को गुलामी में रखना चाहते हैं। अगर आप गुलामी में रहना चाहते हैं, तो आप पूरी तरह खत्म हो जाएंगे। देश को आजादी कांग्रेस ने दिलाई है। इस दौरान मल्लिकार्जुन खडग़े ने पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधा और कहा कि ये लोग नेहरू, गांधी और अंबेडकर के खिलाफबात करते हैं।

न्यायालय नायब तहसीलदार भिलाई 3 के न्यायालय में मामला

क्रमांक: 202512103900005/
विषय: अ-74/ सन्- 2025-26

मामले की श्रेणी-राजस्व

सिरसाकला प.ह.न. 00007 (हे.)
पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार- मधुमति कोसरे/ अनावेदक पक्षकार- छ.ग. शासन

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका मधुमति कोसरे पिता/पति स्व. अश्वनी कोसरे निवासी बानबरद तह. अहिवारा जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा मौजा ग्राम सिरसाकला प.ह.न 07 रा.नि.मं. चरोदा तह. भिलाई-3 व जिला दुर्ग छ.ग. में स्थित दर्ज भूमि ख.न 842, 1123/2 रकबा 0.4200, 0.4600 हे. भूमि का मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने के कारण आवेदिका द्वारा उक्त भूमि का द्वितीय (डुप्लीकेट) ऋण पुस्तिका बनवाने बाबत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है। प्रकरण दर्ज है।

अतः उक्त प्रकरण के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को उजर दावा/आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होकर लिखित रुप में इस न्यायालय में नियत दिनांक 22.12.2025 तक दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 12.12.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर

नायब तहसीलदार
भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)

सतनाम संदेश यात्रा धूमधाम से निकाली गई

युवाओं ने दिखाएं करतब

महासमुंद/नवप्रदेश। प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज द्वारा शनिवार को सतनाम संदेश यात्रा निकाली गई। यात्रा की शुरूआत एफसीआई रोड स्थित जैतखाम की पूजा-अर्चना से हुई। जहां हजारों की संख्या में समाज के युवा, महिला एवं पुरुष सतनाम संदेश यात्रा में शामिल होने पहुंचे थे।

यात्रा बस स्टैंड से होते हुए शंकराचार्य भवन पहुंची। इस दौरान धुमाल, पंथी, अखाड़ा में समाजजन थिरकते नजर आए। महिलाओं ने बाबा जी का संदेश लोगों तक पहुंचाया। प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के प्रदेश अध्यक्ष एलएल कोसले के आतिथ्य में समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। इस दौरान सतनाम धर्म सेनानियों का सम्मान किया गया। साथ ही महिला समिति व समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान किया गया।

कोपरा चोरी केस में पुलिस को मिली सफलता, 6 आरोपियों को किया गिरफ्तार

- पाण्डुका पुलिस की कार्यवाही
- दीवाल फांदकर घर में घुसे थे चोर

कोपरा नवापारा/नवप्रदेश। नगर पंचायत कोपरा में बीते चार महीनों से लगातार हो रही चोरी की वारदातों पर आखिरकार पुलिस ने करारा प्रहार किया है। जनता में दहशत और आक्रोश के बीच गरियाबंद पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए चोरी की घटनाओं में शामिल 06 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें 04 अपचारी बालक भी शामिल हैं। बीती रात कोपरा में राघवेंद्र सिन्हा और मिलन तारक के सूने मकानों को निशाना बनाकर चोरों ने ताले तोड़े और जमकर लूटपाट की थी। बर्तन, घरेलू सामान, चांदी की मूर्तियां, अलमारियों में रखा कीमती सामान लेकर चोर फरार हो गए थे। घर में रखे टीवी और गैस चूल्हे को भी तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। नगर के बस स्टैंड, गांधी चौक और राधा कृष्ण मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों में चार चोरों की तस्वीरें कैद हुई थीं। लगातार बढ़ती घटनाओं से व्यापारी और आम नागरिक भयभीत थे। दिनदहाड़े मोबाइल चोरी और रात में मोटरसाइकिल चोरी की कोशिशों ने नगर की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए थे। लगातार मीडिया में खबरें आने और नागरिकों के दबाव के बाद पाण्डुका पुलिस ने विशेष टीम गठित कर जांच तेज की थी। थाना पाण्डुका में दर्ज अपराध क्रमांक 125/2025 के तहत पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और पूछताछ के आधार पर 04 अपचारी बालकों सहित 06 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में पवन निषाद 23 वर्ष निवासी बजरंग चौक अमलेश्वर, जिला दुर्ग, खिलेश दास मानिकपुरी 19 वर्ष निवासी दुर्गा कला मंच अमलेश्वर जिला दुर्ग शामिल हैं। चारों अपचारी बालकों को बाल संप्रेक्षण गृह बरोण्डा बाजार, महासमुंद भेजा गया है, जबकि दोनों आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से भगवान की सोने की आंख, चांदी की लक्ष्मीजी की मूर्ति, 05 चांदी के सिक्के, 02 चांदी की पत्ती, 04 फुल कांस की थाली, 03 फुल कांस के लोटे कुल अनुमानित कीमत करीब 15 हजार रुपये बरामद की है।

नशे में हमाल से मारपीट अपराध दर्ज

महासमुंद/नवप्रदेश। कोमाखान पुलिस ने नशे में मारपीट करने वाले दो के खिलाफअपराध दर्ज किया है। टोंगोपानी निवासी देवनारायण ठाकुर ने पुलिस को बताया कि 12 दिसंबर की रात करीब 7.30 बजे सुअरमाल मंडी से हमाली कर अपने छोटे भाई दुलार ठाकुर एवं गांव के ओमन, नेपाल, भूषण के साथ घर लौट रहा था। कोमाखान पेट्रोल पंप के सामने सड़क में शाहिल खान एवं रिंकू चंद्राकर शराब के नशे में गाली-गलौज करने लगे। मना करने पर मारपीट की। छोटे भाई दुलार ठाकुर व ओमन ठाकुर ने बीच बचाव किया तो दुलार की बांई हथेली में किसी नुकीली वस्तु से चोट आई। मामले में 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया गया है।

आत्महत्या के लिए मजबूर किया, अपराध दर्ज

महासमुंद/नवप्रदेश। तेंदूकोना पुलिस ने आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के मामले में जांच के बाद आरोपी के खिलाफअपराध दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम कोल्दा सेवाती निवासी देवकुमार साहू के शव का विधिवत मर्ग पंचनामा कार्रवाई करने के बाद मृतक के परिजन पत्नी पूर्णिमा साहू पति मृतक देवकुमार साहू, पुत्र ओमप्रकाश साहू, तुलाराम साहू , कोमल चंद साहू के अलावा गवाहों का बयान लिया गया। जिसमें उन्होंने बताया कि गिरवर चक्रधारी ने मृतक देवकुमार साहू के नाबालिग पुत्र पर पैसा चोरी का झूठा आरोप लगाया गया और शर्ट उतरवाकर कुर्सी पर अपने आंगन में बिठाकर अपमानित किया। बाद चोरी हुआ पैसा मिल गया । इसी बात को लेकर गिरवर चक्रधारी और देवकुमार साहू के बीच विवाद हुआ। इस दौरान गिरवर ने देवकुमार को सार्वजनिक रूप से दो झापड़ मारा, जिससे देवकुमार को ग्लानि हुई । उसने आत्महत्या करने की नीयत से धान में डालने वाले जहरीली दवा पी ली, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने संपूर्ण जांच में गिरवर चक्रधारी द्वारा देवकुमार साहू को आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करना पाया। आरोपी के खिलाफबीएनएस की धारा 108 के तहत अपराध दर्ज किया है।

बोलेरो की टक्कर से जीप क्षतिग्रस्त

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम साराडीह मोड़ के पास बोलेरो की टक्कर से जीप वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। वाहन चालक पतेरापाली निवासी लक्की चंद्राकर ने बताया कि 12 दिसंबर को वह जीप कंपास कार क्र सीजी 04 एनक्यू 7500 को लेकर रायपुर गया था, रायपुर से वापस आते समय दोपहर करीब 03.30 बजे साराडीह मोड़ महासमुंद के पास सामने से आ रही महिंद्रा बोलेरो पिकअप वाहन सीजी 06 एचई 4193 के चालक ने अपने वाहन को काफी तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए सामने से उसके वाहन को ठोकर मार दिया। जिससे कार के सामने का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफबीएनएस की धारा 281 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

शोध पत्रिका के प्रकाशन पर हुई चर्चा

महासमुंद/नवप्रदेश। शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शोध संवर्धन समिति के सलाहकार एवं परामर्श मंडल की बैठक हुई। बैठक में पत्रिका संपादक डॉ. मालती तिवारी, सह संपादक डॉ. रीता पांडेय, उपसह संपादक डॉ. ईपी चेलक, डॉ. नीलम अग्रवाल, डॉ. दुर्गावती भारतीय, डॉ. सरस्वती वर्मा, डॉ. वैशाली गौतम, डॉ. अजय देवांगन, डॉ. जगदीश सत्यम एवं नए सदस्य डॉ. अंजना पुरोहित, जय पंचागम उपस्थित रहे। समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लेकर पत्रिका के शीर्षक एवं उपशीर्षक का चयन किया। पत्रिका के लिए शोध लेख 30 जनवरी तक आमंत्रित है। यह शोध पत्रिका का तृतीय संस्करण है।

अवैध परिवहन एवं बिक्री करने वालों के विरूद्ध विगत एक माह से लगातार जारी है कार्रवाई

1375.05 क्विंटल कीमती अवैध धान जब्त

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दीगर राज्य से आने वाले धान के परिवहन की रोकथाम हेतु बार्डर के चेक पोस्ट में तैनात बल द्वारा गैरकानूनी गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु विशेष दिशा-निर्देश जारी किया गया था। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा समर्थन मूल्यों पर धान खरीदी केवल पंजीकृत किसानों को निर्धारित धान खरीदी केंद्रों में किये जाने हेतु प्रावधान है।

चेक पोस्ट के माध्यम से तैनात पुलिस द्वारा अवैध गतिविधियों पर सतत निगरानी रखी जा रही है। दिनांक 14.12.2025 को मुखबीर से थाना अमलीपदर को सूचना मिला कि एक बोलेरो पीकअप वाहन क्रमांक ओ.डी.-24जी-2364 में अवैध रूप से धान भर कर ग्राम कुहिमाल रोड़ (उड़ीसा) के रास्ते अवैध धान भर बिक्री करने के लिए परिवहन कर रहा है। जिसकी सूचना तस्दीक पर थाना अमलीपदर से पुलिस स्टाफरवाना कर घटना स्थल से बोलेरो पीकअप वाहन क्रमांक ओ.डी.-24जी-2364 में 60 कट्टा (24 क्विंटल) कीमती 74 हजार 400 सौ रूपये का अवैध धान को परिवहन करत पाये जाने पर से समक्ष गवाहन के पुलिस द्वारा जप्त किया गया। इसी क्रम में थाना देवभोग पुलिस को मुखीबर से सूचना मिला की एक बोलेरो पीकअप वाहन क्रमांक सी.जी.04-के.आर.-5824 से ग्राम सीनापाली (उडीसा) के रास्ते वाहन से अवैध रूप से धान को परिवहन कर रहा है। सूचना पर थाना देवभोग पुलिस द्वारा घटना स्थल से बिना एक बोलेरो पीकअप वाहन क्रमांक सी.जी.04-के.आर.-5824 से 64 कट्टा (24 क्विंटल) कीमती 74 हजार 400 सौ रूपये के साथ समक्ष गवाहन के जप्त कर संबंधित विभाग को सुपुर्द किया गया।

इसी प्रकार विगत एक माह, 05 दिवस से लगातार विशेष अभियान चलाकर थाना देवभोग एवं थाना अमलीदर, थाना छुरा के द्वारा धान के अवैध परिवहन एवं बिक्री करते अलग-अलग कुल 34 प्रकरणों में 3127 कट्टा 1375.05 क्विंटल अवैध परिवहन एवं बिक्री करते हुए पकड़ा गया। धान के परिवहन एवं बिक्री करने के संबंध में वैध कागजात मांगने पर किसी भी प्रकार का कागजात पेश नही करने पर अवैध धान परिवहन के संबंध में कार्यवाही कर संबंधित विभाग को सुपुर्द किया गया। अवैध धान बिक्री एवं परिवहन के विरूद्ध कार्यवाही आगे भी जारी रहेगा।

1375.05 क्विंटल धान जब्त

विगत एक माह, 05 दिवस में कुल 30 चार पहिया वाहनों में भरा हुआ अवैध धान एवं 04 प्रकरणों मे जप्त लावारिस धान के साथ कुल 3127 कट्टा धान कुल 1375.05 क्विंटल कुल कीमती 42 लाख 62 हजार 655 रूपये। आज के कार्यवाही में जप्त वाहन- 01) बोलेरो पीकअप वाहन क्रमांक ओ.डी.-24जी-2364 (60 कट्टा अवैध धान)
02) बोलेरो पीकअप वाहन क्रमांक सी.जी.04-के.आर.-5824 (60 कट्टा अवैध धान)

कुत्तों के बधियाकरण, टीकाकरण की दिशा में पालिका ने शुरू की कार्रवाई

- पालिका अध्यक्ष साहू ने न्यायालय के आदेश का पालन करने दिए निर्देश

महासमुंद/नवप्रदेश। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने आवारा कुत्तों के नियंत्रण एवं माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिये गये निर्देश के परिपालन में कार्यायोजना बनाने का निर्देश दिया है। पालिका अध्यक्ष श्री साहू के निर्देश पर नगर पालिका ने पहल करते हुए आवारा कुत्तों के बधियाकरण व टीकाकरण कार्य के लिए एजेंसियों से आवेदन मंगाए जाने की कर्रवाई कर रही है। एजेंसियों की ओर सेवा दिए जाने वाले रेट के अनुसार निविदा जारी की जाएगी। शहर में करीब 750 आवारा कुत्तों की पहचान की गई है। इस संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक सलामे ने बताया है कि नगर पालिका की ओर से कुत्तों का बधियाकरण करवाने के साथ-साथ एंटी रेबिज वैक्सीन टीकाकरण भी करवाया जाएगा। जिससे आवारा कुत्तों की संख्या और न बढ़े और यदि ये किसी को काट भी लें तो संबंधित व्यक्ति में संक्रमण ना फैले। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिये गये निर्देशो के पालन में शहर के सभी 30 वार्डों को कवर करते हुऐ कुत्तों के लिए भोजन स्थल (फीडिंग प्वाइंट) चिन्हांकित किया जा रहा हैं। नगर पालिका द्वारा जल्द ही इन स्थलों पर बोर्ड लगाये जाएंगे। जहां नागरिक आवारा कुत्तों को भोजन दे सकेंगे। ताकि शहर में स्वच्छता भी बनी रहे और कुत्तों का समूह अनियंत्रित रूप से एक स्थान से दूसरे स्थान पर न भटके। साथ ही आवारा कुत्तों की संख्या नियंत्रित करने के लिए पालिका क्षेत्र में एक डॉग शेल्टर विकसित करने की कार्ययोजना है। यहां पकड़े गए कुत्तों की नसबंदी, स्वास्थ्य परीक्षण, उपचार और बाद पुनर्वास की प्रक्रिया की जाएगी।

वीर नारायण सिंह का बलिदान दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया

दुगली/नवप्रदेश। आदिवासी समाज के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के प्रथम शहीद वीर नारायण सिंह का बलिदान दिवस दुगली में श्रद्धा, सम्मान और गौरव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर वीर नारायण सिंह के त्याग और संघर्ष को स्मरण करते हुए उनके विचारों को आत्मसात करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. जी. एस. ठाकुर, गणपति हॉस्पिटल के संचालक उपस्थित रहे। विशेष अतिथि के रूप में भूपेंद्र नेताम, अध्यक्ष शासकीय सेवक संघ कुरूद तथा मयाराम नागवंशी, अध्यक्ष गोंडवाना समाज उपक्षेत्र दुगली शामिल हुए। कार्यक्रम में बाला मंडावी, हरक मंडावी, बंसी सोरी, बुधराम नेताम, चिंताराम तुमरेटी, सुरेश नेताम, फलेंद्र मंडावी, मुकेश नेताम, सोमनाथ नेताम, अश्वन गोटा, गणेश तुमरेटी, दिनेश नेताम, रामकुवंर मंडावी, मानकी कुंजाम, कलावती मरकाम सहित उपक्षेत्र दुगली के अनेक सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। वक्ताओं ने वीर नारायण सिंह के बलिदान को छत्तीसगढ़ के इतिहास का स्वर्णिम अध्याय बताते हुए युवाओं से उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया।

नेशनल हाईवे 353 पर तेज रफ्तार और अंधेरे से बढ़ा खतरा : हुलसी

महासमुंद/नवप्रदेश। जनपद उपाध्यक्ष हुलसी जितेंद्र चंद्राकर ने राष्ट्रीय राजमार्ग-353 पर खरोरा से घोड़ारी के बीच व्याप्त खतरों को उजागर करते हुए सुरक्षा उपाय तत्काल लागू करने की मांग की है। उपाध्यक्ष चंद्राकर ने बताया कि इस मार्ग पर वाहनों की अत्यधिक तेज रफ्तार दुर्घटनाओं का मुख्य कारण बन चुकी है।

उन्होंने 11 दिसंबर को हुई एक घटना का उल्लेख किया, जब प्रात: 9:30 बजे डिप्टी कलेक्टर आशीष कर्मा का काफिला रायपुर से महासमुंद आ रहा था, उसी समय एक तेज रफ्तार वाहन की चपेट में गौवंश आ गया और सड़क किनारे चल रहे लोग भी बड़ी दुर्घटना से बाल-बाल बच गए। यह घटना इस मार्ग पर आवश्यक सुरक्षा प्रबंधन की कमी को स्पष्ट रूप से दर्शाती है। तेज रफ्तार के साथ-साथ मार्ग पर रात के समय गहरा अंधेरा भी दुर्घटनाओं के खतरे को बढ़ा रहा है। उपाध्यक्ष ने शिकायत की कि एनएच से लगे कई स्थानों पर स्ट्रीट लाइटें लगातार बंद रहती हैं, और कई खराब हो चुकी हैं। सड़क किनारे लगे पेड़ों की बढ़ी हुई डालियां (जंगलिंग) स्ट्रीट लाइट की रोशनी को ढक देती हैं, जिससे वाहनों को रास्ता साफ दिखाई नहीं देता। इन परिस्थितियों के कारण रात के समय दुर्घटना की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। हुलसी ने प्रशासन से इस गंभीर समस्या पर तत्काल संज्ञान लेने और सुरक्षा व्यवस्था के लिए कलेक्टर को पत्र लिखा। जिनमें स्ट्रीट लाइटों की सुधार, बंद और खराब स्ट्रीट लाइटों को तुरंत चालू कराने और पेड़ों की डालियों की छंटाई कराने, ताकि रोशनी सड़क पर साफ दिख सके। तेज गति रोकने के लिए तत्काल स्पीड साइनेज, स्पीड ब्रेकर तथा चेतावनी बोर्ड, मार्ग पर नियमित पेट्रोलिंग तथा स्पीड गन से चेकिंग की व्यवस्था, ओवरस्पीडिंग करने वाले वाहनों पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई, सड़क सुरक्षा से संबंधित आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर विकास आदि मांगों को कलेक्टर को पत्र लिखा।

लोकगायक भगवती साहू का हुआ सम्मान

धरसीवां/नवप्रदेश। पंचशील आश्रम झड़ौदा गांव बुराड़ी बाई पास रिंग रोड दिल्ली में 12 एवं 13 दिसंबर को दो दिवसीय 41 वा राष्ट्रीय दलित साहित्य सम्मेलन का आयोजन संपन्न हुआ जहां नेशनल प्रेसिडेंट डॉ एस पी सुमन कसार द्वारा छत्तीसगढ़ जिला रायपुर धरसीवां विकास खंड नगरपंचायत कूंरा के वार्ड 7 निवासी भगवती प्रसाद साहू को विशेषरूप से आमंत्रित कर डॉ भीमराव अंबेडकर नेशनल फेलोशिप आवर्ड 2025 का लोक गायक के रूप में दिल्ली में सम्मान किया गया । इसके पूर्व भी तीन बार भगवती साहू छत्तीसगढ़ दाऊ मंदराजी लोककला रत्न आवर्ड सहित विभिन्न आवर्ड से सम्मानित हो चुके है । भगवती साहू को दिल्ली में आवर्ड मिलने से परिजन सहित नगर कूंरा सहित आस पास के प्रशंसकों ने खुशी जाहिर करते हुए बधाई दिए है ।

राम खोपली में एनएसएस विशेष शिविर का शुभारंभ

उतई/नवप्रदेश। साई महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा आज दिनांक 13 दिसंबर 2025 को ग्राम खोपली में विशेष एनएसएस शिविर का शुभारंभ किया गया। इस शिविर में महाविद्यालय के कुल 50 एनएसएस स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। शिविर स्थल पर पहुँचते ही स्वयंसेवकों द्वारा एनएसएस का पोस्टर लगाया गया। इसके पश्चात सभी स्वयंसेवकों को एनएसएस बैज, डायरी एवं एनएसएस टी-शर्ट वितरित की गई।

शिविर के प्रथम दिवस का औपचारिक शुभारंभ ग्राम खोपली के सरपंच श्रीमती मंजू वर्मा,पूर्व सरपंच फत्तेलाल वर्मा एवं नवीन शिक्षक संघ छत्तीसगढ के प्रदेश सचिव गिरीश साहू की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ की गई।

एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा अतिथियों का बैज पहनाकर एवं तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया। शिविर का संचालन एनएसएस संचालिका वर्षा वर्मा एवं सह-संचालिका गार्गी शर्मा के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। इसके पश्चात सभी स्वयंसेवकों को विभिन्न समूहों में विभाजित कर दैनिक कार्यक्रम (डेली रूटीन) प्रारंभ कराया गया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में सेवा भावना, सामाजिक जागरूकता, अनुशासन एवं सहयोग को बढ़ावा देना है।

प्रगति की राह... संख्याबल नहीं, योग्यता से मिलती है सत्ता में भागीदारी: डॉ. नीरज

शिक्षा, संस्कार और स्वरोजगार से सशक्त हो रहा कलार समाज: द्वारिकाधीश

पिथौरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ कलार समाज पिथौरा ब्लॉक का वार्षिक सम्मेलन कौडिया परिक्षेत्र के परसदा (बुंदेली) में उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। वक्ताओं ने समाज को शिक्षा, संस्कार और स्वरोजगार को आधार बनाकर निरंतर प्रगति की राह पर अग्रसर रहने का आह्वान किया।

खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि कलार समाज अपनी काबिलियत, संगठन शक्ति और दूरदर्शिता के दम पर उल्लेखनीय प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों का परिणाम है कि समाज आर्थिक रूप से समृद्ध होने के साथ ही अन्य समाजों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनकर उभर रहा है। विधायक यादव ने परसदा में सामाजिक भवन निर्माण के लिए विधायक निधि से 10 लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने समाज के लोगों को पूरे समाज के लिए गौरव की बात बताया।

कलार समाज के जिलाध्यक्ष डॉ. नीरज गजेंद्र ने समाज को योग्यता के बल पर सत्ता और प्रभाव हासिल करने की प्रेरणा दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि कोई भी समाज केवल संख्याबल के आधार पर प्रभावी नहीं हो सकता। डॉ. गजेंद्र ने समाज से शिक्षा और संस्कार के साथ-साथ बच्चों में सर्वसमाज के हितों के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि जो समाज केवल अपने स्वार्थ तक सीमित रहता है, वह प्रभावी नहीं रह पाता। समाज के जिला संरक्षक ईश्वर सिन्हा ने समाज की मजबूती की शुरुआत परिवार से होने की बात कही। उन्होंने कहा कि जब तक व्यक्ति स्वयं सक्षम नहीं होगा, तब तक समाज को सशक्त बनाने का संकल्प अधूरा रहेगा।

प्रतिभावान छात्र-छात्राओं और वरिष्ठ कृषकों का सम्मान

सम्मेलन में समाज की उभरती प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। महज 13 वर्ष की आयु में जूडो-कराटे नेशनल कप जीतकर जिले और समाज का नाम रोशन करने वाले सृजल डड़सेना को विशेष सराहना मिली। इसके साथ ही शिक्षा एवं अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अमन सिन्हा, कोमल सिन्हा, जयंत सिन्हा, रुचि महेन्द्र एवं दिव्या सिन्हा को शॉल, श्रीफल व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

दिल्ली के रामलीला मैदान में कांग्रेस की वोट चोरी के खिलाफ धनेंद्र साहू सहित अन्य नेता हुए शामिल

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। देश में लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए कांग्रेस पार्टी द्वारा आज दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में 'वोट चोरी' के खिलाफएक विशाल रैली का आयोजन किया गया। यह रैली 'वोट चोर ङ्क गद्दी छोड़ो' के नारे के साथ आयोजित की गई। कांग्रेस पार्टी का आरोप है कि चुनाव आयोग पिछले कई वर्षों से निष्पक्षता के साथ अपने संवैधानिक दायित्वों का निर्वहन नहीं कर रहा है, जिससे देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था कमजोर हो रही है।

मतदाता अधिकारों की रक्षा और निष्पक्ष चुनाव की मांग को लेकर यह रैली आयोजित की गई। इस ऐतिहासिक रैली में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष धनेंद्र साहू जी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पंजाब प्रभारी भूपेश बघेल, चरणदास महंत, दीपक बैज, टी. एस. बाबा सहित देशभर से आए कांग्रेस के अनेक वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता एवं आम नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। कांग्रेस नेताओं ने केंद्र सरकार और चुनाव आयोग से निष्पक्ष, पारदर्शी और स्वतंत्र चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने की मांग की तथा लोकतंत्र के मूल्यों से किसी भी प्रकार के समझौते का पुरजोर विरोध किया।

न्यूज गैलरी

18 दिसंबर को सभी रेलवे स्टेशनों में पंथी गीत का प्रसारण हो

नपा अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने रेलवे जीएम को लिखी चिट्ठी

भाटापारा/नवप्रदेश। नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महा प्रबंधक को एक पत्र प्रेषित करते हुए गुरु घासीदास बाबा जी की जयंती (18 दिसंबर) के अवसर पर भाटापारा सहित सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य के सभी रेलवे स्टेशनों पर पंथी गीत का प्रसारण करने का अनुरोध किया है।

नपा अध्यक्ष शर्मा ने महाप्रबंधक को अवगत कराया कि प्रतिवर्ष 18 दिसंबर को सतनामी समाज सहित समस्त प्रदेशवासी गुरु घासीदास बाबा जी की जयंती श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाते हैं। बाबा जी के दिव्य उपदेश– सत्य, अहिंसा, समानता और मानव सेवा– समाज को एकता के पथ पर अग्रसर करने की प्रेरणा देते हैं तथा जनकल्याण की दिशा में मार्गदर्शन करते हैं।नपा अध्यक्ष ने

कहा कि छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस पर रेलवे स्टेशनों में राज्य गीत के प्रसारण की पहल को जनमानस से अत्यधिक सराहना मिली है इसी सकारात्मक भावना को आगे बढ़ाते हुए, गुरु घासीदास बाबा जी की जयंती पर पंथी गीत का प्रसारण किए जाने से उनके प्रेरणादायी विचार न केवल यात्रियों तक पहुँचेंगे बल्कि सामाजिक सद्भाव और सांस्कृतिक गौरव को भी सुदृढ़ करेंगे।

घुटकेल उपार्जन केंद्र में धान खरीदी जोरों पर

नगरी/नवप्रदेश। नगरी विकासखंड के अंतिम छोर स्थित आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित, घुटकेल (पंजीयन क्रमांक ङ्क 716) में इस वर्ष समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य जोरों पर जारी है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में किसानों की आवक से खरीदी केंद्र में बोरी की मात्रा तेजी से बढ़ रही है, साथ नगरी, साकरा, सेमरा, बेलर, घटुला ,उमरगांव ,फरसिया ,सिहावा,कसपुर, घुटकेल, गढ़डोंगरी,सहित केन्द्र पर उठाव नहीं हो रहा है जिसके चलते परिसर में जगह की कमी महसूस होने लगी है।किसानों ने बताया कि केंद्र में धान खरीदी सुचारू रूप से चल रही है, लेकिन धान उठाव समय पर नहीं होने से भारी मात्रा में स्टॉक जमा हो गया है। धान के ऊँचे ढेर लग जाने से नई आवक के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध कराना कठिन होता जा रहा है। किसानों ने संबंधित विभाग से शीघ्र धान उठाव की मांग की है, ताकि खरीदी कार्य निर्बाध रूप से जारी रह सके। उपार्जन केंद्र प्रबंधक ने बताया कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी को पारदर्शी, गुणवत्तायुक्त और व्यवस्थित बनाने के लिए सभी तैयारियाँ पहले ही पूरी कर ली गई हैं। शासन के निर्देश पर केंद्र में निगरानी समिति का गठन किया गया है, जो गुणवत्ता परीक्षण, निरीक्षण एवं खरीदी प्रक्रिया की निरंतर निगरानी कर रही है।

कलेक्टर यादव ने धान खरीदी के मद्देनजर समितियों के नोडल अधिकारी, पटवारी, समिति प्रबंधक एवं ऑपरेटर की बैठक ली

■ **किसान के पर्चे पर अवैध धान खपाने का प्रयास करने वाले कोचियों एवं बिचौलियों पर कार्रवाई करें**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में धान खरीदी के मद्देनजर समितियों के नोडल अधिकारियों, पटवारियों, समिति प्रबंधकों एवं ऑपरेटर्स की बैठक ली। कलेक्टर ने किसान के पर्चे पर अवैध धान खपाने का प्रयास करने वाले कोचियों एवं बिचौलियों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अंतर्राज्यीय सीमाओं पर अवैध धान के परिवहन को रोकने के लिए लगातार मानिटरिंग जारी रखें। उन्होंने कहा कि धान

उपार्जन केन्द्रों में किसानों को धान की बिक्री करने में किसी भी तरह की दिक्कत नहीं होना चाहिए। उन्होंने छोटे किसानों का धान प्राथमिकता से पहले खरीदने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने धान उपार्जन केन्द्रों में धान के सुरक्षित रखरखाव एवं भंडारण के लिए कहा। उन्होंने सभी समिति प्रबंधकों, अधिकारियों एवं धान खरीदी कार्य में लगे अन्य कर्मचारियों को समन्वित तरीके से कार्य करने कहा।

कोचियों एवं बिचौलियों की जानकारी मिलने पर फोन के माध्यम से सूचित करें

किसी भी किसान को कोचियों एवं बिचौलियों की जानकारी मिलने पर फ़ोन के माध्यम से सूचित करें। उनकी जानकारी गोपनीय रखी जाएगी। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले तीन समितियों के प्रबंधक एवं ऑपरेटर को सम्मानित किया गया। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने धान उपार्जन केन्द्र बागरेकसा के समिति प्रबंधक नीलकंठ साहू, धान उपार्जन केन्द्र कोकपुर के समिति प्रबंधक कुंदन साहू एवं ऑपरेटर रोजश सोनकर, धान उपार्जन केन्द्र छुरिया के समिति प्रबंधक हुकुम साहू एवं ऑपरेटर लोकेन्द्र को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर डीएमओ हीना खान, सहायक खाद्य अधिकारी द्रोण कामड़े सहित समिति के नोडल अधिकारी, समिति प्रबंधक, पटवारी, ऑपरेटर एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

एक ही दिन में तीन वारदात, रात्रिकालीन पेट्रोलिंग बढ़ाई जाए, हालिया चोरी का खुलासा जल्द हो

धमधा में चोरी की घटनाओं ने बढ़ाई चिंता, पुलिस पेट्रोलिंग पर सवाल

धमधा/नवप्रदेश। धमधा नगर और थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। हालिया मामलों में एक ही दिन में तीन अलग-अलग स्थानों पर चोरी और चोरी की कोशिश ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। हालांकि, यह भी सच है कि कुछ मामलों में धमधा पुलिस ने तेज और प्रभावी कार्रवाई कर अपराधियों को सलाखों के पीछे पहुंचाया है।

जनता में नाराजगी, लेकिन भरोसा भी –

नगरवासियों का कहना है कि कुछ इलाकों में पुलिस पेट्रोलिंग दिखाई नहीं देती, जिससे अपराधियों के हौसले बढ़ते हैं। वहीं दूसरी ओर लोग यह भी मानते हैं कि जब पुलिस सक्रिय होती है, तब चोरी जैसे मामलों का खुलासा तेजी से होता है, जैसा कि राजपुर गांव की घटना में देखने को मिला।एक तरफ पुलिस की पूर्व की कार्यवाहियां यह दर्शाता है कि पुलिस में क्षमता और अनुभव दोनों हैं, आवश्यकता है तो केवल निरंतर सतर्कता और नियमित पेट्रोलिंग की है।नगरवासियों की मांग है कि जिन क्षेत्रों में वारदात हुई है वहां रात्रिकालीन पेट्रोलिंग बढ़ाई जाए, हालिया चोरी की घटनाओं का जल्द खुलासा किया जाए।

ताजा घटनाएं : अपराधियों के बढ़ते हौसले

शिक्षक प्रवीण अग्रवाल के घर बड़ी चोरी, गेट और कमरे का दरवाजा तोड़कर कीमती सामान चोरी, ईश्वर साहू, गायत्री क्लिनिक, बाजार के पास — ताले टूटे, लेकिन चोरी शून्य, दिलीप गुप्ता, गंडई रोड — चोरी की कोशिश, नुकसान नहीं, एक ही दिन में तीन जगह वारदात होना इस बात का संकेत है कि कुछ क्षेत्रों में

बाहरी और संदिग्ध व्यक्तियों पर निगरानी व सत्यापन किया जाए

इन दिनों नगर में बाहर राज्यों से या बाहर जिलों से अनजान लोगों का अनजाना बढ़ गया है यह कोई फेरी लगाता है तो कोई सब्जी ,खाने पीने का ठेला या अन्य रोजगार करता है जिसकी जानकारी न तो नगर पंचायत के पास होती है न थाने के पास और जानकारी न होने से संदिग्ध चोरों की पहचान नहीं हो पाती ।

चोरी की घटनाओं की लंबी कड़ी

– दो माह पूर्व, धमधा थाना अंतर्गत राजपुर गांव में बिल्डिंग ठेकेदार के 192 लोहे के प्लेट चोरी हुए थे।, इस मामले में थाना प्रभारी युवराज साहू सहित धमधा पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी का खुलासा किया था, जिसे क्षेत्र में सराहना मिली ।एक दिन पहले, दानीकोकड़ी निवासी हरबंश निर्मलकर के यहां से 50 लोहे के प्लेट चोरी हुए, जिसकी जांच जारी है ।ताम्रकार फर्टिलाइजर्स, कन्या शाला रोड, धमधा में शटर तोड़कर नकदी, सीसीटीवी डीवीआर और एलईडी टीवी चोरी की गई।

नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में 1639 विद्यार्थियों ने दी परीक्षा

नगरी/नवप्रदेश। धमतरी जिले के विकासखंड नगरी में आज जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा सत्र 2026-27 का आयोजन शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से किया गया। इस परीक्षा के लिए नगरी विकासखंड में कुल 6 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। परीक्षा केंद्रों में शासकीय उत्तर माध्यमिक विद्यालय कुकरेल, जीनियस पब्लिक स्कूल नगरी, आत्मानंद एक्सीलेंट इंग्लिश स्कूल नगरी, शासकीय कन्या उच्च विद्यालय नगरी, शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सिहावा तथा शासकीय उत्तर माध्यमिक विद्यालय साकरा शामिल रहे। विकास शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार परीक्षा हेतु 1779 विद्यार्थियों ने आवेदन किया था, जिनमें से 1639 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। ओर 140 छात्र छात्राओं अनुपस्थित रहे। यह प्रवेश परीक्षा जवाहर नवोदय विद्यालयों में कक्षा छठवीं की सीटों में चयन के लिए आयोजित की गई। परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए प्रत्येक केंद्र पर केंद्राध्यक्ष एवं आवश्यक स्टाफ की नियुक्ति की गई थी। विद्यार्थियों को परीक्षा में प्रातः निर्धारित समय से पहले उपस्थित होने के निर्देश दिए गए थे।

परीक्षा देकर बाहर आए विद्यार्थियों ने बताया कि हिंदी एवं गणित विषय के प्रश्नपत्र संतुलित और पाठ्यक्रम आधारित थे, जिन्हें समय पर हल किया गया। नवोदय प्रवेश परीक्षा की तैयारी हेतु बीरू पटेल सहित विभिन्न शिक्षकों एवं कोचिंग संस्थानों द्वारा विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया गया था। वहीं परीक्षा में शामिल रजना ध्रुव, महेश कुमार साहू, रोहिणी नेताम, योगमाया एवं काव्यश साहू सहित अन्य छात्रों ने भी प्रश्नपत्र को अच्छा बताया।

कांग्रेस के 5 वर्षों के कार्यकाल पर, विजय शर्मा के दो वर्ष के विकास कार्य भारी - कैलाश चंद्रवंशी

■ **उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के दो वर्षों के ऐतिहासिक कार्यों का उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी ने रखा लेखा-जोखा**

कवर्धा/नवप्रदेश। एक विशेष प्रेस वार्ता में आंकड़ों और तथ्यों के साथ उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के पिछले दो वर्षों के कार्यकाल के लेखा-जोखा मीडिया के समक्ष रखा। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि कवर्धा विधानसभा ने पिछले दो वर्षों में विकास की जो गति देखी है, वह कांग्रेस के पिछले पांच वर्षों के ÷सुस्त और दिशाहीन÷ शासनकाल के मुकाबले कहीं अधिक प्रभावी है।

कांग्रेस सरकार के 5 साल के कार्यकाल में जहां मात्र 13268 गरीबों को पक्का मकान मिला और प्रधानमंत्री आवास को पूरे 5 साल तक रोक के रखा वहीं मुख्यमंत्री मान विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री मान विजय शर्मा जी के परिश्रम से महज 2 वर्ष के अंदर सिर्फ कबीरधाम जिले के लिए 60 हजार से ज्यादा गरीबों के पक्का आवास स्वीकृत किये गए

सड़के विकास की धुरी है

कांग्रेस के 5 वर्षों के कार्यकाल में जहां पुरे जिलेभर को मिलाकर प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क के तहत मात्र 27 सड़के 171 करोड़ रु स्वीकृत किये वहीं उपमुख्यमंत्री माननीय विजय शर्मा जी के प्रयासों से महज 2 साल के कार्यकाल में अकेले कवर्धा विधानसभा के 73 से ज्यादा सड़के 172 करोड़ 32 लाख रु स्वीकृत किये है

पुराने सरकार ने जहां 5 वर्ष की के समय में नवीन सड़कों का निर्माण नहीं किया वही सड़कों का मरम्मत भी नहीं किये, सभी सड़कों को जर्जर करके छोड़े थे जिनका अब नवीनीकरण और छेत्र में नवीन सड़कों का निर्माण भी तेजी से हो रहा है

सरकारी कार्यालय में किसानों के बैठने के लिए अलग से किसान विश्राम गृह कवर्धा एसडीएम कार्यालय परिसर लोहारा बोडला और शक्कर कारखाना भोरमदेव में बनाया गया है।

उत्तर बस्तर कांकेर में डोंगरगांव की शिक्षिका स्वाति, कलेक्टर के द्वारा सम्मानित

■ **ग्राम खमढोड़गी में प्रकृति शिक्षण विज्ञान यात्रा : औषधीय पौधों की खोज, संरक्षण और संवर्धन पर दो दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न**

डोंगरगांव/नवप्रदेश। प्रकृति शिक्षण विज्ञान यात्रा एवं ग्राम खंमढोड़गी के संयुक्त तत्वावधान में कुरूमारी पहाड़ पर दो दिवसीय 'औषधीय पौधों की खोज यात्रा एवं संरक्षणङ्कसंवर्धन कार्यशाला' का सफ्ल आयोजन सम्पन्न हुआ।

पर्यावरण संरक्षण हेतु,प्लास्टिक के रोकथाम को लेकर जो नवाचार स्वाति गंधर्व के द्वारा किया जा रहा है,उनके इस काम की सराहना कांकेर कलेक्टर के द्वारा किया गया तथा इस अनूठी पहल के लिए सम्मानित किया गया।जो अपने जिले के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है।

इस कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए विद्यार्थियों, शिक्षकों, वनस्पति विज्ञान विशेषज्ञों तथा स्थानीय वैधराजों ने पर्वतीय क्षेत्र में भ्रमण कर सैकड़ों औषधीय वनस्पतियों की पहचान की तथा इनके वैज्ञानिक संरक्षण, पारंपरिक उपयोग और औषधीय महत्व पर शोधपरक चर्चा की।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर बस्तर कांकेर कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर उपस्थित हुए। विशिष्ट अतिथि के रूप में पद्मश्री अजय कुमार मंडावी (शिल्पकार), रायपुर आयुर्वेद विभाग से डॉ. पल्लवी क्षीरसागर, डॉ आशीष नायक धमतरी , डॉ अलका मरकाम एमबीबीएस कांकेर, सरपंच निशा दुगा, अनिता तथा प्रकृति शिक्षण विज्ञान यात्रा से अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला,लखन साहू,मनीष अहीर शामिल रहे।

समापन समारोह में कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि विज्ञान और प्रकृति एक-दूसरे के पूरक हैं। जब विद्यार्थी प्रकृति को पुस्तकों से बाहर निकलकर वास्तविक रूप में समझते हैं, तब सीखने की प्रक्रिया गहन और सार्थक बन जाती है।

ज्ञापन सौंपा... | **धान खरीदी अव्यवस्था पर किसानों का फूटा गुस्सा, सरकार और प्रशासन पर जमकर निशाना साधा**

धमधा में हाहाकार, किसान नेता बाबा टेक सिंह चंदेल का सरकार पर तीखा हमला

निकम्मी सरकार किसानों को सिर्फ ठगना जानती है

धमधा/नवप्रदेश। धान खरीदी व्यवस्था में फैली गंभीर अव्यवस्था को लेकर धमधा क्षेत्र में किसानों का आक्रोश अब खुलकर सामने आ गया है। हीरेतरा, भाटाकोकड़ी, घोटवानी, घोंटा और रौंदा धान खरीदी केंद्रों में धीमी, लापरवाह और अव्यवस्थित खरीदी के खिलाफ आज किसानों ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), धमधा को ज्ञापन सौंपते हुए सरकार और प्रशासन पर जमकर निशाना साधा।किसानों का आरोप है कि शासन द्वारा निर्धारित दैनिक खरीदी क्षमता के अनुरूप धान का क्रय नहीं किया जा रहा है। कई केंद्रों पर रोज़ाना आधे से भी कम धान की खरीदी हो रही है, जिससे किसान हफ्तों से अपनी बारी का इंतजार करने को मजबूर हैं। जनवरी माह की अंतिम तिथि नजदीक आने के बावजूद हजारों किसान अब तक अपना धान नहीं बेच पाए हैं, जिससे उनमें भारी चिंता और आक्रोश है।

स्थिति को और गंभीर बनाते हुए किसानों ने बताया कि ऑनलाइन टोकन व्यवस्था पूरी तरह फेल हो चुकी है। सुबह 8 बजे से किसान मोबाइल हाथ में लेकर टोकन के लिए प्रयास करते हैं, लेकिन कभी सर्वर डाउन हो जाता है तो कभी 'लिमिट फुल' दिखाकर किसानों को बाहर कर दिया जाता है। परिणामस्वरूप, कई किसान लगातार टोकन न मिलने के कारण धान बेचने से वंचित हैं और खुले आसमान के नीचे धान रखने को मजबूर हैं।इस दौरान किसान नेता बाबा टेक सिंह चंदेल ने सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा यह निकम्मी सरकार किसानों को सिर्फ ठगना जानती है। धान खरीदी की अव्यवस्था जानबूझकर पैदा की गई है। किसान सुबह से लाइन में खड़े रहते हैं, लेकिन टोकन तक नहीं मिलता। अगर यही हाल रहा तो किसान चुप नहीं बैठेंगे, बड़ा आंदोलन किया जाएगा।किसानों का कहना है कि एक ओर साय सरकार किसान हितैषी होने का दावा करती है, जिसके चलते किसानों के धान का एक एक दाना खरीदने का वादा किया गया था।वहीं दूसरी ओर ज़मीनी हकीकत इसके ठीक उलट है। न टोकन व्यवस्था न पर्याप्त खरीदी हो रही है, न व्यवस्था सुधारी जा रही है और न ही जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा कोई ठोस कार्रवाई दिखाई दे रही है। मसलन ज्यादातर किसानों का धान नहीं बिक पर रहा है।

किसानों की प्रमुख मांगें

सभी धान खरीदी केंद्रों की दैनिक क्रय सीमा तत्काल बढ़ाई जाए,
ऑनलाइन टोकन प्रणाली में तुरंत सुधार किया जाए,
किसानों का पूरा धान समय-सीमा के भीतर खरीदा जाए, इसके लिए सख्त प्रशासनिक निर्देश जारी किए जाएं।
किसानों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि धान खरीदी व्यवस्था में शीघ्र सुधार नहीं हुआ तो वे मजबूर होकर उग्र आंदोलन, चक्का जाम और धरना-प्रदर्शन जैसे कदम उठाएंगे,और किसानो के बचे धान को दुर्ग कलेक्टर कार्यालय में ट्रैक्टर सहित लेजाकर खड़ा करेंगे।जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।
इस मौके पर किसान बंधु संगठन धमधा ब्लॉक अध्यक्ष आत्मा राम साहू,पूर्व सरपंच मोती राम वर्मा,राजेंद्र वर्मा,नारद वर्मा,दादू ठाकुर,चंद्रकांत राजपूत,हीरालाल चंदेल इत्यादि किसान उपस्थित थे।

शासकीय सुखनाम नागे महाविद्यालय नगरी में स्वीप द्वारा कार्यशाला का आयोजन

नगरी/नवप्रदेश। शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा के निर्देशन में तथा प्रो. आर.आर. मेहरा स्वीप नोडल अधिकारी के मार्गदर्शक के द्वारा दिनांक 12.12.2025 को छात्र-छात्राओं को एस आई आर की जानकारी दी गई एवं विशेष अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के विषय में जानकारी दी गई। महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं को बताया गया की जिसकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी हो वे सभी मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाये। तथा परिवार जिसका वोटर आईडी कार्ड नहीं उसका नाम जुड़वाने के लिए प्रोत्साहित करें। साथ ही मतदान के दिन बिना डर और लालच के निष्पक्ष होकर मतदान करें व सही प्रतिनीति का चुनाव करें। प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा ने इस अवसर पर कहा की मताधिकार आपका अधिकार और कर्तव्य है इसका प्रयोग कर लोक तंत्र को सशक्त बनाने में अपना योगदान दे। स्वीप नोडल प्रो. आर.आर. मेहरा के द्वारा अपील की अभी तक जिसका नाम मतदाता सूची में नहीं जुड़ पाया है वह अवश्य अपना नाम जुड़वाये व योग्य प्रतिनीधि का चुनाव करें।

इस अवसर पर पर डॉ.रमेष कुमार देवांगन, प्रो.जयराम कुर्रे, प्रो.कौषल नायक, प्रो.लोकेष्वरी राठिया, प्रो.लालमन बेरवंष, डॉ.कविता, डॉ.संध्यारजनी मिश्रा डॉ.अंबा षुक्ला, डॉ.ममता सौरज, उर्वशी साहू, डॉ.खेमचंद, डॉ.वेणु साहू, प्रमोद चैरे, लाकेषा साहू, भूशण कुमार, सौरभ पाण्डे, डिलेश्वरी पटेल, सागर मण्डावी, अविरल तिवारी, मनोज बारले, कृश्णकुमार सिन्हा, सीता नेताम, अब्बास मेमन, गंगाधर साहू उपस्थित रहे।

15 को कुरूद और 17 को धमतरी में सतनाम संदेश यात्रा



कुरूद/नवप्रदेश। राजकीय पर्व गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर 15 दिसंबर को कुरूद नगर में सतनामी समाज के द्वारा सतनाम संदेश यात्रा निकाली जाएगी। चंणडी पारा जैतखाम प्रांगण से निकलकर पुराना बाज़ार, सरोजनी चौक, कारगिल चौक, नया बस स्टैंड ,से सतनाम भवन डिपो रोड सभा स्थल तक पहुंचेगी जिसमें पंथी, चौका, डीजे, झांकी और अखाड़ा जैसे आकर्षक प्रस्तुतियां होगी। धमतरी शहर में 17 को भव्य सतनाम संदेश यात्रा निकाली जाएगी। सतनामी समाज जिला धमतरी के जिला अध्यक्ष भावसिंह डहरे ,हरिशंकर सोनवानी सतनामी समाज जिला संगठन मंत्री ने महिला, पुरुष, विद्यार्थी, युवक, युवती, अधिकारी, कर्मचारी, किसान, मजदूर, और सामाजिक कार्यकर्ताओं से सतनाम संदेश यात्रा में उपस्थित की अपील की है।

गुरुघासीदास की जयंती को ज्ञान दिवस के रूप में मनाएं: भावसिंह

■ **अंधकारमय जीवन से निकलकर सुन्दर जीवन में प्रवेश कर सके**

कुरूद/नवप्रदेश। 18 दिसम्बर को गुरु घासीदास जी की 269वी जयंती को सभी ग्रामवासी एवं शहरवासी सभी मिलकर ज्ञान दिवस के रूप में मनायें। उनके द्वारा बताये मार्ग को सार्वजनिक सभा में बतायें । ताकि हमारी नई पीढ़ी बाबा जी के कार्यों को जानें। अपने अंधकारमय जीवन से निकलकर सुन्दर जीवन में प्रवेश कर सके। उन्होंने किसान, मजदूर, महिला के अधिकार और सबके लिये शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य और भू अधिकार के लिये आंदोलन चलाया। बावा गुरुघासी दास जयंती को सबमिलकर ज्ञान दिवस के रूप में रूप में मनायें।

उपरोक्त बातें सतनामी समाज जिला धमतरी के अध्यक्ष भावसिंह डहरे ने प्रेस विज्ञति में कही है। पन्होंने कहा है, कि जयंती पर्व पर ग्राम के स्कूली छात्र-छात्राओं को नेवता भोज कराये और पेन कॉपी, युस्तक इत्यादि पाठ्य सामग्री वितरण करें। ग्राम के सामुदायिक भवन में कोचिंग सेंटर की शुरुआत करें और पुस्कालय की स्थापना करें। महिलाओं के लिये सिलाई - कढ़ाई जैसे छोटे व्यव?साय की करें। तालाव, नदी नाले की सफाई करे । साथ ही छायादार एवं फलदार पौधे रोपे। भावसिंह डहरे ने कहा है, कि ऐसे कार्य से ही उनकी जयंती मनाने की सार्थकता सिंद्ध होगी। पूरे गाँव मिलकर जैतखाम में पालो चढ़ाये और बुजुर्ग महिला, पुरुष, सामाजिक कार्यकर्ता, साहित्यकार, कवि और मेधावी छात्र-छात्राओं का मंच पर सम्मान करें।

सतनामी स?माज जिला धमतरी के अध्यक्ष भावसिंह डहरे ने कहा है कि जयंती अवसर पर मंगल चौका, पंथी, सत्संग, प्रवचन जैसे कार्यक्रमों के प्राथमिकता दें। उन्होंने और धमतरी शहर में 17 दिसम्बर को निकलने वाली सतनाम संदेश यात्रा में महिला पुरुष, किसान मजदूर, अधिकारी-कर्मचारी। - कर्मचारी, विद्यार्थी सामाजिक भार्यकर्ताओं वं क्षेत्र के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति को अपील की है।

स्थानीय बाजार से उन्नत बकरा क्रय योजना प्रारंभ

गरियाबंद/नवप्रदेश। विभागीय योजना अनुदान मे बकरा वितरण योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 मे पशु चिकित्सालय गरियाबंद के अधीन ग्रामो के स्वीकृत हितग्राहियों द्वारा अपने बकरी प्रजाति पशुओं में प्राकृतिक गर्भाधान (नश्ल सुधार) हेतु स्थानीय बाजार से उन्नत बकरा का क्रय योजना के नियमानुसार किया गया, जिसमे पशु औषधालय कोसमी के 2 और पशु औषधालय पिपरछेड़ी के 5 हितग्राहियो को इन पशुधन क्रय पश्चात् 4 हजार रुपयों की अनुदान राशि जिला कार्यालय से इनके बचत खाते मे DBT किया जायेगा, चिकित्सालय टीम द्वारा इन सभी बकरो मे इयर टैगिंग एवं कृमिनाशक दवापान किया गया. योजना का उद्देश्य देशी बकरियो मे नश्ल सुधार (बिजाड़) के माध्यम से होने वाली संतति मे मांस उत्पादन मे वृद्धि कर पशुपालको की आय मे वृद्धि करना है

विस सत्र के चलते विधायक का जनदर्शन कार्यक्रम स्थगित

राजिम/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में चल रहे विधानसभा शीतकालीन सत्र के कारण राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू का नियमित जनदर्शन कार्यक्रम अगली सूचना तक स्थगित कर दिया गया है। विधायक कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, जनदर्शन कार्यक्रम प्रत्येक सप्ताह सोमवार एवं शुक्रवार को आयोजित किया जाता था, जिसमें विधायक श्री साहू आम जनता से प्रत्यक्ष मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनते एवं त्वरित समाधान का प्रयास करते थे। विधायक रोहित साहू के निज सहायक किशोर साहू ने बताया कि विधानसभा सत्र समाप्त होते ही जनदर्शन कार्यक्रम पुनः पूर्ववत प्रारंभ किया जाएगा।

साय सरकार के 2 साल में ही 759 करोड़ रुपये के काम स्वीकृत

राजिम विधायक रोहित ने गिनाई उपलब्धियाँ

राजिम/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर राजिम विधायक रोहित साहू ने शनिवार को रेस्ट हाउस में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में राजिम विधानसभा क्षेत्र में हुए विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राजिम विधानसभा के तीनों विकासखंड ङ्क गरियाबंद, छुरा और फिंगेश्वर में कुल 759 करोड़ रुपये के विकास कार्य स्वीकृत कराए गए हैं, जिनका कार्य प्रगति पर है।

विधायक रोहित साहू ने कहा कि पिछले कांग्रेस शासन के पूरे पांच वर्षों में जितना विकास नहीं हुआ होगा, उससे कई गुना अधिक काम भाजपा सरकार ने मात्र दो वर्षों में किया है। दो वर्षों में जनता का भरोसा और अधिक सशक्त हुआ है। अभी कार्यकाल के तीन वर्ष और शेष हैं, जो उपलब्धियों से भरे होंगे। उन्होंने कहा कि राजिम क्षेत्र की तस्वीर और तकदीर तेजी से बदल रही है, जिसका श्रेय क्षेत्र की देवतुल्य जनता और पार्टी कार्यकर्ताओं को जाता है।

उन्होंने बताया कि 3 दिसंबर को चुनाव परिणाम आने के बाद 13 दिसंबर को प्रदेश में भाजपा सरकार बनी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सुशासन की शुरुआत हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटियों को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जा रहा है। कांग्रेस शासनकाल में रुके आवास कार्यों को फिर से गति देते हुए 18 लाख आवास स्वीकृत किए गए, जिससे गांव-गांव में निर्माण कार्य तेज़ी से चल रहा है। महिला सशक्तीकरण के लिए महतारी वंदन योजना एक ऐतिहासिक पहल बनी। लगभग 70 लाख माताओं-बहनों को प्रतिमाह 1000 रुपये की सहायता दी जा रही है।

2 साल में 759 करोड़ रुपये के काम स्वीकृत

विधायक ने बताया कि सरकार बदलते ही राजिम पुन्नी मेले का नाम बदलकर फिर से राजिम कल्प कुंभ किया गया इसके साथ ही नये मेला मैदान सहित मेला स्थल पर विकास कार्यों के लिए 132 करोड़ की स्वीकृति मिली है। इसके साथ ही राजिम पुल से नये मेला मैदान चौबेबांधा तक पहुंचने 4 लेन रोड की स्वीकृति भी मिल चुकी है, जिसका भूमि पूजन मुख्यमंत्री के हाथों जल्द सम्पन्न होगा। इसी तरह छुरा ब्लॉक के पीपरछेड़ी जलाशय सहित वर्षों से लंबित परियोजनाओं को मंजूरी मिली है। इसके साथ ही सड़कों के चौड़ीकरण, उच्चस्तरीय पुलों, जलाशय, नहर, एनीकट, मेला विकास, शासकीय भवन, कॉलेज भवन, अस्पताल उन्नयन और स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार जैसे अनेक कार्य स्वीकृत हुए हैं। जिला अस्पताल को 100 बिस्तरों का करने, सिटी स्कैन मशीन लगाने और राजिम में भक्तिन माता की कांस्य प्रतिमा स्थापना जैसी योजनाएं भी स्वीकृत कराई गई हैं।

मुख्यमंत्री का जताया आभार

विधायक रोहित साहू ने कहा कि पारदर्शिता के साथ एक-एक विकास कार्य की जानकारी पत्रकारों के सामने रखी गई है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले वर्षों में राजिम विधानसभा क्षेत्र विकास के पथ पर तेज़ी से आगे बढ़ेगा। उन्होंने मीडिया के सहयोग के लिए आभार जताते हुए जनता को भरोसा दिलाया कि सरकार पूरी निष्ठा से छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा करेगी। अंत में उन्होंने इन सभी विकास कार्यों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, जिला भाजपा महामंत्री चंद्रशेखर साहू, नगर पंचायत के सभापति आकाश राजपूत, नेहरू साहू सहित बड़ी संख्या में स्थानीय पत्रकार उपस्थित रहे।

नगर पालिका द्वारा आवारा कुत्तों को लगाई जा रही वैक्सीन

कुरूद/नवप्रदेश। नगर पालिका क्षेत्र में आवारा कुत्तों के वैक्सीनेशन का विशेष अभियान शनिवार 5 दिसंबर से प्रारम्भ किया गया। अब तक कुरूद नगर पालिका के विभिन्न वार्ड और मोहल्लों में 25 आवारा कुत्तों का वेक्सीन हो चुका हैं। नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति भानु चंद्राकर एवं सीएमओ महेंद्रराज गुप्ता दिशा-निर्देश में व्यापक रूप से नगर पालिका कुरूद में संचालित है। वैक्सीनेशन टीम लगातार शहर के अलग-अलग वार्डों में पहुंचकर आवारा कुत्तों को वैक्सीन लगा रही है। जिससे शहर में संभावित दुर्घटनाओं, कुत्तों के हमले और संक्रमण की आशंकाओं को कम किया जा सके। कुरूद नपा में सफाई निरीक्षक के साथ सफाई कर्मी और पशु टीकाकरण टीम पूरी तत्परता के साथ कुत्तों को पकड़कर उन्हें सुरक्षित रूप से टीका लगाने का कार्य कर रहे हैं। नपा की वैक्सीनेशन टीम नागरिकों से अपील कर रही है कि वे कुत्तों को नुकसान न पहुंचाएं, बल्कि उन्हें सुरक्षित टीकाकरण के लिए सहयोग प्रदान करें। नगर वासियों का मानना है कि इस तरह की पहल शहर को अधिक सुरक्षित, व्यवस्थित और संवेदनशील बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

वैक्सीनेशन अभियान में नगरजन भी करे सहयोग

मुख्य नगर पालिका अधिकारी महेंद्र राज गुप्ता ने बताया कि शहर में जितने भी आवारा कुत्ते हैं, सभी का समय-सीमा के भीतर वैक्सीनेशन सुनिश्चित करना प्रशासन का लक्ष्य है। उन्होंने नगर जनों से कहा कि यह अभियान सिर्फनगर पालिका प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि नागरिकों का भी सहयोग जरूरी है।मुख्य नगर पालिका अधिकारी महेंद्र राज गुप्ता ने बताया कि नगर पालिका सिर्फवैक्सीनेशन ही नहीं कर रही, बल्कि लोगों को जागरूक करने पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है।

प्रभु पार्श्वनाथ भगवान का जन्म कल्याणक दिवस धूमधाम से मनाया

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। स्थानीय श्वेताम्बर जैन मंदिर प्रांगण में आज पोष बदी दशमी अश्वसेन कुल दीपक, शंखेश्वर मंडन कलिकाल कल्पतरू 23 वें तीर्थंकर श्री पार्श्वनाथ भगवान का जन्म कल्याणक हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। स्थानीय ऋषभदेव श्वेताम्बर जैन मंदिर प्रांगण में श्री जैन श्वेताम्बर श्री संघ के अधीनस्थ नवोदित मंडल मनोहर इवेंट एवं श्री मनोहर जिन शासन सेवा पूजा ग्रुप द्वारा शानदार कार्यक्रम रखा गया। जिसके अंतर्गत प्रभु पार्श्व की मनोहारी प्रतिमा को पांडुशिला में विराजमान किया गया तत्पश्चात महा प्रभावी जय तिहूहण स्त्रोत द्वारा बारी बारी से श्रद्धालुओं द्वारा प्रभु का अभिषेक किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बनता था। अभिषेक के पश्चात समस्त श्रद्धालुओं ने प्रभु की केशर चंदन, धूप, दीप, अक्षत, नैवेद्य एवं फल के माध्यम से पूजा अर्चना की तत्पश्चात सामूहिक चैत्य वंदन की विधी हुई। इस प्रसंग पर ट्रस्ट मंडल के सदस्यों के साथ काफी संख्या में श्रावक श्राविका एवं बाल गोपाल उपस्थित थे।

भाटापारा की पहली महिला जिला उपाध्यक्ष बनीं संध्या राजेश साहू

■ **जिला साहू संघ के चुनाव में सुनील साहू एवं पूरे पैनल की जीत**

भाटापारा/नवप्रदेश। जिला साहू संघ बलौदाबाजारङ्कभाटापारा का सामाजिक संगठन चुनाव शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस चुनाव में पूरे जिले से कुल 714 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। चुनाव परिणाम में पुनः सुनील साहू को भारी मतों से जिला अध्यक्ष निर्वाचित किया गया, वहीं उनके पूरे पैनल ने शानदार जीत दर्ज की। इस चुनाव की विशेष उपलब्धि यह रही कि भाटापारा नगर से पहली बार महिला वर्ग से जिला उपाध्यक्ष पद पर चुनाव लड़ते हुए सुभाष वार्ड की पार्षद संध्या राजेश साहू ने 406 मत प्राप्त कर ऐतिहासिक विजय हासिल की और भाटापारा नगर से पहली महिला जिला उपाध्यक्ष बनने का गौरव प्राप्त किया। पुरुष उपाध्यक्ष पद पर राजाराम साहू निर्वाचित हुए। संगठन सचिव (पुरुष) पद पर सुशील साहू एवं महिला संगठन सचिव पद पर दामाखेड़ा की अनुपा साहू ने सर्वाधिक मतों से विजय प्राप्त की।

नवनिर्वाचित जिला उपाध्यक्ष संध्या साहू पूर्व में भी सामाजिक दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुकी हैं। वे नगर साहू समाज भाटापारा महिला प्रकोष्ठ की सह-सचिव रह चुकी हैं तथा वर्तमान में नगर पालिका परिषद के वार्ड क्रमांक 4, सुभाष वार्ड से निर्वाचित पार्षद हैं। उनके पति राजेश साहू नगर साहू समाज भाटापारा के अध्यक्ष हैं। राजेश के पिताजी एवं माताजी पहले भी समाज के दायित्वों का निर्वहन करते आये है, परिणामस्वरूप जिला स्तरीय समाजिक संगठन चूनाव में एकतरफा जीत दर्ज करने में संध्या आज सफल हुई।

संध्या साहू के जिला उपाध्यक्ष निर्वाचित होने पर भाटापारा नगर सहित जिलेभर में हर्ष का वातावरण है।

चंद रुपए की वसूली करने दी रेत परिवहन की खुली छूट

जनहानि की अनदेखी कर दे रहे दुर्घटना को आमंत्रण

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। नगर पालिका परिषद गोबरा नवापारा द्वारा धमतरी जिले के मगरलोड क्षेत्र से रेत लेकर आने वाली भारी वाहनों को दिन के समय नगर के बीच से गुजरने देने के एवज में 200 रुपए प्रति वाहन की दर से शुल्क वसूला जा रहा है। पालिका का अमला नवापारा और धमतरी जिले के आखिरी छोर नवागांव को जोड़ने वाले सोमवारी बाजार पुल के नवापारा छोर पर यह वसूली कर रहा है।

कई निर्दोषों की जा चुकी है जान

पूर्व में इन्हीं भारी वाहनों की खूनी रफ्तार के कारण कई निर्दोषों की जान जा चुकी है। घटना के बाद लोक आक्रोशित होकर आंदोलन करते हैं परन्तु समय बीतने के साथ प्रतिबंधित समय में भारी वाहन बेधड़क चलने लगते है। अभी केवल 200 रूपये देकर इन वाहनों को नगर के भीतर से गुजरने की छूट दे दी गई है यानि पालिका ने लोगों के जान की कीमत महज 200 रूपए रखी है। इन भारी वाहनों से पूर्व की तरह अगर वाकई में जनहानि हो जाती है और नगरवासी आंदोलित होते हैं, तो उसका जिम्मेदार कौन होगा ?

भाजपा कांग्रेस बराबर के भागीदार : बताना जरूरी है कि पिछले कई वर्षों से रेत से भरी भारी वाहनों का नगर के भीतर से प्रतिबंधित समय में गुजरना बदस्तूर जारी रहता है, फिर चाहे पालिका में सत्ता किसी की भी रहे। फर्क केवल यह रहता है कि कांग्रेस पालिका की सत्ता में रहती है तो भाजपाइयों को जनहित की याद आती है और वे इन वाहनों को लेकर हल्ला मचाते हैं।

पूर्व में भारी वाहनों के लिए समय सीमा तय

जबकि लगभग 10 वर्ष पूर्व प्रशासन और आम नागरिकों के बीच हुए समझौते के बाद रेत, मुरूम, मिट्टी आदि लेकर जाने वाली भारी वाहनों को सुबह 6 से रात 10 बजे तक प्रतिबंधित किया जा चुका है। मगरलोड क्षेत्र से रेत लेकर आने वाले भारी वाहन सोमवारी बाजार, गंज रोड और बस स्टैंड से होकर रायपुर की ओर निकलते हैं। इन मार्गो में मुख्य सड़क के किनारे ही बैंक, कृषि उपज मंडी, स्कूल, व्यावसायिक प्रतिष्ठान, मंदिर आदि मौजूद हैं, जिसके चलते दिन के समय इन इलाकों में आम नागरिकों, स्कूली बच्चों, ग्रामीणों, किसानों आदि की भारी संख्या में आवाजाही रहती है। ऐसे में जनहानि की बराबर संभावना बनी रहती है, जिसे देखते हुए ही वर्षों पहले दिन के समय इन भारी वाहनों को संबंधित मार्गो से आवाजाही के लिए प्रतिबंधित किया गया था।

भक्त माता कर्मा जयंती की तैयारियों को लेकर राजिम में हुई बैठक

राजिम/नवप्रदेश। 7 जनवरी को साहू समाज की कुल देवी भक्त माता राजिम की जयंती को भव्य रूप से मनाने की तैयारियों को लेकर आज राजिम के रेस्ट हाउस में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में 7 जनवरी को होने वाले कार्यक्रम को बेहतर कैसे किया जाए इसको लेकर सभी से विचार विमर्श किया गया साथ ही सुबह निकाली जाने वाली भव्य बाइक रैली एवं जयंती कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। वही प्रदेश अध्यक्ष ने कहा की आगामी 7 जनवरी को लेकर मंच व भोजन व्यवस्था व बाहर से आने वाले लोगों की बैठक व्यवस्था को लेकर बात रखी। वही राजिम विधायक रोहित साहू ने कहा कि 7 जनवरी को लेकर भव्य रथ पूरे जिले में भ्रमण को लेकर कार्ययोजना बनाकर बेहतर कार्यक्रम करने की बात पर जोर डाला। जिला अध्यक्ष साहू संघ प्रवीण साहू ने आगामी 7 जनवरी को होने वाले भक्त माता राजिम जयंती समारोह को लेकर विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि यह आयोजन में पूरी ताकत झोकते हुए बेहतर कार्यक्रम करने की हम सभी की मंशा हो जिससे साहू समाज का गौरव एवं लोगो के प्रति विश्वास बढ़े - तैयारी बैठक में साहू समाज के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नीरेंद्र साहू, प्रदेश महिला उपाध्यक्ष साधना साहू, डॉ सुनील साहू प्रदेश संगठन सचिव, राजिम विधायक रोहित साहू, पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, गरियाबंद जिला अध्यक्ष प्रवीण साहू, जिला उपाध्यक्ष देवराज साहू एवं जिला महिला उपाध्यक्ष पुष्पा साहू, कुंजन साहू आदि उपस्थित रहे।

नेशनल लोक अदालत | 27 खण्डपीठों के माध्यम से प्रकरणों का निराकरण

63,247 मामलों का किया निराकरण, 8 करोड़ से अधिक का अवार्ड पारित

महासमुंद/नवप्रदेश। नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महासमुंद की सचिव श्रीमती आफरीन बानो ने बताया कि जिला न्यायालय महासमुंद एवं तहसील पिथौरा, सरायपाली, बसना और बागबाहरा स्थित सिविल, श्रम न्यायालय एवं राजस्व न्यायालयों सहित 27 खण्डपीठों का गठन कर नेशनल लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के प्रकरणों का निराकरण किया गया। जिला न्यायालय परिसर में स्थापित गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर लोक अदालत का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कुटुम्ब न्यायालय के न्यायाधीश प्रफुल्ल कुमार सोनवानी, प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश संघपुष्पा भतपहरी, अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (फास्ट ट्रेक कोर्ट) श्रीमती मोनिका जायसवाल, द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश आनंद बोरकर, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट चेतना ठाकुर, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल शर्मा, खंडपीठों के अन्य पीठासीन अधिकारीगण, खंडपीठों के लिए नियुक्त सुलहकर्ता सदस्यगण, अधिवक्तागण, बैकर्स व विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। नेशनल लोक अदालत की उक्त सभी खण्डपीठों में श्रमिक विवाद, बैंक रिकवरी प्रकरण, विद्युत एवं देयकों के बकाया की वसूली और राजीनामा योग्य अन्य मामले के बकाया की वसूली संबंधी प्री-लिटिगेशन मामले, राजस्व न्यायालयों से संबंधित प्रकरण सुनवाई के लिए रखे गए थे। उक्त मामलों के अलावा राजीनामा योग्य दांडिक प्रकरण, परक्राम्य लिखत अधि. की धारा-138 के अधीन परिवाद पर संस्थित मामले, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण संबंधी मामले तथा विद्युत अधिनियम 2003 की धारा-135 (क) के तहत विद्युत बकाया अथवा विद्युत चोरी के मामले तथा सिविल मामले भी नियत किए गए थे। उक्त खण्डपीठों में उपरोक्त सभी मामलों की सुनवाई करते हुए जिला महासमुंद स्थित विभिन्न न्यायालयों में प्रकरणों का निराकरण किया गया। इसी प्रकार प्री-लिटिगेशन संबंधित मामलों में बैंक रिकवरी के 3 हजार 837 प्रकरणों में 18 लाख 572 रूपए का अवार्ड पारित किया गया। इसी प्रकार विद्युत के 12 हजार 289 प्रकरणों में 70 लाख 62 हजार 005 रूपए, श्रम प्रकरण के 17 मामलों में 15 लाख 70 हजार 700 रूपए, एमएसीटी के 39 प्रकरण में. 3 करोड़ 87 लाख 15 हजार रूपए, एनआई एक्ट-138 के 36 प्रकरणों में एक करोड़ 19 लाख 10 हजार 825 रूपए तथा 32 अन्य सिविल प्रकरणों का निराकरण कर एक करोड़ 85 लाख 19 हजार 273 रूपए अवार्ड पारित किया गया। जिले के सभी तहसील एवं अनुभाग क्षेत्रों के राजस्व न्यायालयों के माध्यम से 43 हजार 584 प्रकरणों का निराकरण किया गया है। इस प्रकार नेशनल लोक अदालत में सुलह एवं समझौता के आधार पर विभिन्न खंडपीडों के माध्यम से कुल 63 हजार 247 प्रकरणों का निराकरण किया गया और उनमें 08 करोड़ 05 लाख 76 हजार 975 रूपए की राशि के अवार्ड पारित किए गए।

पौधे भेंट कर पीठासीन अधिकारियों ने दिए हरियाली का संदेश : वर्ष 2025 के अंतिम एवं चतुर्थ नेशनल लोक अदालत में विभिन्न प्रकरणों में उपस्थित पक्षकारों को जिला न्यायालय में स्थापित सभी खंडपीठों के पीठासीन अधिकारियों ने न्यायालय में पक्षकारों को हरियाली का संदेश देते हुए विभिन्न प्रजातियों के फलदार व छायादार पौधे वितरित किए।

रोजगार को गति देने एक देश-एक चुनाव समय की मांग है-अविनाश

भाटापारा/नवप्रदेश। स्टूडेंट फॉर वन नेशन वन इलेक्शन द्वारा एक राष्ट्र - एक चुनाव विषय पर कमलाकांत शुक्ल इंस्ट्रीटीयूट में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राजनीतिक, सामाजिक एवं शैक्षिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने इस विषय पर अपने विचार रखे।

संगोष्ठी में विशेष रूप में अविनाश शर्मा, श्रेणीक गोलछा, आशीष टोडर, अभिषेक मिश्रा, पीयूष साहू, सुरेंद्र डागोर ने प्रतिभाग किया। इस दौरान अविनाश शर्मा ने कहा कि एक राष्ट्र - एक चुनाव न केवल संसाधनों की बचत करेगा बल्कि लोकतंत्र की मजबूती और सुशासन की दिशा में भी एक बड़ा कदम साबित होगा। अविनाश शर्मा ने कहा कि अब समय आ गया है जब लोकतंत्र को अनावश्यक खर्च, बार-बार होने वाले चुनाव और राजनैतिक अस्थिरता की बेड़ियों से मुक्त किया जाए। आर्थिक नीतियों में निरन्तरता, व्यापार और रोजगार को गति देने के लिए एक देश-एक चुनाव समय की मांग है।

महाराजबंध तालाब से गीता नर्सरी क्षेत्र में हटाया गया कचरा, 80+ लोग रहे शामिल

ग्रीन आर्मी का धरना के साथ चौथे दिन जारी रहा सफाई अभियान

रायपुर/नवप्रदेश। ऐतिहासिक महाराजबंध तालाब को बचाने की दिशा में ग्रीन आर्मी छत्तीसगढ़ का संकल्प लगातार मजबूत दिख रहा है। प्रदेश मीडिया प्रभारी और इस प्रोग्राम के डायरेक्टर शशिकांत यदु ने बताया कि, आज अभियान के चौथे दिन जहाँ एक ओर सदस्य सुबह से ही सफाई में जुटे रहे, वहीं दूसरी ओर तालाब संरक्षण को लेकर प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने एक दिवसीय धरना भी आयोजित किया गया। ??आज की सफाई – गीता नर्सरी क्षेत्र में सुबह 7:30 बजे से सदस्य बड़ी संख्या में इकट्ठा हुए और गीता नर्सरी के सामने फैले कचरे, प्लास्टिक, पॉलीथिन व विसर्जन सामग्री को तालाब से निकालकर साफ किया गया। लगभग 80 से अधिक लोगों की उपस्थिति ने स्पष्ट संकेत दिया कि शहरवासी तालाब को बचाने के लिए एकजुट हैं। एक दिवसीय धरना – तालाब संरक्षण की आवाज आज के धरना कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष अमिताभ दुबे,

चित्रकांत अग्रवाल, डॉ. अमर अग्रवाल, डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर, प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं प्रोग्राम डायरेक्टर शशिकांत यदु, डॉ. मनोज ठाकुर, हिमांशु तिवारी, किशनदीप सहित कई सदस्य दिनभर उपस्थित रहे। धरना में स्पष्ट रखा गया कि यदि नगर निगम द्वारा तालाब की समुचित सफाई शीघ्र नहीं कराई गई तो आगे निगम मुख्यालय एवं जोन कार्यालय में धरना प्रदर्शन किया

जाएगा। जनसहयोग लगातार बढ़ रहा स्थानीय नागरिकों, युवाओं, महिलाओं और सामाजिक संगठनों की निरंतर भागीदारी अभियान को और ताकत दे रही है। प्रतिदिन पंपलेट वितरण और मंदिर परिसर से माइक द्वारा लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है।

क्या कहा पदाधिकारियों ने

प्रदेश अध्यक्ष अमिताभ दुबे ने कहा– यह अभियान सिर्फकचरा हटाना नहीं, बल्कि तालाब को उसकी मूल सुंदरता वापस दिलाने का संकल्प है। प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं प्रोग्राम डायरेक्टर शशिकांत यदु ने कहा– महाराजबंध तालाब रायपुर की धरोहर है। इसे बचाने की लड़ाई सिर्फग्रीन आर्मी की नहीं, बल्कि हर नागरिक की है। हमारा संघर्ष तब तक जारी रहेगा जब तक तालाब अपनी असली चमक में नहीं लौट आता। ग्रीन आर्मी की अपील नागरिकों, युवाओं, महिलाओं, संस्थाओं और समाजसेवी संगठनों से अपील की गई है कि वे इस मुहिम से जुड़कर तालाब संरक्षण और स्वच्छ पर्यावरण निर्माण में योगदान दें।

वित्त मंत्री ओ पी चौधरी ने किया इंडियन ओवरसीज बैंक की तीन शाखाओं का उद्घाटन

रायपुर/नवप्रदेश। इंडियन ओवरसीज बैंक द्वारा अपनी 3 नई शाखाएं, नया रायपुर शाखा-अटल नगर, समलवार शाखा, दांतेवाड़ा और मोवा शाखा रायपुर का मुख्य अतिथि ओ. पी. चौधरी वित्त मंत्री छत्तीसगढ़ शासन एवं विशिष्ट अतिथि इंडियन ओवरसीज बैंक ,एमडी और सीईओ, अजय कुमार श्रीवास्तव द्वारा रिबन काट कर नया रायपुर और मोवा शाखा / तथा रिमोट बटन दबा कर समलवार शाखा का भव्य उद्घाटन किया गया ।मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओ. पी. चौधरी ने बैंक की प्रशंसा करते हुए कहा कि ये पहला बैंक है जिसने जगरगुंडा और समलवार जैसे नक्सली प्रभावित क्षेत्र में शाखा खोल कर वहां की जनता तक वित्त सेवा देने में राज्य की सहायता की । उन्होने ये भी कहा, राज्य एवं जिला प्रशासन द्वारा

आईओबी की शाखा खोलने एवं बैंक का व्यापार बढ़ाने में, हर संभव सहायता की जाएगी।

कार्यक्रम में आईओबी के एमडी और सीईओ अजय कुमार श्रीवास्तव ने कहा, की उनका विशेष ध्यान रायपुर में अगले वित्त वर्ष तक आईओबी का व्यापार 6500 करोड़ से 15000 करोड़ बढ़ाने का है। उन्होने ये भी कहा कि अभी छत्तीसगढ़ में 54 शाखाएं हैं और वे इन्हें बढ़ाकर 66 तक ले जाना चाहते हैं। अभी हमारी शाखाएं, राज्य के 26 जिलों में हैं, और हम चाहते हैं कि छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों में हमारे शाखाएं खोली जाएंगी।

रायपुर क्षेत्रीय कार्यालय के वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक गौरी शंकर नायक एवं समस्त रायपुर क्षेत्र के सदस्य उपस्थित हुए।

अभिव्यक्ति कौशल को निखारने, गीत, कविता, नुक्कड़ नाटक का आयोजन

आरंग/नवप्रदेश। सुरक्षित शनिवार के तहत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चरौदा में बच्चों की अभिव्यक्ति कौशल निखारने गीत, कविता,भाषण, नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए गीत, कविता, भाषण, नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए।इस मौके पर गीत कविता के साथ साथ बच्चों ने नाचा विधा से संबंधित नुक्कड़ नाटक की शानदार प्रस्तुति दी।जो बच्चों के लिए बड़ा ही आकर्षण का केंद्र रहा।इस मौके पर ग्राम के सरपंच देवशरण धीवर और उपसरपंच रवि बंजारे पहुंचकर बच्चों का उत्साह देख काफी प्रभावित हुए।उन्होंने कहा इस प्रकार के गतिविधियों से बच्चों में छिपी प्रतिभाओं को अवसर मिलता है।

उत्तर-मध्य क्षेत्र में कड़ाके की ठंडः स्कूलों का समय बदला

- अगले 3 दिनों में कमजोर पड़ेगी शीतलहर, राहत की उम्मीद

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में अगले 3 दिनों में न्यूनतम तापमान में 1 से 2 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हो सकती है। वहीं प्रदेश में शीत लहर की स्थिति कमजोर पड़ने की संभावना जताई गई है। हालांकि, प्रदेश के उत्तर और मध्य क्षेत्र में कड़ाके की ठंड जारी है।

इसके अलावा मौसम में विशेष बदलाव की संभावना नहीं है। दिसंबर में ठंड बढ़ने से स्किन से संबंधित समस्या बढ़ी हैं। इसी बीच ठंड के कारण दुर्ग जिले में स्कूल के टाइम में बदलाव किया गया है। प्राइमरी स्कूल में पहली पाली की क्लासेज सुबह 8 बजे से शुरू होंगी। वहीं, हायर सेकेंडरी की दूसरी पाली की क्लास दोपहर 12 बजे लगेंगी। नई टाइमिंग तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है।

यह 15 जनवरी 2026 तक प्रभावी रहेगी। वहीं मेकाहारा में हर दिन औसतन 300-350 मरीज पहुंच रहे हैं। ज्यादातर को ड्राई स्किन, एक्जिमा और सोरायसिस की शिकायत है। डर्मेटोलॉजी डिपार्टमेंट के HOD डॉक्टर मृत्युंजय सिंह ने बताया- ठंड में ये आम है, लेकिन ध्यान नहीं दिया गया तो खतरा बढ़ सकता है।

फाइलफोटो

स्वास्थ्य विभाग ने भी जारी की एडवाइजरी

स्वास्थ्य विभाग ने भी एडवाइजरी जारी कर चेतावनी दी है कि अचानक तापमान में उतार-चढ़ाव से हाइपोथर्मिया, सर्दी-जुकाम और वायरल फीवर का खतरा बढ़ सकता है। विभाग ने लोगों से अपील की है कि शीतलहर के दौरान, केवल आवश्यकता होने पर ही यात्रा करें और बाहर निकलते समय पूरी तरह गर्म कपड़े पहनें।

रायपुर में नगर निगम ने कई जगहों पर अलाव का इंतजाम किया

रायपुर में शीतलहर का असर बढ़ते ही नगर निगम ने आम लोगों को राहत देने के लिए शहर में अलाव जलाने की व्यवस्था शुरू कर दी है। निगम ने 12 से अधिक लोकेशन पर रातभर अलाव जलवाने के निर्देश दिए हैं, ताकि बेघर, राहगीरों और आम नागरिकों को ठंड से तुरंत राहत मिल सके।रायपुर नगर निगम की मेयर मीनल चौबे और कमिश्नर विश्वदीप के निर्देशों के बाद सभी जोन कमिश्नरों और जोन हेल्थ अधिकारियों से रात में फील्ड में रहने और अलाव के इंतजाम की निगरानी करने को कहा गया है।

दरअसल, पिछले कुछ दिनों में ठंड बढ़ी है। 7 शहरों में तापमान 10एष्ट से नीचे पहुंच गया है, जिनमें मैनपाट, अंबिकापुर, पेंड्रा और जगदलपुर, बिलासपुर, दुर्ग और राजनांदगांव शामिल हैं। मैनपाट में रात का पारा 4एष्ट से नीचे चला गया और वहां ओस की बूंदें जमकर बर्फमें बदल गई।

अंबिकापुर में न्यूनतम तापमान 5.3°C, पेंड्रा में 8.6°C और जगदलपुर में 8.2°C, दुर्ग में 8.2 डिग्री और राजनांदगांव में 9.5 डिग्री दर्ज किया गया था। पिछले 24 घंटे की बात करें तो सबसे अधिक तापमान 29.6°C दुर्ग में और सबसे कम न्यूनतम तापमान 5.7°C अंबिकापुर में रिकॉर्ड किया गया।

छत्तीसगढ़ से राष्ट्रीय स्तर पर तैलिक समाज का नया संगठन गठित

- एसोसिएशन की स्थापना, राहुल गुप्ता 'माउंटेन मैन' बने संस्थापक

रायपुर/नवप्रदेश। तैलिक समाज के सर्वांगीण विकास, एकजुटता और संगठनात्मक सशक्तिकरण की दिशा में एक अहम पहल करते हुए छत्तीसगढ़ से राष्ट्रीय स्तर के संगठन ÷तैलिक समाज एसोसिएशन÷ की औपचारिक स्थापना की गई है। इस संगठन की स्थापना का नेतृत्व प्रदेश के युवा समाजसेवी एवं साहसिक खेलों में अंतरराष्ट्रीय पहचान बना चुके राहुल गुप्ता 'माउंटेन मैन' ने किया है।

नवगठित तैलिक समाज एसोसिएशन का उद्देश्य देशभर में फैले तैलिक समाज को एक साझा राष्ट्रीय मंच पर लाकर शिक्षा, रोजगार, उद्यमिता, युवा क्षमता विकास, सामाजिक सुरक्षा और आर्थिक सहभागिता जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में ठोस और प्रभावी पहल करना है। संगठन पूरी तरह गैर-राजनीतिक और गैर-व्यावसायिक स्वरूप में समाज सेवा के भाव से कार्य करेगा।

समाज के उत्थान के लिए स्पष्ट लक्ष्यः

संगठन के प्रमुख उद्देश्यों में तैलिक समाज को राष्ट्रीय स्तर पर सशक्त पहचान दिलाना, युवाओं और महिलाओं को आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराना, शिक्षा एवं कौशल विकास के लिए नई योजनाएं शुरू करना तथा समाज के आर्थिक- सामाजिक उत्थान हेतु पारदर्शी और जनहितकारी कार्यक्रम संचालित करना शामिल है।इस अवसर पर संस्थापक राहुल गुप्ता 'माउंटेन मैन' ने कहा कि तैलिक समाज एसोसिएशन का उद्देश्य केवल संगठन खड़ा करना नहीं, बल्कि समाज को उसका वास्तविक सम्मान और अधिकार दिलाना है। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज का समग्र विकास सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण के बिना संभव नहीं है और यह संगठन उसी दिशा में एक मजबूत और दूरदर्शी कदम है।

छत्तीसगढ़ सिख समाज द्वारा झटका-हलाल स्पष्टता अभियान

- धार्मिक भावनाओं की रक्षा एवं शासन के नियमों के पालन हेतु पोस्टर लगाओ अभियान

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सिख समाज द्वारा राजधानी रायपुर सहित प्रदेशभर में शनिवार को झटका और हलाल चिकन-मटन स्पष्टता अभियान के अंतर्गत होटल, रेस्टोरेंट, ढाबों, फाइव स्टार होटल एवं स्ट्रीट फूड ठेलों पर झटका व हलाल संबंधी पोस्टर लगाए गए। समाज का कहना है कि वर्तमान में अधिकांश भोजनालयों में यह स्पष्ट रूप से प्रदर्शित नहीं किया जाता कि परोसा जाने वाला नॉनवेज (चिकन-मटन) झटका है या हलाल, जिसके कारण उपभोक्ताओं के साथ धोखा हो रहा है और यह सीधे-सीधे धार्मिक भावनाओं के साथ खिलवाड़ है।

छत्तीसगढ़ सिख समाज के अनुसार, झटका खाने वालों को अज्ञानतावश हलाल मांस परोसा जा रहा है और हलाल का पालन करने वालों को झटका मांस खिलाया जा रहा है, जो न केवल धार्मिक मान्यताओं के विरुद्ध है बल्कि खाद्य सुरक्षा एवं उपभोक्ता अधिकारों का उल्लंघन भी है।

खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 (FSS Act), FSSAI के लेबलिंग व सूचना संबंधी प्रावधान तथा उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के अंतर्गत उपभोक्ता को भोजन की प्रकृति, स्रोत एवं विधि की स्पष्ट जानकारी देना अनिवार्य है। इसके बावजूद प्रदेश के अधिकांश भोजनालयों में इस नियम का पालन नहीं किया जा रहा।

छत्तीसगढ़ से राष्ट्रीय स्तर पर तैलिक समाज का नया संगठन गठित

- एसोसिएशन की स्थापना, राहुल गुप्ता 'माउंटेन मैन' बने संस्थापक

रायपुर/नवप्रदेश। तैलिक समाज के सर्वांगीण विकास, एकजुटता और संगठनात्मक सशक्तिकरण की दिशा में एक अहम पहल करते हुए छत्तीसगढ़ से राष्ट्रीय स्तर के संगठन ÷तैलिक समाज एसोसिएशन÷ की औपचारिक स्थापना की गई है। इस संगठन की स्थापना का नेतृत्व प्रदेश के युवा समाजसेवी एवं साहसिक खेलों में अंतरराष्ट्रीय पहचान बना चुके राहुल गुप्ता 'माउंटेन मैन' ने किया है।

नवगठित तैलिक समाज एसोसिएशन का उद्देश्य देशभर में फैले तैलिक समाज को एक साझा राष्ट्रीय मंच पर लाकर शिक्षा, रोजगार, उद्यमिता, युवा क्षमता विकास, सामाजिक सुरक्षा और आर्थिक सहभागिता जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में ठोस और प्रभावी पहल करना है। संगठन पूरी तरह गैर-राजनीतिक और गैर-व्यावसायिक स्वरूप में समाज सेवा के भाव से कार्य करेगा।

समाज के उत्थान के लिए स्पष्ट लक्ष्यः संगठन के प्रमुख उद्देश्यों में तैलिक समाज को राष्ट्रीय स्तर पर सशक्त पहचान दिलाना, युवाओं और महिलाओं को आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराना, शिक्षा एवं कौशल विकास के लिए नई योजनाएं शुरू करना तथा समाज के आर्थिक- सामाजिक उत्थान हेतु पारदर्शी और जनहितकारी कार्यक्रम संचालित करना शामिल है।

जी.डी. गोयनका इंटरनेशनल स्कूल रायपुर ने 'युगवेद' से किया मंत्रमुग्ध

- वैदिक ज्ञान से लेकर एआई नवाचार तक की यात्रा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ एक बच्चे को बड़ा करने में सारे गाँव का योगदान लगता है एक अफ्रीकी कहावत - उक्त कहावत का हवाला देते हुए प्राचार्य रमेशचन्द्र खंकरियाल ने कहा कि जी.डी गोयंका उच्च गुणात्मक शिक्षा देन के लिए समर्पित है। जी.डी. गोयनका इंटरनेशनल स्कूल, रायपुर ने युगवेद पीढ़ियों को जोड़नाः वेदों से एआई तक शीर्षक से एक शानदार आयोजन के साथ अपना 5वां वार्षिक दिवस मनाया । यह शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुति भारत की 1000 वर्षों की यात्रा का वर्णन करती है । यह आयोजन परंपरा और प्रौद्योगिकी का एक मंत्रमुग्ध कर देने वाला संगम था, जो वेदों के प्राचीन मंत्रों से लेकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की अत्याधुनिक गणनाओं तक भारत के विकास को दर्शाता है।

इस वर्ष के कार्यक्रम की थीम भारत को एक जीवंत समयरेखा के रूप में श्रद्धांजलि थी। कार्यक्रम के दृष्टिकोण में बताया गया है, भारत सिर्फ एक भूमि नहीं हैज भारत युगों से आकार लेती एक समयरेखा है। भारत अपनी आत्मा में आध्यात्मिक और अपने मन में वैज्ञानिक है ।

भाजपा सरकार के 2 साल खस्ताहाल : वंदना राजपूत

- अपराध का ग्राफ बढ़ा और अपराधी बेलगाम

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता वंदना राजपूत ने भारतीय जनता पार्टी की 2 साल की सरकार को खस्ता हाल बताते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में अपराध का ग्राफबढ़ा है और अपराधी बेलगाम होते जा रहे हैं। इसका सबसे ज्यादा असर महिलाओं पर पड़ा है। हर तीन घंटे में एक महिला दुष्कर्म का शिकार हो रही हैं। सिर्फ बलात्कार ही नहीं हत्या, लूट, अपहरण जैसे अपराधों के मामलों में भी रायपुर प्रदेश में सबसे आगे है। आंकड़ों के मुताबिक दुष्कर्म के मामले में रायपुर पहले पायदान पर है, जबकि बिलासपुर दूसरे और कोरबा तीसरे नंबर पर है।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि फरवरी 2025 के इन सब आंकड़ों में बलात्कार के आंकड़े सबसे ज्यादा चौकाने वाले हैं। प्रदेश में एक साल के भीतर बलात्कार के कुल 3191 केस दर्ज किए गए हैं। इस हिसाब से रोज प्रदेश में 8 से 9 महिलाएं दुराचार का शिकार बन रही हैं। इस तरह से छत्तीसगढ़ में हर 3 घंटे में एक महिला के साथ दुष्कर्म की घटना हो रही है।

बिजली बिल सरकारी प्रायोजित लूट का उदाहरण

- स्मार्ट मीटर लगने के बाद से उनकी खपत वास्तविक खपत से अधिक बताई जा रही है

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि बिजली बिल सरकार प्रायोजित लूट के उदाहरण है। हर जगह बिजली उपभोक्ताओं की शिकायत है कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद से उनकी खपत वास्तविक खपत से अधिक बताई जा रही है, स्मार्ट मीटर सामान्य मीटर की तुलना में बहुत तेजी से चल रहा है। बिजली उपभोक्ताओं का यह अधिकार है कि अपनी वास्तविक खपत को जान सके। चेक मीटर का प्रावधान

पहले से ही था, लेकिन यह सरकार अपनी लूट पर परदेदारी करने के लिए चेक मीटर लगाने और मीटर चेक करवाने उपभोक्ताओं से 1000 और 1500 रुपए शुल्क लेने का प्रावधान कर दिया गया है, यदि मीटर में गड़बड़ी का आरोप उपभोक्ता लगा रहे हैं, तो उसे मुफ्त में चेक किया जाए, किसी भी तरह से अतिरिक्त शुल्क अनुचित है। यह प्रावधान सरकार ने गड़बड़ी छुपाने के लिये किया है। मीटर चेक शुल्क का प्रावधान तत्काल वापस ले सरकार।

भाजपा सरकार बिजली बिल के नाम पर जनता को लूट रही है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि सरकार ने बिजली के दाम चार बार बढ़ा दिया। 400 यूनिट हाफयोजना को बंद कर दिया। स्मार्ट मीटर लगा दिया इन सबसे बिजली के दाम बेतहाशा बढ़ गए, जनता परेशान है। सरकार, जनता को राहत देने के बजाय अब बिजली के दामों में 12 प्रतिशत विद्युत ईंधन अधिभार (एफ्पीपीएस) के रूप में अतिरिक्त चार्ज इस महीने से लगाने जा रही, इससे बिजली के दाम एक बार फिर से बढ़ेंगे। कांग्रेस, सरकार के इस निर्णय का विरोध करती है। सरकार, कोयले का सेस कम होने के कारण बिजली का दाम कम तो नहीं कर रही, ऊपर से एक नया टैक्स लगा रही।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि 400 यूनिट तक छूट को आधी करके 200 यूनिट किया, उसमें भी यह शर्त लगा दिया गया कि खपत 400 यूनिट से अधिक होते ही सारी छूट, राहत, रियायत पूरी तरह खत्म। ऊपर से सभी घरों में स्मार्ट मीटर लगाकर अधिक वसूली कर रहे है। अधिक मुनाफाखोरी के लालच में यह सरकार अनाप-शनाप बिजली बिल वसूलने के लिए नए नए पैंतरे अपना रही है।

थर्ड जेंडर का नाम बिना दस्तावेज मतदाता सूची में कैसे जुड़ेगा चुनाव आयोग बताए

- 2014 में थर्ड जेंडर की मान्यता मिली, माता-पिता त्याग दिये ऐसे में नाम जुड़वाने दस्तावेज ये कहां से लायेंगे?

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा थर्ड जेंडर एसआईआर फार्म में 2003 की मतदाता सूची में खुद का या माता-पिता के नाम की जानकारी भरने को लेकर परेशान है। चुनाव आयोग द्वारा मांगी जा रही दस्तावेज उपलब्ध नहीं होने के कारण वो एसआईआर फार्म भर नहीं पा रहे है। थर्ड जेंडर एसआईआर फार्म नहीं जमा करने के कारण मतदाता सूची में नाम दर्ज नहीं होने के बाद आने वाली समस्याओं को लेकर तनाव में है, ऐसे में चुनाव आयोग को उनकी समस्याओं का निराकरण करना चाहिये। माननीय न्यायालय ने 2014 में थर्ड जेंडर की मान्यता दी है। उसके पहले थर्ड जेंडर का मतदाता सूची में पुरुष के रूप में दर्ज थे, अब उन्हें थर्ड जेंडर दर्ज कराने में परेशान है, माता-पिता पहले ही उन्हें त्याग दिए है, ऐसे में माता-पिता की जानकारी भी उनके पास नहीं है।प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि एसआईआर को लेकर थर्ड जेंडर के अलावा अन्य वर्ग को भी दस्तावेज जमा कराने में दिक्कत हो रही है। कई परिवार ऐसे है जिनकी माता-पिता की मृत्यु 2003 के पहले हो चुकी है। बस्तर में 2011 में नक्सली आतंक के कारण पलायन कर दूसरे राज्य चले गये है, उनका नाम कैसे जुड़ेगा? कई असहाय है जिनका इस दुनिया में कोई नहीं है, अनाथालय में रहते है, गोद लिये गये बच्चे जो अब वयस्क हो गये है।

इन सभी को फार्म भरने में कठिनाई हो रही है। कई परिवार ऐसे भी है जो वर्षों से छत्तीसगढ़ में रह रहे है, लेकिन रोजी मजदूरी के लिए बार-बार शहर बदलना पड़ा, उनका नाम कैसे जुड़ेगा? चुनाव आयोग को इनकी समस्याओं का निराकरण करना चाहिए।

भारत ने साउथ अफ्रीका को 7 विकेट से हराया, सीरीज में 2-1 से बनाई बढ़त

नई दिल्ली। भारत-साउथ अफ्रीका के बीच तीसरा टी20 मैच धर्मशाला में खेला गया. इस मैच में भारतीय टीम ने 7 विकेट से जीत हासिल की और 5 मैचों की सीरीज में 2-1 से बढ़त बना ली. इस मुकाबले में भारत के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया था. साउथ अफ्रीका की पारी 117 के स्कोर पर सिमट गई. इसके जवाब में भारतीय टीम ने 16वें ओवर में 3 विकेट खोकर इस टोटल को चेज कर लिया.

ऐसे रही भारत की पारी

118 के जवाब में उतरी भारत की शुरुआत बेहद शानदार रही. शुभमन गिल और अभिषेक शर्मा ने शानदार बल्लेबाजी की. हालांकि, छठे ओवर में भारत को पहला झटका लगा जब अभिषेक शर्मा 18 गेंदों में 35 रनों की पारी खेलकर आउट हो गए. लेकिन गिल और तिलक वर्मा जमे रहे. 10 ओवर में भारत का स्कोर 88-1 था. 12वें ओवर में भारत को दूसरा झटका लगा जब शुभमन गिल 28 गेंदों में 28 रन बनाकर आउट हुए. 15वें ओवर में भारत को तीसरा झटका लगा जब सूर्यकुमार यादव 12 रन बनाकर आउट हुए. इसके बाद शिवम दुबे और तिलक वर्मा ने भारत को 16वें ओवर में जीत दिलाई. तिलक के बल्ले से नाबाद 25 तो शिवम के बल्ले से नाबाद 10 रन आए. सीरीज का चौथा मैच बुधवार को खेला जाएगा.

ऐसे रही साउथ अफ्रीका की बैटिंग

पहले बल्लेबाजी करने उतरी साउथ अफ्रीका की शुरुआत बेहद खराब रही. पहले ही ओवर में अर्शदीप सिंह ने हेंड्रिक्स का विकेट झटका. हेंड्रिक्स खाता भी नहीं खोल सके. इसके बाद अगले ही ओवर में हर्षित राणा ने क्विंटन डिकॉक का विकेट चटकाया. फिर चौथे ओवर में हर्षित को एक और सफलता मिली और 10 रन के भीतर ही साउथ अफ्रीका के तीन विकेट गिर गए. इसके बाद 7वें ओवर में हार्दिक पंड्या ने स्टब्स का विकेट झटका और साउथ अफ्रीका को चौथा झटका दिया. इसी के साथ टी20 में हार्दिक के 100 विकेट भी पूरे हो गए.

11वें ओवर में शिवम दुबे ने साउथ अफ्रीका को 5वां झटका दिया और बॉस का विकेट झटका. तब साउथ अफ्रीका का स्कोर महज 44 रन था. इसके बाद 14वें ओवर में वरुण ने फरेरा का विकेट झटका और छठी सफलता टीम को दिलाई. इसके बाद 16वें ओवर में वरुण ने साउथ अफ्रीका को 7वां झटका दिया. यानसेन ने 2 रन बनाए. 19वें ओवर में अर्शदीप ने मार्करम का विकेट झटका. मार्करम ने 61 रन बनाए. आखिरी ओवर लेकर कुलदीप यादव आए और उन्होंने नोर्किया का विकेट झटका. इसके बाद कुलदीप ने 117 पर साउथ अफ्रीका को समेट दिया.

ऐसा रहा भारतीय गेंदबाजों का प्रदर्शन

इस मैच में भारतीय गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया. अर्शदीप ने 4 ओवर में 13 रन देकर 2 विकेट लिए. जबकि हर्षित राणा को भी 2 सफलता मिली. हार्दिक और शिवम दुबे ने एक विकेट लिया. जबकि वरुण और कुलदीप को 2-2 विकेट मिले.

भारत की प्लेइंग इलेवन में दो बदलाव हुए

इस मैच के लिए भारत ने अपनी प्लेइंग इलेवन में दो बदलाव किए हैं. अक्षर पटेल और जसप्रीत बुमराह की प्लेइंग इलेवन से छुट्टी हुई है. जबकि उनकी जगह हर्षित राणा और कुलदीप यादव को मौका दिया गया है. कप्तान सूर्या ने बताया कि अक्षर पटेल बीमार हैं, जबकि बुमराह निजी कारणों से अपने घर लौट गए हैं. वो बाकी मैचों के लिए उपलब्ध रहेंगे.

न्यूज गैलरी

ट्रंप के दावों की निकली हवा, थाईलैंड की सेना ने कंबोडिया पर की बमबारी

न्यूयॉर्क। थाईलैंड और कंबोडिया के बीच चल रहा सीमा विवाद लगातार गंभीर होता जा रहा है। जहां हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यह दावा किया था कि एक फोन कॉल से वह इस टकराव को खत्म कर सकते हैं, वहीं मौजूदा हालात में सीमा पर सैन्य कार्रवाई और तेज होती दिखाई दे रही है।शनिवार को थाईलैंड की वायुसेना ने कंबोडिया से सटे इलाकों में हवाई हमले किए। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, थाई एयरफोर्स ने दो एफ-16 लड़ाकू विमानों की मदद से कई ठिकानों को निशाना बनाया और बमबारी की। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 5ः50 बजे कंबोडिया के पश्चिमी प्रांत बट्टमबोंग के त्मोर दा इलाके में स्थित एक होटल भवन पर बम गिराया गया। इसके कुछ ही मिनट बाद, सुबह 5ः55 बजे उसी क्षेत्र में एक अन्य होटल इमारत को भी निशाना बनाया गया।इसके बाद हमलों का दायरा रणनीतिक ढांचों तक फैल गया। रिपोर्ट के अनुसार सुबह 6ः02 बजे चेई चोम्नास पुल पर हमला किया गया, जबकि 6ः07 बजे उसी पुल पर दोबारा बमबारी की गई। सुबह 6ः12 बजे चेई चोम्नास के पुराने पुल को भी निशाना बनाया गया।उल्लेखनीय है कि सीमा पर बढ़ते तनाव के बीच राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में कहा था कि वह थाईलैंड और कंबोडिया के बीच चल रहे संघर्ष को रोकने में सक्षम हैं। उन्होंने यह भी कहा था कि उनके हस्तक्षेप से क्षेत्र में शांति बहाल की जा सकती है। हालांकि जमीनी हालात बताते हैं कि दोनों देशों के बीच तनाव कम होने के बजाय और गहराता जा रहा है।

पुतिन के इंतजार में बैठे रहे शहबाज, जबरन घुसने पर सुरक्षाकर्मियों ने दिखाया बाहर का रास्ता

अश्गाबात। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मंच पर शर्मिंदगी और भारी बेइज्जती का सामना करना पड़ा है। तुर्कमेनिस्तान में आयोजित 'इंटरनेशनल फोरम फॉर पीस एंड ट्रस्ट' में हिस्सा लेने पहुंचे पाकिस्तानी पीएम के साथ जो हुआ, उसकी चर्चा अब पूरी दुनिया में हो रही है। खबरों के मुताबिक, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात के लिए शहबाज शरीफ को करीब 40 मिनट तक अकेले इंतजार करना पड़ा और जब उनका सब्र टूटा, तो उन्होंने प्रोटोकॉल तोड़ते हुए एक ऐसी बैठक में घुसने की कोशिश की, जहां पुतिन और तुर्की के राष्ट्रपति एर्दोआन पहले से मौजूद थे। घटनाक्रम के अनुसार, शहबाज शरीफ एक बड़े हॉल में रूसी राष्ट्रपति का इंतजार कर रहे थे। वहां रूस और पाकिस्तान के झंडे लगे थे, लेकिन पुतिन की कुर्सी खाली थी। तस्वीरों में देखा गया कि शहबाज शरीफ करीब 40 मिनट तक कुर्सी पर बैठे बोरियत में दांत कुरेदते नजर आए। काफी देर इंतजार करने के बाद जब रहा नहीं गया, तो उन्होंने अपने स्टाफ से कुछ बात की और अचानक उठकर सुरक्षा घेरे को दरकिनार करते हुए बगल के हॉल में घुस गए।

गोवर्धन मठ पुरी शंकराचार्य का रायपुर आगमन

उज्जैन / नवप्रदेश।सनातन धर्म के सार्वभौम धर्मगुरू गोवर्धन मठ पुरी पीठाधीश्वर जगदगुरू शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती जी महाराज राष्ट्रोत्कर्ष अभियान यात्रा के तहत 14 दिसंबर को दिल्ली से राजधानी एक्सप्रेस से 15 दिनों के लिए रायपुर प्रवास पर पहुंचे हैं । जिनके आगमन को लेकर सुदर्शन संस्थानम शंकराचार्य आश्रम रावाभाटा में जोरो से तैयारियां चल रही है । आगमन को लेकर पूरे प्रदेश में उनके शिष्यों में बहुत उत्साह है । छत्तीसगढ़ का परम सौभाग्य है कि पूरी शंकराचार्य जी आगमन छत्तीसगढ़ में होते रहता है और उनका आशीर्वाद ही है जिसके कारण आज छत्तीसगढ़ बहुत तीव्र गति से विकास कर रहा है ।

जिला चिकित्सालय में स्किन ग्राफ्टिंग का नि :शुल्क आपरेशन

उज्जैन / नवप्रदेश। सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक ने बताया कि श्री रोहित पिता बंशीलाल, निवासी फजलपुरा को लगभग 4 महीने पहले बाएं पैर में बाईक स्टैंड से चोंट लगी थी। जिसके कारण बांये पैर में ठीक न होने वाला घाव हो गया था। रोहित जब जिला चिकित्सालय, आये तो प्रतिदिन ड्रेसिंग करके घाव साफ करके समस्त आवश्यक जांचे करवाकर उन्हें आपरेशन के लिए तैयार किया गया। इसके पश्चात रोहित की जिला चिकित्सालय के सर्जरी विभाग के वरिष्ठ सर्जन डॉ. मुंशी खान के नेतृत्व में डॉ. ए.के. सिंह ने स्किन ग्राफ्टिंग सर्जरी की एवं निश्चेतना विभाग के डॉ. दिनेश सिसौदिया, डॉ. सपना शर्मा का सहयोग रहा। सहयोगी स्टाफ में श्रीमति अमिता गांगुली, ओ.टी. इंचार्ज एवं सुनील पाटीदार, रितु, अर्चना, तपन, सचिन, चंदन, राजेश, मुकेश आदि स्टाफ भी उपस्थित थे। निजी चिकित्सालय में अनुमानित खर्च 1 लाख का खर्चा आता है, जिसे जिला चिकित्सालय में पूर्णतः निःशुल्क किया गया।

एच-1बी वीज़ा के लिए अलग-अलग शुल्क मिलाकर 960 से 7,595 डॉलर तक देते हैं

उल्टा पड़ा ट्रंप का दांव, एच1-बी वीजा शुल्क बढ़ाने के खिलाफ कोर्ट पहुंचे यूएस के 20 राज्य

वाशिंगटन। अमेरिका के 20 राज्यों ने ट्रंप प्रशासन के खिलाफ अदालत में मुकदमा दायर किया है। इन राज्यों का कहना है कि एच-1बी वीजा के नए आवेदनों पर 1 लाख अमेरिकी डॉलर की भारी फीस लगाना गैरकानूनी है और इससे जरूरी सार्वजनिक सेवाओं पर बुरा असर पड़ेगा। यह मुकदमा डिपार्टमेंट ऑफ होमलैंड सिक्योरिटी द्वारा लागू की गई एक नीति को निशाना बनाता है, जिसमें एच-1बी वीज़ा के तहत विदेशी कुशल कर्मचारियों को रखने के लिए नियोक्ताओं पर अचानक बहुत ज़्यादा शुल्क लगा दिया गया। इस वीज़ा का इस्तेमाल अस्पताल, विश्वविद्यालय और सरकारी स्कूल में बड़े पैमाने पर किया जाता है।

कैलिफोर्निया के अटॉर्नी जनरल रॉब बॉन्टा इस मामले का नेतृत्व कर रहे हैं। उनके कार्यालय के हवाले से कहा गया कि प्रशासन के पास इतनी बड़ी फीस लगाने का अधिकार नहीं है। बॉन्टा ने कहा कि दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने के नाते कैलिफोर्निया जानता है कि जब दुनिया भर से कुशल लोग यहाँ काम करने आते हैं, तो राज्य आगे बढ़ता है।बॉन्टा ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा लगाई गई यह 1 लाख डॉलर की एच-1बी फीस न सिर्फ़ बेवजह है, बल्कि अवैध भी है। इससे स्कूलों, अस्पतालों और अन्य जरूरी सेवाएं देने वाले संस्थानों पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा और कर्मचारियों की कमी और बढ़ जाएगी। राष्ट्रपति ट्रंप ने 19 सितंबर, 2025 को जारी एक घोषणा के ज़रिए इस फीस का आदेश दिया था। 21 सितंबर के बाद दायर किए गए एच-1बी आवेदनों पर इसे लागू किया गया। होमलैंड सिक्योरिटी सेक्रेटरी को यह तय करने का अधिकार दिया कि कौन से आवेदन इस फीस के दायरे में आएंगे या छूट के लिए योग्य होंगे।राज्यों का कहना है कि यह नीति प्रशासनिक प्रक्रिया, कानून, और अमेरिकी संविधान का उल्लंघन करती है, क्योंकि बिना तय प्रक्रिया अपनाए नियम बनाए गए हैं और कांग्रेस की सीमा से बाहर जाकर फैसला लिया गया है। अब तक एच-1बी से जुड़ी फीस सिर्फ़ व्यवस्था चलाने के खर्च तक सीमित रहती थी। फिलहाल नियोक्ता एच-1बी वीज़ा के लिए अलग-अलग शुल्क मिलाकर लगभग 960 से 7,595 डॉलर तक देते हैं। संघीय कानून के अनुसार उन्हें यह भी प्रमाण देना होता है कि विदेशी कर्मचारी रखने से अमेरिकी कर्मचारियों की सैलरी या काम की स्थिति पर बुरा असर नहीं पड़ेगा। कांग्रेस अधिकांश निजी क्षेत्र के एच-1बी वीजा की संख्या सालाना 65,000 तक सीमित रखती है, जबकि उच्च डिग्री वालों के लिए 20,000 अतिरिक्त वीजा होते हैं। स्कूल, विश्वविद्यालय और अस्पताल जैसे सरकारी और गैर-लाभकारी संस्थानों को इस सीमा से छूट मिली हुई है। यह मुकदमा बोंटा और मैसाचुसेट्स के अटॉर्नी जनरल एंड्रिया जॉय कैंपबेल ने दायर किया था, जिसमें एरिज़ोना, कोलोराडो, कनेक्टिकट, डेलावेयर, हवाई, इलिनोइस, मैरीलैंड, मिशिगन, मिनेसोटा, नेवाडा, नॉर्थ कैरोलिना, न्यू जर्सी, न्यूयॉर्क, ओरेगन, रोड आइलैंड, वर्मोंट, वाशिंगटन और विस्कॉन्सिन के अटॉर्नी जनरल भी शामिल हुए। एच-1बी वीज़ा कार्यक्रम विदेशी कुशल पेशेवरों के लिए एक अहम रास्ता है।

करूर भगदड़ मामले में बढ़ेगी टीवीके नेता विजय की मुश्किलें

चेन्नई। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) तमिलनाडु के करूर भगदड़ मामले में तमिलगा वेट्री कजगम (टीवीके) प्रमुख विजय से पूछताछ कर सकती है। यह हादसा 27 सितंबर को करूर के वेलुचामिपुरम में विजय के नेतृत्व में आयोजित रैली में हुआ था। भीड़ में अचानक भगदड़ मचने से 41 लोगों की मौत हो गई थी और कम से कम 110 अन्य घायल हो गए थे। हादसे के बाद इस घटना की स्वतंत्र जांच कराने की मांग उठी। मामले पर संज्ञान लेते हुए सुप्रीम कोर्ट ने 13 अक्टूबर को एक अंतरिम आदेश जारी कर जांच सीबीआई को सौंप दी थी। कोर्ट ने जांच की निगरानी के लिए सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज जस्टिस अजय रस्तोगी की अध्यक्षता में एक मॉनिटरिंग कमेटी बनाई। इसके बाद सीबीआई ने अपनी जांच शुरू कर दी है। जांच एजेंसी अब तक इस मामले में पूछताछ के लिए टीवीके के कई वरिष्ठ पदाधिकारियों को बुला चुकी है। एजेंसी के सामने पेश होने वालों में टीवीके के प्रदेश महासचिव बुस्सी आनंद, संयुक्त सचिव निर्मल कुमार और अधव अर्जुन और करूर पश्चिम जिला सचिव मथियाझगन शामिल हैं। सूत्रों के अनुसार, इन नेताओं ने संगठन और कैंपेन प्रोग्राम के आयोजन के संबंध में अपनी सफाई दी। पार्टी पदाधिकारियों से शुरुआती पूछताछ पूरी होने के बाद जांच का फोकस अब पार्टी प्रमुख विजय पर शिफ्ट हो गया है। कहा जा रहा है कि सीबीआई अधिकारी टीवीके नेता से पूछताछ करने के लिए औपचारिक कदम उठाने की प्रक्रिया में हैं ताकि घटना के संबंध में उनकी भूमिका और जिम्मेदारियों का पता लगाया जा सके, खासकर भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था और अनुमति और सुरक्षा मानदंडों के पालन के संबंध में।हालांकि, जांचकर्ता विजय को बुलाने से पहले लॉजिस्टिक्स और सुरक्षा संबंधी बातों पर विचार कर रहे हैं।

सुप्रीम कोर्ट की ओर से नियुक्त कमेटी की देखरेख में जांच जारी है, क्योंकि सीबीआई संभावित कमियों की जांच कर रही है और हाल के समय के चुनाव अभियान से जुड़ी दुर्घटनाओं में से एक में जिम्मेदारी तय करने की कोशिश कर रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आगर में सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 551 जोड़ों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं

उज्जैन / नवप्रदेश। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विधायक मधु गहलोत के पुत्र मोहित सिंह गहलोत और उनकी पुत्रवधू सहित आगर मंडी प्रांगण में सात फेरों के बंधन में बंधने वाले सभी 551 जोड़ों को ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर इंदौर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उज्जवल भविष्य शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास' के मूल मंत्र अनुरूप सामूहिक विवाह कार्यक्रम सभी अभिभावकों के विवाह आयोजन के स्वप्न को साकार करने में सहायक है।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह जानकर खुशी व्यक्त की कि विधायक मधु गहलोत अब तक 10 हजार बेटियों के विवाह में सहयोग कर चुके हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विधायक गहलोत के पुत्र मोहित सिंह गहलोत से अपेक्षा जताई कि वे अपने पिता के समाजसेवा कार्य को आगे बढ़ायेंगे। उन्होंने इस शुभ आयोजन के लिए दादा नर्सिंग फाउंडेशन के प्रयासों की सराहना की और बाबा बैद्यनाथ की धरती में आयोजित इस मंगल कार्य के लिए शुभकामनाएं दीं। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट सहित अन्य जन प्रतिनिधि उपस्थित थे।

मध्यप्रदेश जोड़ो अभियान के तहत आप पार्टी का मातृ शक्ति सम्मेलन सम्पन्न

उज्जैन / नवप्रदेश। रविवार को आम आदमी पार्टी के मध्यप्रदेश जोड़ो अभियान के तहत युवराज सिंह जी पूर्व प्रदेश संगठन मंत्री आम आदमी पार्टी के मुख्य आतिथ्य मे, शैली राणावत जी पूर्व प्रदेश सचिव एवम वीरेंद्र सिंह जी पूर्व प्रदेश संयुक्त सचिव के विशेष अतिथि उज्जैन शहर कार्यकर्ताओं द्वारा पूर्व जिला अध्यक्ष शहर नरेंद्र सोलंकी जी के नेतृत्व में ÷मातृ शक्ति÷ सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमे शहर के विभिन्न वार्डो से बड़ी संख्या में महिलाओं ने भागीदारी सुनिचित कर स्वच्छ राजनीति में अपनी सहभागिता रखने का संकल्प लिया , युवराज सिंह जी ने भाजपा सरकार द्वारा किए गए खोखले वादों की पोल खोली उन्होंने कहा कि अभी तक महिलाओं के ख़ातों में 3000 रू नहीं आये है , वृद्ध - विधवा पेंशन जो की 600 रू है वो भी समय पर नहीं आ रही है , महंगाई ने जीना मुश्किल कर दिया है । भ्रष्टाचार चरम पर है , सरकारी स्कूलों - अस्पतालो की हालत ख़राब है भाजपा सरकार पूरी तरह से नाकाम हो रही है ।आगामी निकाय चुनाव में आम आदमी पार्टी पूरी ताक़त से चुनाव लड़ेगी । उक्त आयोजन में उज्जैन शहर के सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए जिसमें मुख्य रूप से पूर्व प्रदेश संयुक्त सचिव अक्षय पाटीदार पूर्व जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा, पूर्व शहर जिला उपाध्यक्ष श्रीमहेश् तिवारी जी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष गौतम खेरवा पूर्व जिला सचिव अनिल ठाकुर जी, पूर्व महिलासचिव रेखा सोनी राजकुमार जी आदि।

दुर्गापुर संत समागम में निरंकारी मिशन की प्रमुख सद्‌गुरु माता सुदीक्षा एवं निरंकारी राजपिता रमित शामिल होंगे

उज्जैन सहित देशभर से हजारों की संख्या में निरंकारी श्रद्धालु पहुंचेंगे

उज्जैन / नवप्रदेश। बंगाल की इस्पात नगरी दुर्गापुर की धरती पर पहली बार सदुरु माता सुदीक्षा महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित की छत्रछाया में नार्थ ईस्ट निरंकारी संत समागम का आयोजन होने जा रहा है। उज्जैन सहित संपूर्ण मध्यप्रदेश एवं बंगाल के कोलकाता, सिलीगुड़ी, ओडीसा, झारखंड, बिहार राज्य के हजारों की संख्या में निरंकारी श्रद्धालु पहुंचेंगे।

संयोजक विनोद गज्जर ने बताया कि दुर्गापुर 'सागरभांगा स्पोर्टिंग क्लब ग्राउंड में 21 दिसंबर को आयोजित होने वाले निरंकारी संत समागम में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भव्य पंडाल का निर्माण किया जा रहा है, जिसमें एक साथ 50 हजार से भी ज्यादा निरंकारी एक साथ बैठकर माताजी के सानिध्य में नर पूजा, नारायण पूजा की जीती जागती

मिशाल पेश करेंगे। आपने बताया कि दुर्गापुर इस्पात नगरी में पहली बार नार्थ इस्ट का संत समागम हो रहा है, जहां सभी धर्म, भाषा, के श्रद्धालु एक साथ बैठकर एक गुलदस्ता बनकर बिना भेदभाव के नर पूजा नारायण पूजा रूप प्रदर्शित करेंगे। उन्होंने बताया कि बर्द्धवान जोन के इंचार्ज निमाई चंद साव के देखरेख में स्थानीय स्तर पर व्यवस्था की जा रही है। पिछले एक माह से दुर्गापुर, बर्नपुर, आसनसोल, कोलकाता, चंदीगढ़, पंजाब, दिल्ली के सैंकड़ों श्रद्धालु सेवा कार्य में भाग ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि समागम की तैयारी में जिला प्रशासन, पुलिस कमिश्नरेट, स्थानीय पुलिस, नगर निगम, एडीडीए, बिजली विभाग स्थानीय समाज सेवियों का निरंतर सहयोग मिल रहा है।

मध्यप्रदेश को बनाएंगे मिल्क कैपिटल : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

डेयरी क्रांति की ओर मध्यप्रदेश का बड़ा कदम है डॉ. भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना

उज्जैन / नवप्रदेश।मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश को मिल्क कैपिटल बनाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है। उन्होंने कहा है कि पशुपालकों/दुग्ध उत्पादकों को हर संभव तरीके से आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रदेश में दुग्ध उत्पादन बढ़ाया जाएगा। आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के निर्माण की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की इसी मंशा के मद्देनजर राज्य सरकार ने प्रदेश में एक कारगर नवाचार प्रारंभ किया है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने, पशुपालकों को आत्मनिर्भर बनाने सहित वर्तमान डेयरी उद्योग को सुनियोजित,

सुव्यवस्थित, व्यावसायिक और लाभकारी बनाने की दिशा में राज्य सरकार ने इसी साल 'डॉ. भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना' आरंभ की है। यह योजना खासतौर पर उन जरूरतमंद युवाओं, किसानों और पशुपालकों के लिए आशा की किरण बनकर उभरी है, जो आधुनिक डेयरी इकाई स्थापित कर अपनी आय का स्थायी साधन विकसित करना चाहते हैं। योजना का मुख्य उद्देश्य राज्य में दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देना, ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नये-नये अवसर सृजित करना और पशुपालकों की आय में वृद्धि करना है। पशुपालन एवं डेयरी विभाग ने वर्तमान वित्त वर्ष 2025-26 में योजना के लिए एक करोड़ रुपए से अधिक (कुल 100.72 लाख रुपए) का बजट प्रावधान किया है। विभाग ने इस वित्त वर्ष में 828 से अधिक हितग्राहियों को योजना का लाभ देने का लक्ष्य रखा है।

डॉ. भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना में लाभार्थियों को 25 दूधारू पशुओं की एक इकाई स्थापित करने का अवसर दिया जाता है। इच्छुक और सक्षम हितग्राही अधिकतम 8 इकाइयां, अर्थात 200 पशुओं तक की डेयरी परियोजना भी स्थापित कर सकते हैं। यह योजना छोटे से लेकर मध्यम स्तर के डेयरी उद्यमियों को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। योजना की एक प्रमुख शर्त यह है कि प्रति इकाई के लिए इच्छुक हितग्राही के पास कम से कम 3.50 एकड़ कृषि भूमि उपलब्ध हो। भूमि की यह व्यवस्था पशुओं के आवास, चारे की व्यवस्था और डेयरी के समुचित तरीके से संचालन के लिए जरूरी है। इसके साथ ही सरकार पशुपालकों/दूध उत्पादकों की प्रोफेशनल ट्रेनिंग को भी महत्व दे रही है, ताकि पशुपालक वैज्ञानिक और आधुनिक पद्धति से अपना डेयरी बिजनेस चला सकें।

पशुपालकों को आर्थिक सहायता देना इस योजना का सबसे आकर्षक पहलू है। परियोजना की कुल लागत पर सरकार द्वारा अनुदान (सब्सिडी) भी दिया जा रहा है।

जिन्न-एक अनोखी कहानी पर आधारित सस्पेंस हॉरर थ्रिलर

हाल ही में, नई और अनूठी कहानियों वाली फिल्मों को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है। दमदार विषयवस्तु वाली फिल्में भी बड़ी सफलता हासिल कर रही हैं। इसी तर्ज पर निर्देशक चिन्मय राम एक बिल्कुल नई सस्पेंस हॉरर थ्रिलर फिल्म जिन्न लेकर आ रहे हैं, जो एक अनोखी शैली में बनी है और इसका विषय इतना रोचक है कि यह हर वर्ग के दर्शकों को पसंद आएगी।इस फिल्म में अम्मिथ राव मुख्य भूमिका में हैं और इसका निर्माण निखिल एम. गौड़ा द्वारा सादालम्मा फिल्म प्रोडक्शन के बैनर तले किया जा रहा है। वरदराज चिक्कबल्लापुरा ने संवाद लिखे हैं।अब तक जारी किए गए पोस्टर और वीडियो को

दर्शकों से बेहद सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है और उम्मीदें काफी बढ़ गई हैं। बढ़ते क्रेज के बीच, यह तेलुगु फिल्म 19 दिसंबर को भव्य सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है।फिल्म में मुख्य भूमिकाएं परवेज़ सिम्भा, प्रकाश थुम्बिनाडु, रवि भट्ट, संगीता और बलराज वाडी ने निभाई हैं, जबकि एलेक्स ने संगीत तैयार किया है।

खबरों की मरम्मत

विष्णु देव सरकार के दो साल

नव प्रदेश छत्तीसगढ़ के पहले आदिवासी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार ने अपने कार्यकाल के दो साल पूरे कर लिए हैं। अर्थात

लगभग आधा सफर तय कर लिया है। क्रिकेट की भाषा में कहें तो अभी तक कप्तान विष्णु देव साय की अगुवाई में उनकी टीम संभल कर खेल रही है और बेहतर प्रदर्शन कर रही है। बीस ओवरों में उसने सम्मानजनक स्कोर खड़ा कर दिया है किंतु अब उसे गेयर बदलना होगा और बाकी बचे तीस ओवरों चौकों छक्कों की बरसात कर रनों का ऐसा पहाड़ खड़ा करना होगा जिसे पार करना विरोधी टीम के बूते की बात न रहे। विष्णु देव साय को खुद कप्तानी पारी खेलनी होगी और ताबड़तोड़ बल्लेबाजी कर विपक्षी टीम को धूल चटानी होगी। तभी वे मैच जीत पाएंगे और हो सकता है कि वे पूर्व कप्तान डा. रमन सिंह की तरह लगातार तीन टूर्नामेंट जीतने के रिकार्ड की बराबरी करने में भी सफल हो जाएं।

खाली दिमाग शैतान का घर

कहते हैं न कि खाली दिमाग शैतान का घर होता। निठल्ले लोग खाली

पीली बोम मारते रहते हैं और सोशल मीडिया के माध्यम से अफवाहों का बाजार गर्म करते रहते हैं। पिछले दिनों प्रदेश में नेतृत्व परिवर्तन की अफवाह उड़ा दी गई। विष्णु देव साय के नेतृत्व में जब सरकार बढ़िया काम कर रही है। खासतौर पर नक्सली आतंक के खात्मे के लिए उसने जो कारगर पहल की है उससे केन्द्रीय नेतृत्व खुश है। गृहमंत्री अमित शाह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसके लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पीठ थपथपा चुके हैं। ऐसे में नेतृत्व परिवर्तन का तो सवाल ही नहीं उठता लेकिन बेपर की उड़ाने वालों को क्या ही कहा जाए?

मच्छर मक्खी भी मारेंगे गुरूजी

छत्तीसगढ़ लोक शिक्षण संचालनालय ने आदेश जारी किया है कि

स्कूलों से आवारा कुत्तों को दुत्कार कर भगाने के अलावा अब गुरूजी को स्कूलों में घुसने वाले सांप बिच्छु को भी भगाना पड़ेगा। इसके लिए शायद उन्हें सपेरों से बीन बजाने की ट्रेनिंग दिलाई जाए। इसके बाद हो सकता है कि शिक्षकों को मक्खी और मच्छर मारकने के भी काम पर लगाया जाए। यदि गुरूजी को कुत्तों, सांपों, बिच्छुओं और मक्खी मच्छरों को पढ़ाने के लिए कहा जाए तो भी ताज्जुब नहीं होगा

प्रथम ग्रासे मच्छरदानी भाते

नव प्रदेश छत्तीसगढ़ के नये विधानसभा भवन में रविवार के दिन से

शीतकालीन सत्र की शुरुआत कर नया इतिहास रचा गया। विपक्ष को इस गौरवशाली क्षण का साक्षी बनना चाहिए था लेकिन उसने पहले दिन की कार्रवाई का यह कहकर बहिष्कार कर दिया कि पहले दिन सरकार ने छत्तीसगढ़ विजन 2047 पर चर्चा कराने का जो निर्णय लिया उस बारे में विपक्ष से परामर्श नहीं लिया गया इसलिए कांग्रेस पहले दिन की कार्रवाई का बहिष्कार करने पर बाध्य हुई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने इस पर तंज कसा है कि लोग अभी भूख से मर रहे हैं और सरकार 2047 की चर्चा कर रही है। उस समय तक आप खुद रहेंगे या नहीं पहले यह तय कर लें। बहरहाल विपक्ष के बहिष्कार से प्रथम ग्रासे मच्छिक्का भाते वाली उक्ति चरितार्थ हो गई।

एम्स : एक अनार, हजार बीमार

राजधानी रायपुर स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान चिकित्सा संस्थान (एम्स) छत्तीसगढ़ सहित सीमावर्ती राज्यों के लाखों मरीजों

के लिए वरदान तो है किंतु यहां मरीजों की बढ़ती भीड़ के कारण एक अनार और हजार बीमार वाली स्थिति निर्मित हो गई है। सीटी स्कैन और एमआरआई सहित अन्य जांचों के लिए प्रतिक्षा सूची सुरसा के मुंह की तरह बढ़ती जा रही हैं। जांच के लिए चार पांच माह के बाद की डेट मिलना आम बात है। ऐसे में मरीजों को निजी अस्पतालों में जाकर महंगी जांच कराने पर बाध्य होना पड़ रहा है। एम्स में जांच सुविधा को सुचारू बनाने की जरूरत बड़ी शिद्दत से महसूस की जा रही है लेकिन जन प्रतिनिधि इस बारे में पहल नहीं कर रहे हैं। नतीजतन एम्स में नाम बड़े दर्शन छोटे वाली कहावत चरितार्थ हो रही है।

बीएसपी को सांसद की चेतावनी

इस्पात नगरी भिलाई के बाशिंदे इन दिनों बीएसपी प्रबंधन की कार्यप्रणाली को लेकर गुस्से से उबल रहे हैं। जनभावनाओं को मद्देनज़र रखकर क्षेत्रीय सांसद विजय बघेल ने बीएसपी प्रबंधन से चर्चा की और दो टूक शब्दों में चेतावनी दी है कि रि टेंशन, थर्ड पार्टी, लीज नवीनीकरण तथा सेक्टर 9 अस्पताल व मैत्री बाग के निजीकरण जैसे संवेदनशील मुद्दों पर बीएसपी प्रबंधन दस दिनों के भीतर सार्थक पहल करे। देखना दिलचस्प होगा कि सांसद की चेतावनी का बीएसपी प्रबंधन पर क्या प्रभाव पड़ता है?

सवाल अपने-अपने संकल्पों का?

लगता है शीतकालीन सत्र कुछ माननीय को रास नहीं आया जिसके कारण सत्ता पक्ष के माननीय भी विपक्ष की तरह अपनी ही सरकार पर सवाल उठाने से भी गुरेज नहीं कर रहे है। मामला छत्तीसगढ़

विधानसभा शीतकालीन सत्र के पहले दिन 'विजन 2047' पर विशेष चर्चा के दौरान भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने प्रक्रिया पर ही सवाल खड़ा दिया। अजय चंद्राकर की बातों से नाराज मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने खड़े होकर अध्यक्ष से आपत्ति जताते हुए व्यक्तिगत आरोप लगाने वाले अंश को विलोपित करने की मांग कर डाली। भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने इसके पहले आसंदी से सवाल किया कि किस प्रक्रिया, किस नियम के तहत सदन में चर्चा हो रही है। क्या हम शासकीय संकल्प के तहत बात कर रहे हैं? क्या चर्चा के बाद मंत्री जवाब देंगे या हमें अपनी बात कहनी है? सदन में चर्चा के पूर्व नियम प्रक्रिया की जानकारी होनी थी। खबरदारों की माने तो सवाल पर सवाल के कई मायने सामने आ रहे है, मंत्रिमंडल विस्तार, बिजली बिल पर बैक टू पैवेलियन और टोकन, जमीन गाइड लाइन ने माननीयों की नींद हराम कर दी है। जिसकी झलक सत्र में दिखाई देने लगी है।

कैलाश यादव, चन्द्रशेखर राव, हेमंत धोटे, हरि ओम चौहान, शाहीन कुरैशी, रंजन पांडेय।

भर्ती परीक्षा का प्रश्नपत्र बेचने का भी आरोपी है कारोबारी टंडन!

रायपुर/नवप्रदेश। दंतेवाड़ा में पदस्थ महिला डीएसपी कल्पना वर्मा पर आरोप लगाकर चर्चा में आएं होटल कारोबारी अंबेडकर उर्फ दीपक टंडन के बारे में रोज नए खुलासे हो रहे हैं। उस पर राजधानी में भर्ती परीक्षा का प्रश्नपत्र बेचने के नाम पर न केवल रुपए वसूलने का आरोप लग चुका है, बल्कि 2018 में उसके खिलाफ धारा 420 भादवि के तहत फ्रॉड का केस भी सिविल लाइंस थाने में दर्ज है।

हालांकि इस केस की वर्तमान स्थिति की जानकारी अभी सामने नहीं आई है, लेकिन अप्रैल में एफआईआर के अगले ही महीने चालान भी पेश किया गया। इसमें उसके साथ इंदौर निवासी एक और सहयोगी के खिलाफ कार्रवाई की गई थी। दो दिन पहले ही आरोपी टंडन के खिलाफ कोयला आपूर्ति के नाम पर 27 लाख रुपए वसूलकर फ्रॉड करने के केस में कोरबा कोर्ट ने गिरफ्तारी बारंट जारी किया है।

शंकरनगर चौक पर रात में बुलाया था पीड़ित को पेपर देने

सिविल लाईस थाने में बीरगांव निवासी जितेन्द्र देवांगन द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर के मुताबिक 15 अप्रैल 18 को व्यापम द्वारा आयोजित राजस्व निरीक्षक (नगर निगम) परीक्षा के प्रश्न पत्र अंबेडकर टंडन द्वारा परीक्षा के पूर्व उपलब्ध कराने की बात कहकर उगाही की गई। आरोपी ने 13 अप्रैल को रात में पीड़ित रिपोर्टकर्ता को फोन किया कि उसके पास प्रश्न पत्र है। यदि घर का कोई सदस्य परीक्षा दे रहा हो तो बताओ। उक्त प्रश्नपत्र और उत्तर पुस्तिका उपलब्ध कराने के एवज में प्रति व्यक्ति तीन लाख रुपए लगेगा और मूल अंकसूची 10वीं-12वीं की जमा करनी पड़ेगी। जिसमें एक लाख नकद एवं दो लाख रुपए का चेक जमा करना पड़ेगा। परीक्षा में प्रार्थी का बहनोई बैठने वाला

था तो उसने आरोपी टंडन से संपर्क किया। तथा आरोपी ने 14 अप्रैल को शंकरनगर में रकम और अंकसूची लेकर मिलने बुलाया। वहां रात के 10 बजे जाने पर टंडन मिला लेकिन अंकसूची नहीं थी तो एक घंटे बाद वहीं बुलाया। दोबारा एक घंटे बाद पुनः शंकरनगर चौक पर जाने पर अंबेडकर टंडन वहां नहीं था। फोन पर बार-बार संपर्क करने पर बहाना बनाते रहर। बाद में उसने प्रवेश पत्र, अंकसूची एवं नकद 50 हजार रुपए लाने पर काम हो जाएगा कहा। उससे पेपर मांगा तो उसने कहा कि पेपर नहीं आया है, बहनोई से कहना कि जितना बनता है, उतना बनाए और बाकी छोड़ दे। पीड़ित के मुताबिक उस समय उसके पास पांच हजार रुपए थे, जिसको टंडन को दिया है। उसे पता चला कि कुछ और लोगों से उसने पेपर देने और पास कराने के लिए पैसा लिये हैं। सिविल लाइंस पुलिस ने 17 अप्रैल 2018 को उक्त एफआईआर दर्ज की।

सोशल मीडिया पर आम लोग जता रहे संरक्षण की आशंका

कोरबा व रायपुर में फ्रॉड के दो केस के आरोपी दीपक टंडन के खिलाफसत्ती निवासी एक कोयला कारोबारी किशन शर्मा पिता सूरजभान शर्मा भी पुलिस के पास पहुंचे हैं। कारोबारी ने मार्च 2022 में कोयला कारोबार में काम दिलाने का झांसा देकर 15 लाख कैश लेने और रकम नहीं लौटाने का आरोप लगाया है। कारोबारी ने लिखित शिकायत करने के बाद मीडिया को अपना बयान भी जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि दीपक टंडन ने शासन-प्रशासन में अपनी पकड़ होने का हवाला देते हुए बड़ा टेंडर दिलाने की बात कही थी। रकम लेकर बतौर गारंटी एचडीएफसी बैंक दो चेक दिए थे। जबकि जिस वक्त चेक दिया गया, आरोपी का बैंक खाता बंद हो चुका था। करीब एक हफ्ते से सोशल मीडिया पर महिला डीएसपी के परिवार व आरोपी के कारोबारी लेनदेन को लेकर शुरू हुआ विवाद छागा हुआ है। होटलों में बड़ी रकमों का निवेश, महिला अफसर द्वारा 2 करोड़ और लाखों की ज्वेलरी गिफ्ट लेने, कार नहीं लौटाने समेत कई और आरोप चर्चा में हैं। आरोप और सोशल मीडिया की तस्वीरों की वायरल करने के मामले में डीएसपी ने विधिक कार्रवाई शुरू करने की बात कही है। हालांकि अभी तक ऐसी कोई कार्यवाही शुरू होने की सूचना सार्वजनिक नहीं हुई है। वहीं सोशल मीडिया में लोग इस प्रकरण में तरह-तरह की प्रतिक्रिया भी दे रहे हैं।

ए ग्रेड वाले स्कूलों को उत्कृष्ट स्कूल के रूप में किया जाएगा विकसित

सोशल ऑडिट में साढ़े 9 हजार स्कूल डी ग्रेड में आए

■ **9735 स्कूल ए और 9841 स्कूल बी ग्रेड में**

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत शिक्षकों और बच्चों की उपस्थिति, पढ़ाई का स्तर और सुविधाओं को लेकर किए गए सोशल ऑडिट में प्रदेश के साढ़े 9 हजार से अधिक स्कूल 'डी ग्रेड' में आए हैं। अब इन स्कूलों का अधिकारी और जनप्रतिनिधि निरीक्षण कर ग्रेडिंग का स्तर सुधारने की दिशा में पहल करेंगे। अधिकारी और जनप्रतिनिधि निरीक्षण के लिए एप के जरिए स्कूल का चयन करेंगे।

विभिन्न सर्वे रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में प्राइमरी और मिडिल स्कूल के बच्चों का स्तर अन्य राज्यों की तुलना में काफी कमजोर है। स्थिति यह है कि पांचवीं और छठवीं के बच्चे दूसरी तीसरी की किताब ठीक से पढ़-लिख नहीं पाते। इसके अलावा सुविधाओं का भी अभाव है। शिक्षा का स्तर सुधारने के साथ ही स्कूल में सुविधाएं मुहैया कराने मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान चलाया जा रहा है। इसके पहले चरण में तीन माह पहले स्कूलों का सोशल ऑडिट किया गया था।

38955 स्कूलों को हर स्तर पर परखा गया। परिणाम स्वरूप प्रदेश के 9735 स्कूल खरे उतरे और वे ए ग्रेड में आए। वहीं बी ग्रेड वाले स्कूलों की संख्या 9841 है। सी ग्रेड में 9836 स्कूल शामिल हैं जबकि डी ग्रेड में 9543 स्कूल आए हैं। शिक्षा गुणवत्ता अभियान के अगले चरण में अब डी ग्रेड वाले स्कूलों पर फोकस करते हुए निरीक्षण किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार डी ग्रेड वाले स्कूलों का अधिकारी और जनप्रतिनिधि निरीक्षण करेंगे। विद्या समीक्षा केन्द्र के माध्यम से एप तैयार कर जिलों को उपलब्ध कराया गया है।

शिक्षकों व बच्चों की नियमित उपस्थिति पर जोर

शिक्षा गुणवत्ता अभियान के दौरान स्कूलों में न केवल शिक्षकों, बल्कि बच्चों की नियमित उपस्थिति पर जोर दिया जाएगा। स्कूलों के निरीक्षण और आकलन के आधार पर बच्चों की उपलब्धि में सुधार के साथ ही स्कूलों का कायाकल्प करने का भी प्लान तैयार किया जाएगा। ए ग्रेड वाले स्कूलों को उत्कृष्ट स्कूल के रूप में विकसित किया जाएगा।

निरीक्षण के लिए रुब्रिक्स तैयार

निरीक्षण के लिए शिक्षा विभाग द्वारा रूब्रिक्स तैयार किया गया है। इसमें बच्चों से पढ़ाई, शिक्षकों की उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन, गणित के जोड़-घटाव, विगत 3 वर्षों का परीक्षा परिणाम, शौचालय और स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता समेत अन्य प्रश्नों के जरिए परखा जाएगा। निरीक्षण के आधार पर स्कूलों को असंतोषप्रद, औसत से कम, संतोषप्रद, औसत से बेहतर और उत्कृष्ट जैसे मापदंडों पर तौला जाएगा। बताते हैं कि मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत डी ग्रेड वाले स्कूलों का निरीक्षण जनवरी में संभावित है।

नए डीआरएम उमेश कुमार नहीं आना चाहते बिलासपुर

बच्चे की पढ़ाई और पत्नी के कामकाजी होने से मुम्बई से बिलासपुर आने में जताई असमर्थता

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेल मण्डल के डीआरएम राजमल खोईवाल का तबादला कर दिया गया है। इसका कारण गतौरा रेल हादसे को बताया जा रहा है। उसके स्थान पर मुम्बई में पदस्थ उमेश कुमार को नया डीआरएम बनाया गया है। जो बिलासपुर आने के इच्छुक नहीं है। इसलिए रेलवे बोर्ड को पत्र लिखकर स्थानांतरण आदेश रद्द करने का अनुरोध किया है। हालाकि इसके लेकर अभी कोई निर्णय नहीं लिया गया है। गेवरा बिलासपुर मेमू पैसेंजर गतौरा रेलवे स्टेशन के पास मालगाड़ी से टक्करा गई थी।

इसमें बारह लोगों की मौत हुई थी। इस हादसे की जांच मुख्य संरक्षा आयुक्त बीके मिश्रा द्वारा की जा रही है। उन्होंने रेलवे जीएम को अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट सौप दी है। जिसमें हादसे के लिए रेलवे प्रशासन की लापरवाही को माना है। सीआरएस की रिपोर्ट आने के बाद बिलासपुर रेल मण्डल प्रबंधक राजमल खोईवाल सहित कुछ अधिकारियों का तबादला कर दिया गया है। इसमें खोईवाल के स्थान पर चर्चगेट, मुम्बई में सीएसई के पद पर पदस्थ उमेश कुमार को बिलासपुर रेल मण्डल का नया डीआरएम बनाकर तबादला किया गया है। कुमार बिलासपुर आना नहीं चाहते है।

इसलिए उन्होंने सचिव, रेलवे बोर्ड, नई दिल्ली को पत्र लिखकर स्थानांतरण आदेश रद्द करने का अनुरोध किया है। इसमें उन्होंने बिलासपुर डीआरएम के पद के लिए अनिच्छा व्यक्त करते हुए लिखा है कि वह उस पद पर स्थानांतरण आदेश को पूरा करने में असमर्थ हैं। इसका कारण उन्होंने बताया है कि उनका उनका बेटा वर्तमान में अपनी शिक्षा के महत्वपूर्ण चरण में है, और इस समय परिवार को स्थानांतरित करने से उसकी पढ़ाई बाधित होगी। साथ ही पत्नी कामकाजी हैं, और इस कदम से उनके शैक्षणिक और व्यक्तिगत उद्देश्यों के लिए परिवार को स्थानांतरित करने की समस्याएँ उत्पन्न होंगी। इसलिए आदेश को रद्द करने की मांग की है। हालाकि रेलवे बोर्ड ने उक्त संबंध में अभी कोई निर्णय नहीं लिया है।

मूणत के मेगा हेल्थ कैम्प में कैंसर की भी जांच होगी

रायपुर/नवप्रदेश। विधायक राजेश मूणत द्वारा आयुर्वेदिक कॉलेज परिसर में 18 दिसंबर से आयोजित मेगा हेल्थ कैम्प में कैंसर की भी निःशुल्क जांच होगी। इतना ही नहीं इसी कैम्प में स्त्रीरोग विशेषज्ञों द्वारा बांझपन की समस्या से जूझ रहे दंपतियों को भी राहत दी जाएगी। इस हेल्थ कैम्प के लिए आयोजित प्रेस वार्ता में विधायक श्री मूणत ने बताया कि शिविर का उद्घाटन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय करेंगे। इसके बाद लगातार पांच दिनों तक चलने वाले इस शिविर में दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद सहित देशभर के सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर सेवाएं देंगे, ताकि किसी भी व्यक्ति को बड़े महानगरों की यात्रा किए बिना उच्चस्तरीय परामर्श और उपचार मिल सके। इनमें मुख्य रूप से कैंसर विशेषज्ञ डॉ. प्रशांत केरकर और डॉ. आयुषी गोयल, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. मयूर जैन और डॉ. रमेश कवाड़ समेत देशभर के अनेक प्रतिष्ठित विशेषज्ञ अपनी सेवाएं देंगे। हेल्थ कैंप में विनय मित्र मंडल के माध्यम से दिव्यांगों को कृत्रिम जयपुर पैर, हाथ कटे विकलांगों को कृत्रिम हाथ बनाकर दिए जाएंगे। साथ ही श्रवण यंत्र, ट्राइसिकल, वैशाखी भी प्रदान की जाएगी। श्री मूणत ने बताया कि पिछले दो दिन के भीतर इस हेल्थ कैम्प में अपना सहयोग देने के लिए 32 अस्पतालों में और जुड़कर अब 40 से अधिक सहयोगी अस्पतालों ने अपनी सहमति दे दी है।

बाल विवाह समाप्त करना प्रशासन व आमजन दोनों की जिम्मेदारी : एक्सेस टू जस्टिस टीम

गरियाबंद/नवप्रदेश। बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथा के उन्मूलन हेतु बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत 100 दिवसीय विशेष कार्यक्रम के तहत जिला गरियाबंद में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन के अंतर्गत संचालित न्याय तक पहुंच प्रोजेक्ट में साझेदार संस्था समर्पित द्वारा गांव-गांव जाकर लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इस अभियान के दौरान स्व-सहायता

समूहों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, पंचायत सचिवों एवं मितानिनों की चल रही कार्यशालाओं में सहभागिता कर बाल विवाह न करने, न करवाने और न शामिल होने की शपथ दिलाई गई। साथ ही, बाल विवाह की सूचना तुरंत 1098, 181, 112 एवं 1800-1027-222 हेल्पलाइन नंबरों पर देने की जानकारी दी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन के ज़िला चाइल्ड राइट एसोसिएट मोहम्मद शारिब, समर्पित से सोशल वर्कर, नंदिनी एवं वेद प्रकाश का विशेष योगदान रहा।

डायवर्सन पर देय प्रीमियम की दरों का होगा पुनर्निर्धारण

डायवर्सन : प्राधिकारी की अनुज्ञा की आवश्यकता नहीं

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के नगर निगम, नगरपालिका क्षेत्र व उसकी बाह्य सीमाओं से 5 किमी के क्षेत्रों तथा नगर पंचायत क्षेत्र च उसकी बाह्य सीमाओं से 2 किमी के क्षेत्रों और ग्रामीण क्षेत्रों में अब भूमियों के व्यपवर्तन (डायवर्सन) के लिए सक्षम प्राधिकारी की अनुज्ञा की आवश्यकता नहीं होगी।

राज्य शासन के राजस्व विभाग ने छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 की उपधारा (1) के तहत इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। अधिसूचना के मुताबिक सक्षम प्राधिकारी द्वारा विहित रीति से उक्त भूमियों का पुनर्निधारण किया जाएगा। गौरतलब है कि राज्य सरकार ने जमीन व्यपवर्तन की जटिल व लंबी प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल बनाने का निर्णय लिया है।

नए नियम के तहत किसानों, भूमिस्वामियों को व्यपवर्तन के लिए एसडीएम कार्यालय के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इसके लिए एक नया पोर्टल भी तैयार किया गया है, जिसमें आवेदन से आदेश तक सब कुछ ऑनलाइन होगा। आवेदन के साथ ही भू राजस्व व प्रीमियम की निर्धारित राशि ऑनलाइन जमा करने के बाद आवेदन स्वतः ही संबंधित एसडीएम के पास पहुंच जाएगा। एसडीएम को अधिकतम पंद्रह दिनों के अंदर आदेश जारी करना होगा।

...तो 16 वें दिन स्वतः हो जाएगा डायवर्सन

अगर निर्धारित समयावधि में एसडीएम द्वारा निर्णय नहीं लिया जाता है, तो 16वें दिन स्वतः ही व्यपवर्तन (डायवर्सन) आदेश जारी हो जाएगा। राज्य सरकार गैर-कृषि भूमि के लिए भू-राजस्व तथा व्यपवर्तन (डायवर्सन) पर देय प्रीमियम की दरों का पुनर्निर्धारण भी करने जा रही है। इसके तहत भूमि के

व्यपवर्तन के लिए देय वार्षिक भू-भाटक (लीज रेंट) निर्धारण तथा भूमि के व्यपवर्तन पर देय प्रीमियम की नई दरें लागू की जाएंगी। राजस्व विभाग ने छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता (व्यपवर्तित भूमि के लिए भू-राजस्व का निर्धारण तथा पुनर्निर्धारण) नियम 2025 बनाए हैं। इसके प्रारूप की सूचना राजपत्र में प्रकाशित की गई है।

I PLUS Security System

CCTV CAMERA
SALES & SERVICE



मार्केट से प्राइस लेकर आओं और भारी डिस्काउंट पाओं

हमारे यहाँ सभी प्रकार के सीसीटीवी कैमरा, कम्प्यूटर, एलईडी टीवी, एलईडी मॉनिटर, वीडियों डोर फोन, लैपटॉप, टेलीफोन, बॉयोमेट्रिक और नेटवर्किंग कार्य किये जाते है।

हमारे यहाँ सभी प्रकार सेक्यूरिटी सिस्टम होलसेल और रिटेल पर उपलब्ध है, और यहाँ सभी प्रकार के सीसीटीवी कैमरा, टीवी, मॉनिटर रिपेयर किये जाते है।

ऑफर- 10,000 में 4 कैमरे और 15,000 में 8 कैमरे का सेटअप। पेपर कटिंग लाने पर ही मान्य होगा।

MR. KAILASH CHANDRAVANSHI (DEV)

Address - शॉप नं. 2 तिवारी कॉम्पलेक्स, टिकरापारा रायपुर, छ.ग.
Email- iplusindia11@gmail.com
MO.- +91 79743-87329

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com